राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विवि का शुभारंभ ...

रोहित शर्मा के सवाल पर अजीत अगरकर ने ... 11

वर्ष : 13 | अंक : 175 | पटना, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com




## प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं का किया शुभारंभ

# बिहार के युवाओं के भविष्य की गारंटी देने वाली योजनाएं हुई शुरू : मोदी

- लोकल प्रतिभा, लोकल कौशल को तेजी से आगे बढ़ाने में आईटीआई की बड़ी भूमिका है

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बिहार के युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है जो उनके भविष्य की गारंटी है। श्री मोदी ने शिक्षा एवं कौशल से जुड़ी 62000 करोड़ की योजनाओं का शनिवार को शुभारंभ करने के बाद कहा कि समारोह इस बात का प्रतीक है कि भारत आज कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। आज देशभर के नौजवानों को शिक्षा और कौशल विकास की दो बड़ी योजनाएं शुरू हुई हैं। जब तक हम श्रम को प्रतिष्ठा नहीं देंगे तब तक शायद वह पाना आप को कम महसूस होगा इसलिए हम श्रमयेव जयते और श्रमेव पूज्यते कहते है। उसी भाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं ताकि आईटीआई के शिक्षार्थियों में विशास पैदा हो। कौशल का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान हो। प्रधानमंत्री ने शनिवार को बिहार में कपूर्री ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम पर रखा है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं को कई योजनाएं शुरू हुई है। यहाँ जो योजनाएं शुरू हुई वह नौजवानों के बेहतर भविष्य की गारंटी है। बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण का मेगा योजना है। भारत ज्ञान और कौशल का देश है यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इससे देश के जरूरतों से जुड़ने से ताकत और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि लोकल प्रतिभा, लोकल कौशल को तेजी से आगे बढ़ाने में आईटीआई की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी आईटीआई आत्मनिर्भर भारत के वर्कशॉप है इसलिए हमारा फोकस इनकी संख्या बढ़ाने के साथ इनको अपग्रेड करने की है। बीते एक दशक में पाँच हजार आईटीआई बनाई गई। आजादी के बाद सिर्फ दस हजार आईटीआई बने जबकि हमारे कार्यकाल में पाँच हजार नए आईटीआई बनाए। उन्होंने कहा कि पीएम सेतु के माध्यम में आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। भविष्य की माँग के हिसाब से अपग्रेड होगा। उन्होंने कहा कि हमारे नौजवानों के लिए दुनिया में नए अवसर बन रहे हैं।

राजद कांग्रेस की सरकार की तुलना में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई

बिहार में दो ढाई दशक पहले शिक्षा व्यवस्था किस तरह तबाह थे और मजबूरी में बच्चों को बिहार को छोड़कर बाहर जाना पड़ता था। यही से पलायन की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाए। राजद की सरकार ने बिहार का किया हाल कर दिया था। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम एक स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाली आर्मी ने नहीं बनाया, उन्हें जनता ने बनाया। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ लोग जननायक टाइटल को भी चोरी करने में लगे हैं, बिहार के लोगों को चौकन्ना रहने की जरूरत है। यह विश्विद्यालय उनकी सोच को आगे बढ़ाने का कम करेगा। बिहार की डबल इंजन की सरकार बिहार के हर क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। राजद कांग्रेस की सरकार की तुलना में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। बीते दो दशक में बिहार सरकार ने 50 लाख युवकों को रोजगार से जोड़ा है। बिहार सरकार आने वाले पाँच साल में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस समय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उत्सव चल रहा है। बिहार के युवाओं को उनकी ज्यादातर जरूरतों पर जीएसटी कम होने की बधाई देता हूँ। आज भारत तीन बड़ी अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ रहा है। विनिर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जिससे युवाओं को रोजगार मिल रहा है। यह समय देश के युवा के लिए अवसरों से भरा पड़ा है। युवाओं की शक्ति विकसित भारत की शक्ति बनेगी।

# अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को दिया जाएगा नौकरी व रोजगार : नीतीश

### बोलें- इन सभी योजनाओं से बिहार के युवाओं को होगा काफी फायदा

प्रात : किरण



पटना। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं के शुभारंभ, उद्घाटन, शिलान्यास लोकार्पण कार्यक्रम में 1, अणे मार्ग स्थित संकल्प, पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। आज के कार्यक्रम में पुनर्निर्मित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ, वर्ग 9-10 के 25 लाख विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 450 करोड़ रुपए की छात्रवृति राशि का हस्तांतरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बिहार युवा आयोग का शुभारंभ, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों को राशि का वितरण, भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन एवं एनआईटी, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। साथ ही पीएम-उषा अभियान के तहत बिहार के चार विश्वविद्यालयों- पटना विश्वविद्यालय, पटना, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय, पटना में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं का शिलान्यास तथा नवचयनित 3942 युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार सरकार एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य के युवाओं के लिये किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज देशभर के आईटीआई टॉपर्स के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इन संस्थानों के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया है, इस अवसर पर मैं उनका स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित एवं इस कार्यक्रम में जुड़े हुए सभी लोगों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा आज युवाओं के कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण हेतु देशभर एवं बिहार के लिए 11 कार्यक्रम एवं योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। बिहार में युवा आयोग तथा जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना तथा एनआईटी, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण शामिल है। साथ ही बिहार के युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र एवं 25 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किया जा रहा है।

### सभी क्षेत्रों में तेजी से हो रहा है विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने बिहार में 19 नये केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति दी है। इन सभी योजनाओं से बिहार के युवाओं को काफी फायदा होगा। हम आपको बताना चाहते हैं कि शुरू से ही बिहार में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के लिए काम किया है। वर्ष 2015 में सात निश्चय के तहत युवाओं के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम चलाए गए जिनका अब विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया और अबतक 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार दे दिया गया है। सभी को मिलाकर 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दे दिया गया है और अब हमलोगों के द्वारा ये तय कर दिया गया है कि अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी, रोजगार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलेवाली सरकार ने कोई काम नहीं किया था। पहले बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। आगे बिहार में और ज्यादा काम होगा और देश की प्रगति में बिहार महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.0°C

न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,20,245 |
| चांदी | 1,53,000 |
| सेंसेक्स | 81,207 |
| निफ्टी | 24,894 |

## बिहार चुनाव : निर्वाचन आयोग ने 12 दलों के साथ की बैठक

- पारदर्शी प्रक्रिया और मतदाताओं के सम्मान पर जोर

प्रात : किरण



पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में बिहार के सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई है, जिसमें चुनावों पर चर्चा हुई। बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी के अलावा बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद गुंजियाल और आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनैतिक दल जनतंत्र की आधारशिला हैं। सभी दलों को पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया के हर पड़ाव पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। आयोग ने अपील की कि चुनाव के पर्व को सौहार्द से मनाएं, मतदाताओं का सम्मान करें। साथ ही, आयोग ने आह्वान किया कि चुनाव की पारदर्शिता का अनुभव करें और हर बूथ पर राजनैतिक दल अपने पोलिंग एजेंट नामित करना न भूलें। बैठक में हिस्सा लेने वाले 12 राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के अलावा जदयू, राजद, आम आदमी पार्टी, बसपा, सीपीआईएम, एनपीपी, सीपीआईएमएल, एलजेपी (रामविलास), आरएलजेपी और आरएलजेपी शामिल थे। आयोग के अनुसार, राजनैतिक दलों ने मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए एसआईआर के ऐतिहासिक, पारदर्शी और दृढ़ कदम उठाने के लिए धन्यवाद किया। सभी ने चुनावी प्रक्रिया के प्रति अपनी पूरी निष्ठा और विश्वास को दोहराया। राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्र पर 1,200 मतदाताओं की अधिकतम संख्या निर्धारित करने के लिए आयोग का धन्यवाद किया। इसके अलावा, उन्होंने बिहार के मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने की मांग की और चुनाव को कम से कम चरणों में कराने का सुझाव दिया। बैठक में चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में उठाए गए कई नए कदमों, जैसे पोस्टल वोटों की गिनती एवं फॉर्म 17सी संबंधी प्रावधानों की व्यापक सराहना की गई। सभी दलों ने चुनाव आयोग पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। इसके साथ ही, उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पूर्णतः पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग में पूरा विश्वास जताया।

### वज्रपात से 5 लोगों की मौत पर सीएम ने जताया शोक

पटना। वज्रपात से पश्चिम चम्पारण में 2, भोजपुर में 1, जहानाबाद में 1 और किशनगंज में 1 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।

## बिहार विस चुनाव : कांग्रेस ने गहलोत, बघेल व चौधरी को दी अहम ज़िम्मेदारी

प्रात : किरण



पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी तैयारियों को गति देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों और ज़िला चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। यह निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा तत्काल प्रभाव से अनुमोदित किया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल द्वारा 04 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, अधीर रंजन चौधरी को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। ये तीनों वरिष्ठ नेता बिहार में पार्टी की चुनावी रणनीति और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अतिरिक्त, कांग्रेस अध्यक्ष ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए ज़िला चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस सूची में निम्नलिखित 19 नेता शामिल हैं: अविनाश पांडे, कमलेश्वर पटेल, हरीश चौधरी, काजी निजामुद्दीन, अजय कुमार लल्लू, भक्त चरण दास, अजय राय, शुभंकर सरकार, सतेज बंटी पाटिल, ईशा खान चौधरी, तनुज पुनिया, प्रदीप जैन आदित्य, अनिल चौधरी, अभिषेक दत्त, रामकिशन ओझा, सत्यनारायण पटेल, चेतन चौहान, बी वी श्रीनिवास, डॉ. विक्रांत भूरिया ये ज़िला पर्यवेक्षक जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे और पार्टी संगठन को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। यह नियुक्ति कांग्रेस की चुनावी रणनीति को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### 4000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित

पटना। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रम संसाधन विभाग द्वारा चयनित कुल 4000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र का वितरण बिहार सरकार के उस महत्त्वाकांक्षी संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्रम संसाधन विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण राज्य सरकार की रोजगार नीति का ठोस उदाहरण है। अगले पांच वर्षों में नौकरी और रोजगार के अवसर तलाशने और नीति निर्माण के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह कदम बिहार को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका लाभ सीधे राज्य की युवा आबादी को मिलेगा।

**सौगात** मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिले को दी 13 हजार करोड़ रुपये की सौगात

# बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का मिल रहा है भरपूर सहयोग

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले के जमालपुर स्थित जेएसए ग्राउंड से करीब 13 हजार करोड़ रुपये लागत की 15 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वर्ष 2024 के केंद्रीय बजट में बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। वर्ष 2025 के केंद्रीय बजट में भी बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय स्तर के खाद्य प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना एवं पटना आईआईटी के विस्तार की घोषणा की गयी। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2018 से देश के कुछ राज्यों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के आयोजन का जिम्मा बिहार को मिला, जो बिहारवासियों के लिए गौरव की बात है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का कई बार बिहार आगमन हुआ है तथा उन्होंने विकास के कई कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। इन सबके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं और उनको धन्यवाद देता हूं। आज भी उनकी मीटिंग थी। 24 नवंबर 2005 से हमलोग बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। पार्टी के कुछ लोगों की गड़बड़ी के कारण हम दो बार इधर से उधर चले गए लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हमलोग एक साथ मिलजुल कर बिहार को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005-06 में जब हमलोगों की सरकार बनी तो उस समय बिहार का बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपये ही था जिसे अगले वित्तीय वर्ष 2006-07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह बढ़ते-बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में हमने कुछ नये कदम उठाये हैं जिससे सभी लोगों को काफी फायदा मिलेगा। गांवों में शादी समारोह आयोजित करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक पंचायत में विवाह भवन का निर्माण करायेगी। इन पर 4 हजार 26 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जायेगी। जीविका दीदियों को बैंकों से मिलने वाली ऋण के ब्याज को 10 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि जीविका के सभी कर्मियों को मिलने वाली राशि को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। दीदी की रसोई में भोजन की कीमत को 40 रुपये से घटाकर 20 रुपये कर दिया गया है। हमलोगों ने पंचायत के सभी प्रतिनिधियों, आशा कर्मी, रसोईया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका, कृषि सलाहकार आदि के मानदेय में भी बढ़ोतरी की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में हर इच्छुक परिवारों के घर बिजली पहुंचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही अनुदानित दर पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हमलोग अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया गया है। हम आप सभी से कहेंगे कि आप अपने घरों के छत पर सौर ऊर्जा लगाएं, इससे काफी फायदा होगा। राज्य सरकार इस काम में आपकी मदद करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद रविशंकर प्रसाद ने किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

फतुहा। शनिवार को प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद रविशंकर प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद ने 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व प्रत्याशी सत्येन्द्र सिंह ने फीता काटकर कार्यालय का औपचारिक शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष विनोद शर्मा और उपाध्यक्ष रंधीर यादव ने कहा कि वे सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रजनीश कुमार, बीडीओ प्रमोद कुमार, लोजपा (रा) जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, विजय वत्स, राजू कुमार, मुन्ना यादव, रंधीर कुमार, दुनदुन ठाकुर, श्याम सुंदर केशरी, सुरज कुमार, अनामिका अग्रवाल, अभिषेक झा, प्रकाश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मित्र के साथ सायकिल लेकर निकला युवक दो दिन बाद भी सुराग नहीं मिला

दानापुर रूपसपुर नगर के अंतर्गत अपने मित्र के साथ घर सायकिल लेकर निकला किशोर प्रशांत कुमार का दो दिन बाद भी सुराग नहीं मिला।। परेशान परिजन रूपसपुर थाने में लिखित शिकायत की। पुलिस ने उसके साथ गये मित्र व उसके परिजन से पुछताछ की। जिसमें गंगा में डूबने की बात बतायी गयी है। दोस्त के बदलते ब्यान से परिजन के साथ पुलिस परेशान है। पुलिस उससे मिली जानकारी के आधार पर दीघा घाट पर भी पहुंची पर कुछ नही पता नही चल सका। उधर अपने इकलौते पुत्र के लापता होने से मां जुली देवी का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि नालंदा के मुल निवासी प्रमोद कुमार रूपसपुर के विजयनगर में रहते है। विगत 2 अक्टूबर को प्रमोद का पुत्र प्रशांत कुमार अपने मित्र जगदेवपथ निवासी अनमोल कुमार के बुलाने पर कलश विसर्जन करने निकला। उसके बाद से वो लापता है। जिसको लेकर परिजन खोजबीन करते हुए उसके मित्र अनमोल से पुछताछ कर स्थानीय थाना में शिकायत की। परिजन ने बताया कि प्रशांत इकलौता लड़का था। उसे अनमोल लेकर गया। अनमोल ने बताया कि वो दीघा घाट पर गंगा में स्नान करने के दौरान डूब गया। पर न तो उसका सायकिल मिला और ना कपड़ा और चप्पल। परिजन ने बताया कि अभिनव बार बार अलग अलग बात कह रहा है। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि प्रशांत के दोस्त अनमोल से पुछताछ कर दीघा घाट पर खोजबीन किया गया। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खगौल दीघा नहर रोड स्थित रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन से उतारी गयी, अंग्रेजी शराब व बियर देर रात बरामद किया। पुलिस ने 92 बोतल बियर एवं 37 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने चार लोगो को गिरफ्तार किया। बताया जाता रहा है कि किसी ट्रेन से शराब उतारा गया था। जिसे वहां से लेकर लोग जा रहे थे। जिसकी सूचना पर रूपसपुर पुलिस पहुंची। पुलिस को देख कुछ लोग भाग निकले। पुलिस ने शराब के निकट ही बैठे नालंदा के सकसौड़ा निवासी शिव राज कुमार, गाजियाबाद शालिमार गार्डेन निवासी आकाश अहिरवार, गोलारोड निवासी गौरव कुमार व रूपसपुर के चुल्हाईचक निवासी आकाश कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि 37 बोतल अंग्रेजी शराब व 92 बोतल बियर के साथ चार लोगो को गिरफ्तार किया गया। सभी को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### जलजमाव की समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ी

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत बारिश के कारण शहरी व ग्रामीण इलाके में लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ इलाके में जल जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गया। जिसको लेकर नगर परिषद द्वारा उन इलाको में पंप लगाकर पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है। तेज बारिश के कारण जरूरी कार्यवश ही लोग घर से निकले। डियूटी जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। रूक रूक कर हो रही बारिश से लोग परेशान रहे। गांधी रूकूल रोड, मुस्तफापुर आदि इलाके में जल जमाव का नजारा दिखा। धीरे धीरे पानी की निकासी होती रही। घंटो लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि भारी बारिश के कारण कुछ जगहों पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हुआ। जिसे निकालने को लेकर पंप लगाया गया है।

# मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना बिहारी छात्रों के लिए वरदान

## पढ़ाई के बाद रोजगार तलाशने वाले छात्रों को अधिकतम दो वर्ष तक एक हजार की सहायता

● मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अगले वित्तीय वर्ष के लिए विस्तारित




प्रात : किरण, संवाददाता

पटना । सुशासन के कार्यक्रम 2015-20 एवं राज्य सरकार के 7 निश्चय में से एक आर्थिक हल, यवाओं को बल के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इस योजना का शुभारंभ 02.10.2016 से किया गया। इस योजना के तहत बिहार राज्य के 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवक/युवतियाँ, जो आगे की पढ़ाई नहीं किए हों और ना ही कर रहें हों, को रोजगार तलाशने के दौरान सहायता के तौर पर प्रत्येक माह 1,000/- (एक हजार) रुपए की दर से स्वयं सहायता भत्ता अधिकतम 2 वर्षों तक दिया जाता है। राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-2 कार्यक्रम में भी इस योजना को जारी रखते हुए वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक विस्तारित किया गया है। राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत पूर्व से संचालित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों के शैक्षणिक योग्यता में स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण को भी शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया हैं। अब उक्त योजना के तहत 20-25 वर्ष के आयु वर्ग में आने वाले वैसे युवक/युवतियों जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों /संस्थानों से स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण हों, एवं स्वरोजगार/सरकारी /निजी/ गैर सरकारी नियोजन (अनुबंध/स्थायी/अस्थायी रूप से) प्राप्त नहीं किये हैं, कहीं अध्ययनरत नहीं हैं तथा रोजगार की तलाश कर रहे हैं, को भी 1,000/- (एक हजार) रुपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम 02 वर्षों तक इस योजना का लाभ दिया जाना है । इस योजना के तहत स्नातक उत्तीर्ण युवक/युवतियों जो स्वयं सहायता भत्ता की राशि प्राप्त करेंगे उनको रोजगार/स्वरोजगार के लिए क्षमतावर्धन हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष पाँच लाख लाभाथीर्यों को स्वयं सहायता भत्ता का लाभ देने का लक्ष्य है, जिसपर कुल अनुमानित व्यय 600.00 (छः सौ) करोड़ रुपए प्रतिवर्ष है। इस योजना अन्तर्गत निहित प्रावधानों से राज्य के स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण पात्र युवक/युवतियों को अवगत कराने के लिए निर्गत संकल्प/पत्र की प्रति राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला योजना पदाधिकारी/सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी को भेजा जा चुका है। योजना एवं विकास विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि यह योजना बिहार के छात्रों के लिए वरदान है । इस योजना के लिए निर्गत संकल्प की प्रति राज्य के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को भी आवश्यक कार्यार्थ भेजा जा चुका है। योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार ने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवक/युवतियाँ अपने संबंधित जिला के जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र से सम्पर्क स्थापित कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस योजना के लिए विकसित पर आवेदन भी कर सकते है। आवेदकों की सुविधा तथा समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु राज्य स्तर पर युवा निश्चय सुविधा केन्द्र (कॉल सेंटर) के' 1800-3456-4444 पर संपर्क करे ।

# 5 अक्टूबर को राज्यपाल करेंगे अत्याधुनिक LINAC मशीन का उद्घाटन




प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करते हुए अब दूसरी छक्ठअउ मशीन स्थापित की जा रही है। इस उन्नत तकनीक का उद्घाटन आगामी 5 अक्टूबर (रविवार) को बिहार के राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खां करेंगे। इस अवसर पर पारस हेल्थ केयर के प्रबंध निदेशक डॉ. धर्मिंदर नागर भी उपस्थित रहेंगे। इस बात की जानकारी हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दीं। उन्होंने आगे बताया कि ह्लपारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में अब दो अत्याधुनिक छक्ठअउ मशीनें उपलब्ध होगी। कैंसर उपचार के क्षेत्र में यह पटना और आसपास के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन मशीनों के जरिए मरीजों को और भी तेज, सुरक्षित और सटीक इलाज मिल सकेगा। इसके साथ ही, अस्पताल में ढएळ-उळ जैसी आधुनिक तकनीक और 50 अतिरिक्त मॉड्यूलर बेड्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं यहीं पटना में मिलेंगी। इस अवसर पर डायरेक्टर जेनेरल एंव लैप्रोस्कोपिक सर्जरी डॉ. अहमद अब्दुल हई ने मीडिया को मशीन की विशेषताओं और इसके लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छक्ठअउ मशीन कैंसर के इलाज में बहुत उपयोगी है। यह मशीन बेहद सटीकता के साथ रेडिएशन थेरेपी और ट्यूमर को निशाना बनाने में सक्षम है। इसके जरिए मरीजों को कम दुष्प्रभाव के साथ उच्च स्तरीय उपचार मिलेगा। छक्ठअउ मशीन की मदद से इलाज की अवधि घटेगी और परिणाम अधिक प्रभावी होंगे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. शेखर केशरी ने बताया कि इस तकनीक की उपलब्धता से बिहार और आसपास के राज्यों के मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और उन्हें विश्वस्तरीय उपचार यहीं पर उपलब्ध होगा। इस मौके पर डॉ. चिन्मय बिसवाल ने भी अपने विचार साझा किए। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं और अब यहां 50 बिस्तरों को और बढ़ाया गया है साथ ही 2 छक्ठअउ मशीन एंव की सुविधा भी उपलब्ध है।

# शोषित वंचित लोगों को अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता : डॉ. अरविन्द राजभर



प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन श्री कृष्ण चेतना परिषद् हॉल, दारोगा राय पथ शनिवार को सम्पन्न हुआ। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार डा अरविन्द राजभर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वही कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव शशि भूषण प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगो ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं पार्टी की विचारधारा से सहमत होकर पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूरे बिहार से पार्टी के पदाधिकारी एवं महिला पदाधिकारियों की संख्या काफी अधिक रही। सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ अरविन्द राजभर ने कहा कि 2025 बिहार विधान सभा में जाने से कोई रोक नहीं सकता है। क्योंकि बिहार में मजबूती के साथ शशि भूषण प्रसाद पार्टी के साथ जुड़ गये हैं, जो काफी उजार्वान है एवं पार्टी को आगे ले जाने के लिए कृतसंकलप है। आप सभी थोड़ा धैर्य रखें, हम लगे हुए है कि किसी भी कीमत पर इस बार बिहार विधान सभा में विधायक बनाकर ही दम लूँगा। इसके लिए हमे जो भी कुछ करना होगा, हम करेंगे। बिहार में शोषित वंचित लोगों को उनका अधिकार दिलाना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। इस बार पार्टी एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लडेगी। अपने वोट को संभालकर रखें। किसी के बहकावे में नहीं आएं। वही शशि भूषण प्रसाद ने पार्टी के हस्ताक्षर अभियान को एक सराहनिय कदम बताया और कहा कि ये सबसे अच्छा तरीका है वोटर के पास पहुँचने का। कहा कि युवा शक्ति को आगे आना होगा, तभी जाकर बिहार आगे बढ़ेगा। यहाँ के कार्यकताओं में बहुत ही जोश है। जिस वजह से पार्टी को सत्ता में जाने से कोई नहीं रोक सकता है। बिहार में पार्टी बहुत तेजी से विस्तार कर रहा है। कार्यक्रम को दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सह बिहार कोर्डिनेटर रितेश राम, बिहार प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण राजभर, बिहार महिला मंच अध्यक्षा अंजली राजभर के अलावा विभिन्न जिलों से आये कार्यकताओं में डा. धन्नजय राजवंशी, गुडडु राजवंशी, राजु राजवंशी, भोला राजभर, सुरेन्द्र राम सरपंच, आमोद यादव, अवधेश शर्मा, सभी ने भी अपने विचार को रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण राजभर ने किया। वहीं मंच का संचालन पार्टी के प्रमुख महासचिव कुमार संतोष श्रीवास्तव एवं संजय कुशवाहा ने किया।

# रामलीला महोत्सव-2025 में कलाकार देवराज मुन्ना उर्फ मुन्ना पंडित हुए सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता




पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में इस वर्ष दशहरा पर्व के अवसर पर श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट पटना एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग (बिहार सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव- 2025 का समापन अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सांस्कृतिक समृद्धि और भारतीय परंपरा के उत्सव का एक जीवंत उदाहरण भी बना। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार, चेयरमैन कमल नोपानी, संयोजक मुकेश नंदन, महासचिव आर.सी. मल्होत्रा, उपाध्यक्ष सुषमा साहू, सुजय सौरभ, राजेश बजाज, प्रिंस राजू, आशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. धनंजय कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। महोत्सव की शुरूआत 24 सितंबर 2025 को सायं 4:30 बजे से हुई। इस दिन धार्मिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे मैदान को भक्ति रस में डुबो दिया। पहली प्रस्तुति श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, इसके बाद सजा दो घर को गुलशन सा मेरे श्रीराम आये हैंह्व और लाले रंग सेनुरा वा लाले रंग चुनरिया जैसे भजन प्रस्तुत किए गए। कलाकारों की सुरमयी आवाज और मंच पर भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे चरण में, 30 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में कलाकार देवराज मुन्ना उर्फ मुन्ना पंडित ने भक्ति गानों से भक्तिमय वातावरण अपने चरम पर पहुंच दिया। तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये, धरती गगन में होती है तेरी जय जय कार मईया, और ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया जैसे गीतों पर दर्शकों ने झूमकर तालियां बजाईं। इसके बाद साथी हमारा कौन बनेगा कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने 1 घंटे तक लगातार भक्ति और लोकसंगीत की प्रस्तुतियाँ दीं। 3 अक्टूबर को रामलीला के समापन दिवस पर आयोजित भारत मिलाप एवं सम्मान समारोह में मंच पर धार्मिक वातावरण चरम पर था। इस अवसर पर सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र, पदक और रामायण पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उपमहापौर रश्मि चंद्रवंशी और राजेश बजाज को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली में अन्य कलाकारों में कलाकार देवराज मुन्ना उर्फ मुन्ना पंडित भी शामिल थे। यह महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि बिहार की कला, संस्कृति और संगीत का जीवंत संगम बन गया। रामायण के आदर्शों को मंच पर उतारते हुए कलाकारों ने समाज को सत्य, प्रेम, और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने सभी कलाकारों, सहयोगियों और उपस्थित जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला केवल एक नाट्य नहीं, बल्कि हमारे जीवन का धर्म और संस्कृति से जुड़ा उत्सव है। गांधी मैदान में गूंजते जय श्रीराम के नारे और भक्तिरस में डूबे गीतों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। श्री रामलीला महोत्सव-2025 आने वाले वर्षों में भी इसी भव्यता के साथ पटना की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर संपन्न हुआ।

# दानापुर मंडल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर कचरा प्रबंधन एवं उसके निपटान के लिए चला विशेष अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। स्वच्छता पखवाड़ा -2025, 01अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा - 2025 भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान 2025 के तहत एक विशेष पहल है, जो स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक भागीदारी और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। यह पखवाड़ा हर साल अन्य संस्थाओं के साथ-साथ भारतीय रेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में पूरे भारतीय रेल में भी 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इसके साथ ही कार्यालयों , स्टेशनों एवं प्रशासनिक भवनों में साफ सफाई, कचरा प्रबंधन एवं वेस्ट मटेरियल के डिस्पोजल एवं वेस्ट टू आर्ट के अंतर्गत वेस्ट मटेरियल को किसी क्रिएटिव आइटम में कन्वर्ट किए जाने के लिए ही 31 अक्टूबर 2025 तक एक विशेष अभियान 5.0 भी चलाया जा रहा है। इन दोनों अभियान को साथ में लेकर चलते हुए आज दिनांक 04.10.25 को दानापुर मंडल के मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पटना साहिब, पाटलिपुत्र जंक्शन, राजेंद्रनगर टर्मिनल, बक्सर, आरा इत्यादि स्टेशनों पर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियाँ जैसे, स्टेशन परिसर तथा कार्यालयों की मशीनों के द्वारा सघन सफाई, स्टेशन पर लगे प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों का संचालन सुनिश्चित करना, सूखा कचरा एवं गिला कचरा हेतु स्टेशनों पर डस्टबिन की सफाई एवं उपलब्धता, स्टेशन बिल्डिंग के छतों पर लगे सोलर पैनलों की सफाई, स्टेशन पर पानी के निकास हेतु उपलब्ध नाले की सफाई कराई गई। इसके साथ ही आमजनों तथा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु प्रभात फेरी आयोजित की गई। स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को एक जीवन शैली के रूप में अपनाना और भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाना है।

# अमित शाह ने रोहतक में खादी कारीगर महोत्सव में कारीगरों को 2298 मशीन और टूलकिट का किया वितरण



प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन माध्यम से खादी जगत के लिए 33.66 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। ऑनलाइन माध्यम से 301 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी और 741.16 करोड़ रुपये की लागत से शुरू 8310 नई पीएमईजीपी इकाइयों का शुभारंभ किया गया। अमित शाह ने देशवासियों से अपील की कि हर परिवार सालाना 5000 रुपये की खादी खरीदे, जिसका लाभ सीधे कारीगरों को मिलेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (टऊव) परिसर में आयोजित ह्यखादी कारीगर महोत्सवह्न में मुख्य अतिथि के रूप में खादी कारीगरों को मशीन और टूलकिट्स का वितरण, ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत लाभार्थियों को मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण, नयी इकाइयों का शुभारंभ तथा देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ' नायब सैनी, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा योजना मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह तथा सहकारिता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और खादी पगड़ी के लोकार्पण से हुई। इसके उपरांत खादी पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। श्री अमित शाह ने इस अवसर पर हरियाणा के कारीगरों को 2298 मशीनें एवं टूलकिट्स (जिनमें विद्युत चालित चाक, चरखा, सिलाई मशीन, अगरबत्ती मशीन, लेदर रिपेयरिंग टूलकिट, मोबाइल एवं एसी रिपेयरिंग टूलकिट आदि शामिल हैं) वितरित किए। साथ ही गृहमंत्री के द्वारा खादी के पांच वरिष्ठ कारीगरों का सम्मान भी किया गया। वर्चुअल माध्यम से गृह मंत्री ने 33.66 करोड़ रुपये की लागत से देशभर में केवीआईसी की कई परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास तथा शुभारंभ किया, जिनमें शामिल हैं- नई दिल्ली, कनॉट प्लेस स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग भवन के खादी मॉल के रूप में नवीनीकरण का शुभारंभ। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित केवीआईसी के मंडलीय कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन। खादी कारीगरों के लिए 762 नवनिर्मित वर्कशेड का उद्घाटन। देशभर में 35 नवीनीकृत सेल्स आउटलेट का शुभारंभ। महाराष्ट्र के वर्धा में ऑर्गेनिक कॉटन सेंट्रल पूनी प्लांट का उद्घाटन। इसके अलावा, पीएमईजीपी के अंतर्गत 301 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण. 741.16 करोड़ रुपये से शुरू हो रही 8310 नई पीएमईजीपी इकाइयों का शुभारंभ। इस अवसर पर अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान खादी को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनाया। लेकिन कांग्रेस सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते और प्रधानमंत्री बनने के बाद खादी को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 33,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,70,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि देश की ढेर सारी कंपनियों का टर्नओवर 1,70,000 करोड़ नहीं है, जिसका है भी तो उसका लाभ कुछ लोगों के घर में जाता है। खादी के 1,70,000 करोड़ रुपए टर्नओवर से आया हुआ एक-एक मुनाफा बुनकर और देश की बहनों को रोजगार देने में काम में आता है।

# बिहार सरकार ने अधिवक्ताओं को दिया तोफा : डॉ आनन्द कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। प्रदेश अध्यक्ष, जनता दल (यू) विधि प्रकोष्ठ, डॉ॰ आनन्द कुमार ने जनता दल कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में अक्सर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाती रही है। लेकिन अधिवक्ताओं की दशा और दिशा को लेकर लंबे समय से आवाज उठती रही थी। अधिवक्ता केवल न्यायपालिका का आधार ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के चार स्तंभों को मजबूती देने वाले प्रहरी भी हैं। ऐसे में बिहार सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की मांगों को मानते हुए ऐतिहासिक निर्णय लेना, निश्चित रूप से स्वागतयोग्य और सराहनीय है। प्रदेश अध्यक्ष, जनता दल (यू) विधि प्रकोष्ठ, डॉ॰ आनन्द कुमार ने यह भी बताया कि प्रदेश विकास के लिए और उनके सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सरकार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिवक्ताओं के हित में जो निर्णय लिए हैं, वे न केवल उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की ओर कदम हैं बल्कि न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने में भी सहायक होंगे। इन फैसलों में उन्होंने ने अधिवक्ता बनने के शुरूआती दौर में आर्थिक संघर्ष सर्वाधिक कठिन होता है इसे ध्यान में रखते हुए तीन वर्ष तक हर माह 5,000 की स्टाईपेंड/सहायता राशि देने की घोषणा की है। यह हजारों युवा अधिवक्ताओं के लिए राहत की सांस है। यह कदम युवा वकीलों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और उन्हें अपने पेशे में टिके रहने की प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में न्यायिक शोध के लिए ऑनलाइन संसाधन अत्यंत आवश्यक हैं। प्रत्येक जिला अधिवक्ता संघ को ई-लाइब्रेरी के लिए 5 लाख तक की सहायता राशि उपलब्ध कराना एक दूरदर्शी कदम है। इससे अधिवक्ता आधुनिक कानूनी जानकारी से लैस होंगे और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। डॉ॰ आनन्द कुमार ने बताया कि अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को अतिरिक्त 30 करोड़ का अनुदान देने का निर्णय अधिवक्ताओं के सामाजिक और आर्थिक संरक्षण के लिए ऐतिहासिक है। यह निधि अधिवक्ताओं के संकट काल में सहायता का बड़ा आधार बनेगी। उन्होंने बताया कि किसी अधिवक्ता की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को बड़ी मुश्त राशि अधिवक्ता कल्याण ट्रस्टी कमिटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल मृतक अधिवक्ता के परिजनों को असहाय स्थिति से उबारने में मददगार साबित होगी। डॉ॰ आनन्द कुमार ने बताया कि महिला अधिवक्ताओं की गरिमा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा लैंगिक समानता की दिशा में अहम कदम है। बिहार प्रदेश जदयू विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ॰ आनन्द कुमार ने इन ऐतिहासिक घोषणाओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, एमएलसी संजय गांधी, महाधिवक्ता पी॰ के॰ शाही सहित पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। संवाददाता सम्मेलन का शुरूआत जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए किया। बिहार प्रदेश जदयू विधि प्रकोष्ठ ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को बार-बार सरकार तक पहुँचाने का कार्य किया।

# भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था में सिविल डिफेंस की रही अहम भूमिका

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। शारदीय नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर राजधानी पटना में सिविल डिफेंस के जवानों ने एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। गांधी मैदान में आयोजित राजकीय रावण वध समारोह से लेकर गंगा घाटों पर हुए प्रतिमा विसर्जन तक, सिविल डिफेंस के सैकड़ों वार्डन भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में लगातार सक्रिय रहे। जिलाधिकारी सह सिविल डिफेंस नियंत्रक त्याग राजन के निर्देश पर गांधी मैदान में लगभग 50 जवानों को तथा विभिन्न गंगा घाटों पर 100 से अधिक वार्डनों को तैनात किया गया था। उनका प्रमुख उद्देश्य था, भीड़ में अफरा-तफरी की स्थिति न उत्पन्न हो, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और विसर्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो। गांधी मैदान में आयोजित राजकीय रावण वध कार्यक्रम में सिविल डिफेंस की जिम्मेदारी चीफ वार्डन विजय कुमार सिंह एलिस और ग्रुप लीडर श्यामनाथ सिंह के नेतृत्व में निभाई गई। इनके सहयोग के लिए वार्डन कुंदन कुमार को डिप्टी ग्रुप लीडर के रूप में नियुक्त किया गया था। मैदान में लाखों की भीड़ के बीच इन वार्डनों ने सुरक्षा घेरे को व्यवस्थित रखते हुए लोगों को निर्धारित मार्गों से प्रवेश और निकास सुनिश्चित कराया। वहीं, गंगा घाटों पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी सिविल डिफेंस के जवानों ने पुलिस और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अद्भुत टीमवर्क दिखाया। पटना सिटी के गायघाट पर डिवीजनल वार्डन सरदार मनोहर सिंह को प्रभारी बनाया गया था, जबकि वार्डन हरेंद्र नाथ वहां विसर्जन की प्रक्रिया को नियंत्रित करते नजर आए। सैकड़ों प्रतिमाओं के शांतिपूर्ण विसर्जन में इनकी भूमिका सराहनीय रही। सिविल डिफेंस के अन्य वार्डनों जैसे अंशु देवी, रश्मि पांडे, विकास कुमार सिंह, अमन कुमार, प्रवीण प्रीतम, प्रकाश कुमार, राज किशोर सिंह, राजकुमार, द्वारिका प्रसाद, डॉ. राजीव गंगोल, श्याम नंदन चौरसिया, सुदय रंजन, गणेश कुमार और संजय पासवान ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई। उन्होंने न केवल भीड़ नियंत्रण किया बल्कि घाटों पर आपदा प्रबंधन, डूबने से बचाव और श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

केन्द्रीय कृषि एव किसान कल्याण मंत्री ने किया मखाना महोत्सव 2025 का उद्घाटन

# मखाना के विकास के लिए खेत से बाजार तक सहायता करेगी सरकार : शिवराज

## केन्द्रीय मंत्री बोलें- बिहार की धरती अद्भूत है, मखाना किसानों के लिए वरदान है

■ मखाना के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भी की जायेगी

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। कृषि विभाग उद्यान निदेशालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय मखाना महोत्सव 2025 का उद्घाटन केन्द्रीय कृषि एव किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने बताया कि बिहार की धरती अद्भुत है एवं यहाँ से उपजे मखाना, किसानों के लिए वरदान एवं अनमोल रत्न है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत सरकार राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की स्थापना कर चुकी है, जिसके कार्यकलाप का निर्धारण बिहार के किसानों के सुझाव के आलोक में किया जाएगा ताकि मखाना को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय थाली में सम्मानजनक स्थान दिलाया जा सकेगा। कृषकों को मखाना की खेती में अधिक उत्पादकता एवं कम लागत हेतु राष्ट्रीय मखाना बोर्ड तकनीकी संस्थानों के माध्यम से सुगम यात्रीकरण को बढ़ावा देगी। मखाना के विकास के लिए अनुसंधान एवं शोध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कृषक उत्पादक संगठनों को और प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि निर्यात को बल मिल सके। मखाना के विकास के लिए खेत से बाजार तक, सरकार हर तरह से सहायता करेगी। उन्होंने बताया कि मखाना बीज उत्पादन, नये तालाब में मखाना की खेती, कृषक उत्पादक संगठन द्वारा सामूहिक विपणन, प्रसंस्करण आदि के लिए भारत सरकार कृषकों को अधिक-से-अधिक सहायता प्रदान करेगी।



**उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान सम्मानित:** इस आयोजन में मखाना के उत्पादन एवं प्रसंस्करण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों एवं एफपीओ को सम्मानित किया गया, जिनमें कोमल प्रिया पूर्णिया, बबीता देवी पूर्णिया, महेश मुखिया दरभंगा, अमरजीत कुमार सहनी दरभंगा, अतुल्य मखाना फेड प्रोड्यूसर कम्पनी लि कटिहार, नूतन देव, अररिया, रविशंकर कुमार अररिया, विजेन्द्र मुखिया मधेपुरा, अमित कुमार सुपौल एवं छमेश्वर प्रसाद मंडल किशनगंज, शामिल हैं। उद्घाटन सत्र में मखाना के उद्यमियों को मखाना प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा ऋण का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। चेक प्राप्त करने वालो में दिलीप कुमार 90 लाख रुपए, अविनाश ट्रेडर्स 20 लाख रुपए)तथा धाँधखोरा कृषि प्रगति ध्ध्व 9.95 लाख रुपए शामिल हैं। साथ ही 90 से अधिक किसानों को मखाना उत्पादन में सहयोग हेतु दो करोड़ तैंतीस लाख अड़तालीस हजार रुपए का ऋण भी प्रदान किया गया है।

तकनीकी सत्र सांस्कृतिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक आयोजन-मखाना रसोई संग्राम- खेत से प्लेट तक, प्रदर्शनी और स्टॉल, क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आदि उक्त मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि के कुलपति डा पी एस पाण्डेय, बिहार कृषि विवि के कुलपति डॉ डी आर सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय बागवानी आयुक्त डॉ प्रभात कुमार, एपीडा के सचिव डॉ सुधांशु, अभिषेक कुमार, निदेशक उद्यान, बिहार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन से किसान होंगे लाभान्वित : विजय

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री, विजय कुमार सिन्हा ने केन्द्रीय मंत्री सहित मंचासीन गणमान्य अतिथियों एवं किसान भाई-बहनों, उद्योग प्रतिनिधियों, शोधकर्ताओं, नीति निमाताओं का अभिनन्दन करते हुए बताया कि आज के इस आयोजन का हिस्सा बनकर मखाना उद्योग के भविष्य को एक नयी दिशा देने में बहुत बड़ा सहयोग प्रदान किया है। मखाना केवल एक फल नहीं है, बल्कि यह बिहार की विरासत एवं किसानों की समृद्धि का प्रतीक है। आज शोध संस्थानों एवं सरकार की योजनाओं के सफल कार्यान्वयन का प्रतिफल है कि बिहार में मखाना का आच्छादन और उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन से किसानों को अधिक-से-अधिक सुविधाएँ, प्रशिक्षण, निर्यात में सहूलियत एवं आर्थिक लाभ मिलेगा, ताकि बिहार सरकार का ध्येय गुणवत्तापूर्ण वैश्विक स्तर का मखाना राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुँच सकेगा। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि मखाना बिहार की संस्कृति और विरासत का अभिन्न हिस्सा है तथा मिथिलांचल और कोशी क्षेत्र की जीवनरेखा है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में अनुसंधान, नई तकनीकों के प्रयोग तथा विभागीय सहयोग से किसानों, उत्पादकों और प्रोसेसर को लगातार समर्थन दिया जा रहा है

# सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध : हंसराज

■ बिहार में पिछड़े वर्गों के सामाजिक न्याय को लेकर आयोग की जनसुनवाई



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में पटना के स्टेट गेस्ट हाउस में बिहार राज्य की विभिन्न जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल करने संबंधी जनसुनवाई आयोजित की गई। आज की जनसुनवाई में आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार राज्य की बाथम वैश्य, विवाहुत कलवार, छिपी, दोनवार, गोसाई, लक्ष्मी नारायण गोला, सैंथवार, मोदक मायरा, सामरी वैश्य, सूत्रधार, गोढ़ी (छाबी), परथा और सुरजापुरी मुस्लिम सहित कुल 18 जातियों/उपजातियों को केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न समुदायों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपनी बात रखी और इन जातियों को केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने का पुरजोर समर्थन किया। यह आयोग और बिहार सरकार के बीच आयोजित चौथी महत्वपूर्ण बैठक रही, जिसमें राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बिहार सरकार के अधिकारियों से इन जातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन के समसामयिक आंकड़े प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने यह निर्णय लिया है कि आगामी नवंबर महीने के प्रथम सप्ताह में इन जातियों के संबंध में अगली जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर मिलना चाहिए। केंद्र सरकार ने हमेशा पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आयोग की यह पहल प्रधानमंत्री मोदी जी की ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व की भावना को और सशक्त करेगी।

## मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, विपक्ष को उसका सम्मान करना चाहिए : नितिन

पटना। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर विधानसभा से विधायक नितिन नवीन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा आये दिन मीडिया पर की जा रही टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया को हमेशा से चौथा स्तंभ माना गया है और मीडिया ने हर समय सच को सामने लाने का कार्य किया है, चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो। नितिन नवीन जी ने कहा कि मीडिया कभी भ्रामक नहीं बल्कि तथ्य आधारित खबरें जनता तक पहुँचाने का कार्य करती है। लेकिन विपक्षी नेता कभी मीडिया को अपशब्द कहते हैं तो कभी उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश करते हैं, जो लोकतंत्र की गरिमा के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वोट बैंक और जातिवाद की राजनीति पर प्रहार करते हुए मंत्री नितिन नवीन जी ने कहा कि विपक्षी दल लंबे समय से जातिवाद की राजनीति करते आ रहे हैं। जबकि एनडीए सरकार ने बिहार में सभी वर्गों, जातियों और धर्मों को साथ लेकर विकास का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ह्लजब बिहार जातिवाद से ऊपर उठने का समय था, उस समय नेता प्रतिपक्ष केवल अपने परिवार के इर्द-गिर्द सीमित थे। और आज जब बिहार विकास और प्रगति की राह पर है तो वे फिर से जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति में उलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता अब समझ चुकी है कि कौन उनकी बेहतरी के लिए काम कर रहा है और कौन सिर्फ अफवाह फैलाने और समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

# मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का टेंडर जारी 11 माह में होगा निर्माण : सम्राट

■ क्षेत्रीय संपर्क, निवेश और रोजगार को नई दिशा देगा यह परियोजना



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुजफ्फरपुर हवाई अड्डे के विकास और उन्नयन की एक महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के तहत मौजूदा हवाई अड्डे को कोड-2इ श्रेणी के विमानों के संचालन योग्य बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्री-फैब स्टील संरचना आधारित टर्मिनल भवन, प्री-इंजीनियर्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर, प्री-इंजीनियर्ड अग्निशमन केंद्र तथा अन्य सहायक भवन और सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

यह संपूर्ण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन मोड पर संपन्न किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 28.58 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य की अवधि 11 माह तय की गई है, एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस परियोजना के लिए ऑनलाइन ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। श्री चौधरी ने कहा- मुजफ्फरपुर हवाई अड्डे का उन्नयन उत्तर बिहार में हवाई सेवा का विस्तार है। इससे क्षेत्रीय संपर्क, निवेश और पर्यटन को नई गति मिलेगी। साथ ही उत्तर बिहार के लोगों को आधुनिक और बेहतर हवाई सेवा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह कदम बिहार को विमानन क्षेत्र में नई ऊंचाई प्रदान करेगा और राज्य के आर्थिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा-केंद्र की मोदी और प्रदेश में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार, बिहार में हवाई सेवा को विश्वस्तरीय बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। हाल में ही पटना के लोक नायक जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट का जहां कायाकल्प हुआ है, वहीं गया एयरपोर्ट को भी अपग्रेड किया गया है। सूबे में उड़ान योजना के तहत दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट से देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए हवाई सेवा का लाभ बिहार के लोगों को मिल रहा है। और अब इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का विकास इसे नई उंचाई पर पहुंचाएगा

# छठ के तुरंत बाद एक चरण में कराया जाए बिहार विधानसभा चुनाव: संजय

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की टीम और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में जदयू ने एक चरण में चुनाव कराने की मांग रखी है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बैठक से निकलने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जदयू ने चुनाव आयोग से बिहार में एक चरण में चुनाव कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त है, नक्सलवाद की समस्या नहीं है। जब महाराष्ट्र में एक चरण में चुनाव हो सकता है तो बिहार में क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने कहा कि इससे खर्च भी कम होगा और परेशानी भी कम होगी। बिहार एक चरण में चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। जदयू नेता संजय कुमार झा ने कहा कि एसआईआर को लेकर भी हमारी पार्टी ने चुनाव आयोग को बेहतर काम करने के लिए बधाई दी। इस प्रक्रिया में फर्जी मतदाताओं को हटाया गया। इस मामले में बिहार पूरे देश को रोशनी दिखाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सभी मतदान केंद्रों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की मांग रखी है। इसके अलावा, हमारी पार्टी ने चुनाव आयोग को सुझाव दिया कि महापर्व छठ में बहुत सारे बाहर रहने वाले लोग भी अपने गांव आते हैं। उनके लिए भी यह सुविधा होगी कि छठ के बाद जितना जल्दी चुनाव कराया जाए।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विवि का शुभारंभ युवाओं के सशक्त भविष्य की गारंटी : उमेश

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का शुभारंभ होने पर बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में एक मजबूत माध्यम साबित होगा। यह देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जो उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम और व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से उच्च कौशल संपन्न कार्यबल तैयार करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि नीतीश कुमार द्वारा भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम पर कौशल विश्वविद्यालय की परिकल्पना यह स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि एनडीए सरकार युवाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। 98इस अवसर पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने एनआईटी पटना के बिहटा परिसर को राष्ट्र के समर्पित किया। साथ ही, पटना विश्वविद्यालय, मधेपुरा स्थित भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, छपरा स्थित जय प्रकाश विश्वविद्यालय और पटना स्थित नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय में नई शिक्षा एवं अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त, नवीनीकृत मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ भी किया गया, जिसके तहत हर वर्ष लगभग पाँच लाख युवाओं को दो वर्ष के लिए मासिक 1,000 का भत्ता प्रदान किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना विकसित बिहार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी ध्येय के साथ डबल इंजन की एनडीए सरकार निरंतर युवाओं के हित में एक के बाद एक कदम उठा रही है।

## भाकपा राज्य कार्यकारिणी की बैठक में 24 सीटों पर तैयारी तेज करने का आह्वान

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार राज्य कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को पटना में हुई। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई और चिन्हित 24 सीटों पर तैयारी तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव 2025 की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा-जदयू सरकार को पराजित करने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है,लेकिन पार्टी को गठबंधन में समानजनक सीटें मिलनी चाहिए। पार्टी ने 24 विधानसभा क्षेत्र की सूची इंडिया गठबंधन के संयोजक तेजस्वी प्रसाद यादव को पहले ही सौंप चूकी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चयनित 24 विधानसभा क्षेत्रों में तैयारी तेज कर दी गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) संयुक्त रूप से 06 से 08 अक्टूबर, 2025 तक सभी जिलों में संयुक्त कार्यकर्ता बैठक एवं मतदाता सूची की सरजमीनी जाँच करने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा गया है कि आरएसएस की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा डाक टिकट और 100 रुपये का सिक्का जारी करना भारत के संविधान का अपमान है। बैठक को राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जानकी पासवान, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण, अजय कुमार सिंह, प्रमोद प्रभाकर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

## पीएम के संवाद से युवाओं का भरोसा एनडीए के प्रति हुआ और पुख्ता: मंगल

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा संवाद के जरिए एनडीए के प्रति युवाओं के भरोसा को और पुख्ता किया है। इस दौरान युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं की शुरूआत में बिहार के युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। कपूर्री ठाकुर स्कील यूनिवर्सिटी जननायक का सम्मान है। 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश से देशभर के 1000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानोंके विकास के लिए पीएम -सेतु योजना का शुभारंभ किया जाना करोड़ों युवाओं के रोजगारपरक प्रशिक्षण का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी ने बिहार के 4 विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही बिहटा एनआईटी के नए परिसर का लोकार्पण किया गया। युवाओं के लिए मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की शुरूआत से इंटर और स्नातक युवाओं को दो साल तक प्रति महीने एक हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इससे प्रदेश के करीब 5 लाख युवाओं को जो नौकरी की तलाश में लगे हैं को तत्काल फायदा मिलेगा। बिहार की एनडीए सरकार की प्राथमिकता में महिलाएं एवं युवा हैं। एक करोड़ महिलाओं को रोजगार के लिए 10-10 हजार रुपये देने के साथ ही 10 लाख से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी और 40 लाख से ज्यादा को रोजगार मुहैया कराया गया है। विपक्ष जहां खोखले वादों से जनता को भ्रमित कर रहा है, वही एनडीए सरकार अपनी हर घोषणा को धरातल पर उतार कर जन-जन को लाभान्वित कर रही है।

# वोटर अधिकारों की सुरक्षा के लिए सचेत रहना होगा : राजेश



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने शनिवार को सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष प्रेस वार्ता में बिहार में गहन वोटर पुनरीक्षण और वोटर अधिकारों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से बात की। राजेश राम ने प्रेस वार्ता की शुरूआत में सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह वार्ता दुर्गा पूजा और विजय दशमी के समापन के तुरंत बाद आयोजित की गई ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले जनहित के मुद्दों को उजागर किया जा सके। उन्होंने इलेक्शन कमीशन का स्वागत किया, लेकिन उनके गहन वोटर पुनरीक्षण की प्रक्रिया और उसमें हुई विसंगतियों पर गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने बताया कि 1 अगस्त 2025 को एसआईआर के माध्यम से लगभग 65,64,000 नाम हटाए गए, और 30 सितंबर 2025 को लगभग 68,60,000 नाम काटे गए, जिनमें 3,66,000 नाम पुनः अंकित किए गए। इसके अलावा, फॉर्म 6ए के माध्यम से 21,53,000 नए वोटर जोड़े गए, जिनमें कई 65 से 70 वर्ष के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने आधार जोड़ने की प्रक्रिया में हुई देरी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे मान्यता मिलने पर सवाल उठाए। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर से संबंधित 12 डिमांड्स रखी हैं, जिनमें मृतक वोटरों की पूरी सूची, फॉर्म 6ए के तहत जोड़े और काटे गए नाम, उनकी उम्र और लिंग सहित सूची, महिलाओं के नाम कटने और जुड़ने के कारण, पलायन किए गए लोगों के नाम और अन्य विसंगतियों की स्पष्ट जानकारी शामिल है।

उन्होंने प्रेस वार्ता में निम्नलिखित विसंगतियों को उदाहरण के रूप में पेश किया। राजेश राम ने प्रेस वार्ता का समापन करते हुए कहा कि बिहार की जनता को सजग रहना होगा और वोटर अधिकारों की सुरक्षा के लिए सचेत रहना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और वोट चोरी को रोका जा सके। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे , विधानसभा में कांग्रेस दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय दुबे, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ , ब्रजेश प्रसाद मुनन , आनंद माधव, सौरभ सिन्हा, विकास जी, असित नाथ तिवारी , ज्ञान रंजन , संजय पांडेय मौजूद रहे।

# चुनाव एक-दो चरणों में कराएं, बुर्काधारी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित की जाए: भाजपा

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से विधानसभा चुनाव एक या दो चरणों में कराने और मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर पहुंचने वाली महिलाओं के चेहरे का मिलान मतदाता पहचान पत्र से करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में बिहार दौरे पर आई आयोग की टीम से मुलाकात करने के बाद जायसवाल ने कहा, हमने आयोग से आग्रह किया है कि चुनाव एक या दो चरणों में कराए जाएं। चुनाव प्रक्रिया को अधिक खींचने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही यह भी जरूरी है कि मतदान करने आने वाले मतदाताओं, खासकर बुर्का पहनने वाली महिलाओं की पहचान को उनके चेहरा का पहचानपत्र से मिलान करके सत्यापित किया जाए, ताकि केवल वास्तविक मतदाता ही मतदान कर सकें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने आयोग से यह भी अनुरोध किया है कि अति पिछड़े वर्ग और कमजोर तबकों की अधिक आबादी वाले गांवों में अर्धसैनिक बलों की पहले से तैनाती की जाए और फ्लैग मार्च कराया जाए ताकि मतदाताओं में आत्मविश्वास कायम हो सके। उन्होंने कहा कि जिन दियारा क्षेत्रों में बूथ कैप्चरिंग का इतिहास रहा है, वहां अश्वारोही बल की तैनाती सुनिश्चित की जानी चाहिए। जायसवाल ने बताया कि आयोग ने भी राजनीतिक दलों से कुछ सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा,आयोग ने कहा कि मतदान पूर्ण होने के बाद प्रत्येक मतदान एजेंट को प्रेसीडिंग ऑफिसर(एक तरह का चुनाव अधिकारी) से फॉर्म-17सी लेना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि एजेंट फॉर्म लिए बिना ही बूथ छोड़ देते हैं, जिससे बाद में अनावश्यक विवाद की गुंजाइश रहती है। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि तारीखों के संबंध में पार्टी ने आयोग को बताया कि नियमों के अनुसार, अधिसूचना जारी होने के कम से कम 28 दिन बाद चुनाव कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले कुछ दिनों में अधिसूचना जारी होती है तो 3-4 नवंबर तक चुनाव संभव है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावों में अब और देरी नहीं होनी चाहिए और जल्द से जल्द मतदान कराया जाना चाहिए। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने निर्वाचन आयोग से एक चरण में ही बिहार विधानसभा चुनाव करवाने की मांग की। अपने तर्क में उन्होंने कहा कि यदि महाराष्ट्र में एक चरण में चुनाव हो सकता है तो बिहार में क्यों नहीं।

# भाजपा घोषणा पत्र के लिए सुझाव अभियान 5 अक्टूबर से होगा शुरू : प्रेम

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा की मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य और बिहार के मंत्री प्रेम कुमार ने आज कहा कि बहुत जल्द बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा होने वाली है। उसके पहले पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में हमें क्या करना है, इसकी तैयारी की जा रही है। घोषणा पत्र को लेकर पार्टी द्वारा सुझाव अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। भाजपा अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करने से पूर्व पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ से अधिक लोगों से सुझाव एकत्रित करने का निश्चय किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी इसके लगभग 3000 से अधिक सुझाव पेटियां 243 विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर रखेगी, जिसमें लोग अपना सुझाव दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, आज के इस तकनीकी युग में लोगों से मिसकॉल एवं ईमेल के माध्यम से भी सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरूआत भाजपा कल 5 अक्टूबर को प्रदेश कार्यालय पर करेगी। इसमें विभिन्न जिलों में जाने वाले रथों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और विजय कुमार सिन्हा द्वारा झंडा दिखलाकर रवाना किया जाएगा। इसके अलावा एक वेबसाइट की भी लांचिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुझाव पेटियां हर चौक-चौराहे, स्टेशन, बस स्टैण्ड, मॉल और बाजारों में रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा के विभिन्न मंच और मोर्चा के कार्यकर्ता अपने-अपने मंचों के माध्यम से समुदाय के सभी वर्गों के बीच जाकर उनके सुझाव एकत्रित करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में बिहार को विकसित बिहार बनाने को लेकर सभी सुझावों को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़े और अपने बहुमूल्य सुझाव जरूर दें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य सुरेश रूंगटा ने कहा कि भाजपा मेनिफेस्टो के लिए सुझाव अभियान की शुरूआत कल यानी शनिवार से होगी। उन्होंने 8980243243 नंबर जारी करते हुए कहा कि इस नंबर पर मिस्ड कॉल करेंगे, और फिर यहां से फोन जाएगा और उनसे सुझाव लिया जाएगा। प्रेस वार्ता में शामिल राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा ने कहा कि भाजपा घोषणा पत्र जारी करने के पहले व्यापक विचार विमर्श करने का निर्णय लिया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ऐसी कोई पार्टी नहीं होगी जो घोषणा पत्र जारी करने के पहले इतना विचार विमर्श करती है। प्रेस वार्ता में विधान पार्षद देवेश कुमार, पूर्व मंत्री सीता सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### दरवाजे पर से ई रिक्शा की चोरी प्राथमिकी दर्ज

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत स्थित टोला माली नगर ठहरा वार्ड 6 निवासी स्वर्गीय सोनेलाल पासवान के पुत्र 19 वर्षीय सकिंद्र कुमार थाने में आवेदन देते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक की में कहा गया है कि मेरे दरवाजे पर से मेरी नई ई रिक्शा गाड़ी अज्ञात चोरों ने चुरा कर 27 सितंबर को फरार हो गया काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि प्राथमिकी158/25 दर्ज के आलोक में कार्रवाई की जा रही है।

### सीएचसी में व्याप्त कुव्यवस्था को लेकर एनएसयूआई करेगा आंदोलन

कल्याणपुर समस्तीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने सीएचसी केंद्र में व्याप्त कुव्यवस्था को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।इस मामले को लेकर उसने नौ मांगों को लेकर एक ज्ञापन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर को ज्ञापन दिया।दिए गए ज्ञापन म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर में कर्मियों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने, डाटा ऑपरेटर के द्वारा व्याप्त अनियमितता सहित नौ मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसमें उसने कहा है कि अभिलंब स्वास्थ केंद्र की व्यवस्था में सुधार नहीं की जाती है ।तो पार्टी के द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### कमला नदी में डूबने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी 60 वर्षीय परमेश्वर पासवान की कमला नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। मृतक अपने रिश्तेदार के दाह-संस्कार में शामिल होने के बाद 3 अक्टूबर की शाम अचलपुर गांव से लौट रहे थे। सूचना के अनुसार, उन्होंने नदी में स्नान किया और इसी दौरान अचानक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय ग्रामीणों ने सहायता करते हुए उन्हें पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष हरिद्वार शर्मा ने बताया कि घटना में कोई संदिग्ध परिस्थितियां नहीं पाई गई हैं और इसे हादसा माना जा रहा है।

### अधूरे नाला निर्माण से मिट्टी धंसी, घरों पर मंडराने लगा खतरा

मुजफ्फरपुर। जिले के मुशहरी प्रखंड अंतर्गत जेल चौक से रोहुआ उच्च विद्यालय तक बुडको द्वारा बनाए जा रहे एसटीपी नाला निर्माण में लापरवाही और अनियमितता का मामला सामने आया है। नाला निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने और जगह-जगह ठीक से मिट्टी नहीं भरे जाने के कारण कई दर्जन स्थानों पर मिट्टी धंस गई है। भारी वर्षा के चलते अधूरे निर्माण स्थल पर मिट्टी कटाव ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। कटाव बढ़ते-बढ़ते आसपास के घरों की दीवारों तक पहुंच गया है। इससे प्रभावित घरों पर गिरने का खतरा मंडराने लगा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में बुडको के कनीय अभियंता मोहम्मद रिजवान सहित अन्य अधिकारियों को फोन और व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दी है। लेकिन फोन रिसीव नहीं होने और कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते मिट्टी भराई और मजबूती का काम नहीं कराया गया, तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर समाधान कराने की मांग की है।

# निर्वाचन कार्य को पारदर्शी बनाने हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, मधुबनी के निदेर्शानुसार जिला प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय जिला स्तरीय नियमित प्रशिक्षण डीआरडीए सभागार, मधुबनी में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण सत्र के मुख्य प्रशिक्षक आफाक अहमद ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के कुल 280 नामित मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण को चार शिफ्टों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक सत्र में 70 प्रशिक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण का संचालन शैलेन्द्र कुमार घोष, मो. नुरुल एन. नूरी, शंकर प्रसाद सिंह, सतीश चंद्र झा, राजेश कुमार रंजन, कमलेश झा, पवन कुमार सिंह, प्रकाश सिंह बादल एवं पवन कुमार जैसे जिले के अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया।

मौके पर नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण) सह अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) श्री नीरज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश, ईवीएम (एश्ट) हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, मॉक पोल, निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों की प्रविष्टि तथा मतदान पदाधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

सहायक नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार झा ने मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए मास्टर ट्रेनर्स को चाहिए कि वे प्रशिक्षण के सभी बिंदुओं को गहराई से समझें ताकि मतदानकर्मियों को सही से प्रशिक्षण दे सकें।इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने वीवीपैट संचालन, पीठासीन पदाधिकारी के कार्य एवं मतदान केंद्र पर बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित व्यवहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रशिक्षुओं को दी।

बताया गया कि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 8 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किए जाने की संभावना है। यह तिथि संभावित है तथा निर्वाचन पदाधिकारी वके निदेर्शानुसार अंतिम रूप से निर्धारित की जाएगी।इस प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी (ढ.ड.), पी-1, पी-2 एवं पी-3 स्तर के मतदानकर्मी भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण के लिए राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सागरपुर (पंडौल), दिल्ली पब्लिक स्कूल, बसुआरा तथा डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल, बसुआरा को प्रशिक्षण स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है।

## मधुबनी पुलिस का विशेष अभियान: 15 अभियुक्त गिरफ्तार, 26 वारंट और 75 सम्मन का निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन में दिनांक 03 अक्टूबर 2025 को जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंभीर प्रकृति के मामलों—जैसे हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार एवं पुलिस पर हमले जैसे अपराधों—में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कुर्की-जप्ती की कार्रवाई को प्राथमिकता देना था। अभियान के दौरान पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें शराब कारोबार से संबंधित 2, हत्या के प्रयास के 1, वारंट प्राप्त 4, हत्या के मामले के 2 तथा अन्य कांडों के 6 अभियुक्त शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 26 वारंट, 4 इश्तेहार एवं 75 सम्मन का निष्पादन भी किया गया।जिले में अपराध नियंत्रण और यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस ने 43 वाहनों से कुल 57,000 का जुमार्ना वसूला। साथ ही अभियान के दौरान देशी व विदेशी शराब की कुल 96 लीटर मात्रा, दो मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। मधुबनी पुलिस द्वारा चलाया गया यह विशेष अभियान जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि समाज में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रहे।

## प्रखंड बीस सूत्री सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने किया बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चकमेहसी विद्युत व्यवस्था पर जताया नाराजगी

प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड बीस सूत्री सभागार में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में हंगामेदार बैठक हुई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के बराबर बैठक में अनुपस्थित रहने को लेकर सदस्य इंजीनियर सूरज सहनी ,मुखिया सह सदस्य सामंत कुमार, उपाध्यक्ष अरुण सहनी, भाजपा नेता सदस्य अभिजीत कुमार ,देवन साह, विजय शंकर ठाकुर ,ओमप्रकाश कुशवाहा ,संजीव कुमार ,अली अकबर, केसरी मेहता ,दिलीप कुमार राय ने अचानक हंगामा शुरू किया ।सभी सदस्यों का कहना था कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लापरवाह है। बैठक की महत्ता नहीं समझती हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ,अंचल पदाधिकारी शशि रंजन के काफी समझाने बुझाने में बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं दूसरी ओर सभी सदस्यों ने चेकमेहसी क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर काफी हंगामा किया ।क्षेत्र की जनता विद्युत के लिए ललायित रहती है ।बराबर बिजली गोल रहती है छात्रों के पठन-पाठन से लेकर गर्मी के महीने में क्षेत्र के लोग काफी भयभीत रहते हैं। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद डॉक्टर हैदर ,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## दंगल के पहले दिन 20 जोड़ी पुरुष व दो जोड़ी महिला पहलवानों ने लगाया दाव



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित ऐतिहासिक दैंता पोखर भीम अखाड़ा के प्रांगण में सर्व कल्याणी मां दुर्गा पूजा के अवसर पर शनिवार को दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, समाजसेवी दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू व कुश्ती समिति के अध्यक्ष रामनाथ राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं रामप्रीत पहलवान, योगेंद्र पहलवान,लखन पहलवान,कमल पहलवान के द्वारा अखाड़ा पूजन कर किया गया।वहीं आगत अतिथियों का स्वागत कमिटी की ओर से चादर माला से किया गया।प्रतियोगिता के पहले दिन 20 जोड़ी पुरुष व दो जोड़ी महिला पहलवानों ने दांव लगाया। जिसमें रवि नंदिनी और मंगल महम्मदपुर, कुंदन चकहबीब और बृजेश बलिया, सूरज थापा नेपाल और रवि कानपुर, उत्तम बगहा और मिथलेश मोहनपुर, दिनेश बगहा और सत्यम नेपाल की कुश्ती में मंगल पहलवान, कुंदन पहलवान सूरज थापा, उत्तम पहलवान, दिनेश पहलवान विजेता रहे। वहीं महिला पहलवान सरिता बस्ती और सोनम हरियाणा तथा जूही बेगूसराय एवं सरिता बस्ती की कुश्ती में सोनम पहलवान और सरिता पहलवान विजेता बनी। वहीं रितेश बगहा और जमशन, राजू खगड़िया और धीरेंद्र नंदिनी, एहसान बगहा और समीर नंदिनी, रंजीत गोरखपुर और सनी दिल्ली, रोहित गोरखपुर और दिगंबर खगड़िया, मुकेश बगहा और अंकुश नंदिनी, रविंद्र नंदिनी और करण कटिहार, लकी नंदिनी और नीरज, अमरेश खगड़िया और संतोष इलाहाबाद, नवीन बगहा और दिगंबर खगड़िया, गोलू बगहा और रुपेश दलसिंहसराय, मुकेश बगहा और भोला मोहनपुर, रितेश बगहा और अंकित मोहनपुर, सोनू बगहा और भोला मोहनपुर की भी कुश्ती हुई। निर्णायक मंडली में रामप्रीत पहलवान,कमल पहलवान थे। दर्शकों को आंखों देखा हाल अमर चौधरी एवं मनोरंजन प्रसाद मिश्र सुना रहे थे। मौके पर कुश्ती कमिटी के संयोजक रणवीर कुमार विनोद, सचिव रंजीत पौदार, सचिव रंजीत राय, सतीश झा,मेला कमिटी के अध्यक्ष राम प्रवेश राय के अलावा कमिटी के सभी सदस्य के अन्य गणमान्य लोग व हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## युवक की शव बरामद, हत्या की आशंका



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर कोदरिया वार्ड 13 प्राथमिक विद्यालय के निकट एक गड्ढा में शनिवार की सुबह एक युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते लोगों का जमावड़ा लग गया। मृतक की पहचान महथी दक्षिण पंचायत के वार्ड 10 निवासी उमेश राय का 21 वर्षीय पुत्र शिवम् कुमार बताया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिवम् और उसके पिता कभी कभी ड्राइवरी करता था। शुक्रवार की संध्या 9:30 बजे के करीब किसी ने फोन कर शिवम् को बुलाया। जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया। शनिवार की सुबह शिवम् की लाश आलमपुर कोदरिया पंचायत के वार्ड 13 प्राथमिक विद्यालय के निकट एक गड्ढा में मिला। वहीं घटना स्थल से मृतक की मोबाइल, अपाचे बाइक व हथौड़ी मिला है। परिजनों ने आशंका जाहिर किया है कि शिवम् की हत्या कर गड्ढा में फेंक दिया है। मृतक दो भाइयों में अजीत से छोटा था।अभी शादी भी नहीं हुआ था। मृतक के तीन बहन भी है।घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की माता इन्दू देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की लाश कब्जे में लेकर प्रारंभिक प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया एक्सिडेंट का लगता है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति सभाकक्ष का हुआ शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की स्मृति में निर्मित सभाकक्ष का शिलान्यास कार्यक्रम शनिवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के अंर्तगत दरभंगा सदर प्रखंड में जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति सभाकक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी और अब्दुल बारी सिद्दीकी, मुख्य सचेतक विरोधी दल, बिहार विधान परिषद के करकमलों द्वारा किया गया। लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन शिलान्यास अवसर पर कुलपति ने कहा कि ठाकुर जी हमारे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके नाम पर राजनीति विभाग में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर चेयर की स्थापना पहले से की गई है। इस मांगलिक अवसर पर उनके नाम पर सभाकक्ष का निर्माण विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस सभागार का मूल उद्देश्य जननायक के विचारों के साथ ही साथ युवा छात्रों में वैचारिक समृद्धता और बौद्धिक चिंतन मनन की क्षमता का विकास करना होगा। राष्ट्र निर्माण में विचारों की स्थापना और सामाजिक समरसता की भावना को जन- जन तक पहुंचाने की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से कॉन्फ्रेंस, सिम्पोजियम, संगोष्ठी, परिचर्चा, व्याख्यान आदि का आयोजन इसके निर्माण से सुगम हो सकेगा। लंबे समय से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। एकेडमिक हॉल में एक साथ 750 से 1000 लोगों की बैठने हेतु सुविधा उपलब्ध होगी। उच्च तकनीक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस सभाकक्ष के ऊपर लाईब्रेरी बनाने की योजना भी प्रस्तावित की गई है। यह सभाकक्ष विश्वविद्यालय के छात्रों के आलावा समूचे दरभंगा प्रखंड में मुकम्मल सभागार की आवश्यकता को पूर्ण करेगा। इस ऐतिहासिक मांगलिक क्षण पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकरी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## डॉ ख़्वाजा सालाउद्दीन को विश्वविद्यालय परिवार ने दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

### युवा शिक्षक का जाना विश्वविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. ख़्वाजा सालाउद्दीन नहीं रहें। उनकी आत्मिक शांति के लिए विश्वविद्यालय में शनिवार को शोक सभा आहूत की गई। डॉ ख़्वाजा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बॉटनी विभाग में फरवरी 2019 में चयनित हुए थे। 3 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह लगभग 9 बजे पटना के पारस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें लीं। अत्यंत सौम्य, मृदुभाषी व युवा मेधावी शिक्षक का जाना विश्वविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में बेहद गमगीन माहौल के बीच विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकरी, शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहें। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में सहन शक्ति की देने की प्रार्थना आराध्य से की।

## फरार चल रहे बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



कई मामलों में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश को मुफ्फसिल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, उसके विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। गिरफ्तार आरोपी बदमाश की पहचान जितवारपुर चौथ डीह का रहने वाला वशिष्ट नारायण राय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उसके विरुद्ध पिछले वर्ष सितंबर महीने हथियार के बल पर जबरन रोकने, हत्या की नियत से मारपीट करने एवं एससी-एसटी का मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में वह फरार चल रहा था। वहीं, उसके विरुद्ध मुफ्फसिल थाना में पूर्व से कई गंभीर कांड दर्ज हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बेझाडीह के वार्ड नंबर दो के दोरिक पासवान के पुत्र और पेशे से मजदूर सतन पासवान ने बदमाशों के विरुद्ध जानलेवा हमला कर मारपीट करने व रुपए छीनने को लेकर मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया था। दर्ज एफआईआर के अनुसार, पीड़ित पिछले वर्ष 11 सितंबर की सुबह एफसीआई गोदाम के निकट एक बाइक पर सवार तीन लोग उनके पास आए। इसमें जितवारपुर चौथ डीह का रहने वाला वशिष्ट नारायण राय व उसके तीन अन्य सहयोगी के साथ एक देसी कट्टा से उनके सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित मुफ्फसिल थाना में दर्ज एक मामले में पूर्व से गवाह है। उसी गवाही में से नाम वापस नहीं लेने पर हत्या की धमकी देते हुए हथियार बंद बदमाशों ने हत्या की नियत से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था और उसके जेब में रखा हुआ रुपए भी छीन लिया था। वहीं, इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी उसी मामले में हुई है। पूर्व के दर्ज मामलों में आरोपपत्र समर्पित किया जा चुका है।

## कोजागरा के अवसर पर राष्ट्रीय मखाना महोत्सव का होगा भव्य आयोजन, तैयारिया जोर पर



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में आगामी 7 अक्टूबर को कोजागरा पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मखाना महोत्सव की तैयारिया जोर-शोर से चल रही हैं। तैयारियों पर चर्चा हेतु आयोजन सचिव व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई, जिसमें आईटीसी लिमिटेड के कार्यक्रम प्रबंधक बिहार मो असगर अली, सर्वसेवा समिति संस्था के क्षेत्रीय प्रमुख संदीप खरे, तथा संस्थान के वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मी ० सभी सहयोगी उपस्थित थे। डॉ कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय मखाना महोत्सव का उद्देश्य मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात से जुड़े सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाना है। यह आयोजन किसानों, उद्यमियों, निर्यातकों, नीति-निमार्ताओं और वित्तीय संस्थानों के बीच संवाद, सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण भव्य प्रदर्शनी होगी, जिसमें मखाना एवं अन्य जलीय फसलों से संबंधित नवीनतम प्रौद्योगिकियां, उत्पाद, नवाचार और मूल्य वर्धित उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में देशभर से आए मखाना उद्यमी, मिथिला पेंटिंग के कलाकार, सरकारी संस्थाए और निजी संगठन भाग लेंगे। साथ ही विकसित भारत के लिए मखाना उत्पादन और प्रसंस्करण की रणनीति विषय पर एक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी भी आयोजित होगी, जिसमें देशभर से आए वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और उद्यमी मखाना क्षेत्र के भविष्य, अनुसंधान की दिशा और मखाना आधारित उद्योगों के विकास की रणनीतियों पर विमर्श करेंगे। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस महोत्सव से मिथिला समेत समूचे बिहार के किसानों, उद्यमियों और युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इससे मखाना उत्पादन में नई तकनीकों का प्रसार होगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे और मखाना उद्योग को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी। उक्त कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले के मार्गदर्शन में आईसीएआर-सीफेट, लुधियाना के तकनीकी सहयोग एवं आईटीसी लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

# वृद्धजनों को मिलेगा घर जैसा वातावरण योग, स्वास्थ्य और भोजन की मुफ्त सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी नगर निगम मधुबनी परिसर में निर्मित 50 बेड की क्षमता वाला वृद्धजन आश्रय स्थल आज विधिवत रूप से संचालित होना शुरू हो गया। मेयर अरुण राय, उप मेयर मो. अमानुल्लाह, नगर आयुक्त अनिल चौधरी सहित वरीय अधिकारियों, माननीय पार्षदों एवं सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर आश्रय स्थल का शुभारंभ किया गया।गौरतलब है कि इस वृद्धजन आश्रय स्थल का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री ने अपनी ह्लप्रगति यात्राह्व के दौरान किया था, और अब इसका विधिवत संचालन शुरू हो गया है। शुभारंभ अवसर पर बेनीपट्टी के एक बुजुर्ग का पंजीकरण कर उन्हें आश्रम में आवास उपलब्ध कराया गया।घर जैसा वातावरण, सभी सुविधाए निःशुल्क मेयर अरुण राय एवं उप मेयर मो. अमानुल्लाह ने कहा कि इस आश्रय स्थल में रहने वाले बुजुर्गो को पूरी तरह घर जैसा वातावरण दिया जाएगा। उनके भोजन, आवासन और देखरेख के लिए जीविका दीदियों के हाथ का बना पौष्टिक भोजन, केयर टेकर, योगा व मेडिटेशन क्लास, स्वास्थ्य सेवाएं और मनोरंजन की व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति (जिसमें अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा सदस्य हैं) आश्रय स्थल के संचालन और देखरेख की निगरानी करेगी। आधुनिक स्वास्थ्य व मनोरंजन सुविधाएं आश्रय स्थल में डिस्पेंसरी की व्यवस्था की गई है, जहां फिजिशियन, फिजियोथैरेपिस्ट एवं नर्स मौजूद रहेंगे। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच, योग कक्षाएं एवं मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध हैं।सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल यह आश्रय स्थल उन वृद्धजनों के लिए उम्मीद की किरण बनेगा, जिन्हें परिवार ने बेघर कर दिया है। 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग यहां सुरक्षित, सम्मानजनक और गरिमामयी जीवन जी सकेंगे। शुभारंभ समारोह में नगर आयुक्त अनिल चौधरी, डीपीआरओ परिमल कुमार, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), नितेश कुमार पाठक, सिटी मैनेजर, सभी माननीय पार्षद व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम नीतीश से मिले जमीनी नेता-कार्यकर्ता टिकट को लेकर मंथन तेज;महेश्वर भी दिखे खुश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं से रूबरू हुए। राज्य के विभिन्न जिलों से आए नेता-कार्यकताओं को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आमंत्रण मिला था। बताया गया कि इन नेताओं ने पहले पार्टी कार्यालय में अपना बायोडाटा जमा किया था, जिसके बाद उन्हें मिलने का मौका मिला।इस कड़ी में मुजफ्फरपुर की हॉट सीट मानी जाने वाली गायघाट विधानसभा से पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव भी अपने पुत्र प्रभात किरण के साथ पहुंचे। मुलाकात के बाद उन्होंने आत्मविश्वास जताते हुए कहा—ह्लहमें टिकट भी मिलेगा और जीतेंगे भी। पूरी तैयारी है।ह्व गौरतलब है कि इस बार महेश्वर यादव अपने पुत्र को मैदान में उतारने की कोशिश में हैं। वहीं, इसी सीट से एनडीए खेमे में लोजपा(आर) से पूर्व प्रत्याशी रही कोमल सिंह भी प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। कोमल सिंह जदयू एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह की पुत्री और वैशाली से लोजपा(आर) की सांसद वीणा देवी की बेटी हैं। आपको बता दें कि वर्तमान में गायघाट से आरजेडी के निरंजन राय विधायक हैं। इसी तरह सकरा विधानसभा क्षेत्र से जदयू नेता एवं पूर्व प्रमुख अनिल राम भी सीएम से मिले। उन्होंने बताया कि वे पिछले 17 सालों से पार्टी से जुड़े हैं और पूर्व विधायक सुरेश चंचल के बाद से लगातार सक्रिय हैं। अनिल राम का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनकी बात ध्यान से सुनी और पूरा भरोसा दिलाया। आपको बता दें कि सकरा में अशोक कुमार चौधरी वर्तमान विधायक हैं। सकरा जननायक कपूरी ठाकुर और पूर्व सांसद मंजय लाल की कर्मभूमि तथा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे स्व. शिवनंदन पासवान की जन्मभूमि रहा है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत मिल रहे 10 हजार राशि का उपयोग रोजगार हेतु करें : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबु सभागार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री नितीश कुमार के कर कमलों द्वारा अन्तरण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 25 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रुपया के दर से 25 सौ करोड़ राशि को उनके खाते में अंतरित किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका की 250 से ऊपर दीदियों ने हिस्सा लिया। मंचासीन पदाधिकारी सदस्य बिहार, विधान सभा निरंजन कुमार मेहता, पूर्व मंत्री सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रमेश ऋषिदेव, जिलाधिकारी तरणजोत सिंह, जिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी, उप विकास आयुक्त अनिल बसाक, नगर परिषद् अध्यक्षा, मधेपुरा, सीनियर डिप्टी कलेक्टर संतोष कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक नील कमल चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने संबोधित किया एवं जीविका परियोजना के माध्यम से महिलाओं के विकास को बताया, एवं उपस्थित महिलाओं को सन्देश दिया कि वे प्राप्त 10 हजार रुपए की राशि को जीविकोपार्जन गतिविधि में खर्च करें एवं खुशहाल जीवन यापन करें। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी तरण जोत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपए सभी के खाते में पहुँच रहा है एवं उनका सबो से अनुरोध है कि इस राशि का उपयोग वे रोजगार हेतु करें एवं अपने जीविकोपार्जन की गतिविधि को बढाएं। मंच का संचालन डी आर डी ए डायरेक्टर के द्वारा किया गया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिला लाभार्थियों को 10-10 हजार रुपये की राशि प्रत्येक को सीधे उनके खातों में अंतरित की। कार्यक्रम के दौरान स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम की गतिविधियों के तहत आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सक्रिय योगदान दिया। इससे जिले के सभी मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दी गई। स्वीप कोषांग द्वारा स्थापित सेल्फी स्टैंड पर जीविका दीदियों ने उत्साह के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी और दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी, तरनजोत सिंह, उपविकास आयुक्त अनिल बसाक तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी जीविका दीदियों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए नजर आए।

# मुजफ्फरपुर में हवाई सपनों की उड़ान: एयरपोर्ट विकास के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला और पूरे तिरहुत क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने यहां हवाई अड्डे के विकास के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के बाद यह परियोजना अब मूर्त रूप लेने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा और केंद्रीय मंत्री सह सांसद राजभूषण चौधरी निषाद ने इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। निविदा प्रक्रिया के अनुसार कंपनियां शनिवार से टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड कर सकती हैं। प्रस्ताव जमा करने की आखिरी तारीख 17 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। पहली बिड 21 नवंबर को खोली जाएगी, जबकि फाइनल बिड 5 दिसंबर को खुलेगी। इससे पहले 27 अक्टूबर को दिल्ली में प्री-बिड मीटिंग आयोजित होगी, जिसमें परियोजना से जुड़ी सभी तकनीकी बातें स्पष्ट की जाएंगी। योजना के तहत मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट पर 1050 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा रनवे तैयार होगा। यहां दो हवाई जहाजों के लिए एप्रन और लगभग 1250 वर्ग मीटर का आधुनिक टर्मिनल भवन भी बनेगा। टर्मिनल का निर्माण प्री-फैब्रिकेटेड स्टील स्ट्रक्चर से होगा। इसके अलावा पताही एयरपोर्ट का मास्टर प्लान और भी बड़ा है, जिसमें बड़े विमानों की लैंडिंग की सुविधा होगी। हालांकि इसके लिए अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। इस परियोजना से उत्तर बिहार को देश के बड़े शहरों से जोड़ने में आसानी होगी। व्यापार, उद्योग, कृषि और पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों को सीधे राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। उन्होंने कहा, यह निर्णय तिरहुत क्षेत्र के करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करेगा। अब बिहार का आसमान ऊंचा होगा और तिरहुत की उड़ान नई ऊंचाइयों को छूएगी। दरभंगा, गया और पटना के बाद अब मुजफ्फरपुर भी बिहार के हवाई नक्शे पर शामिल होने जा रहा है। विशेषज्ञ इसे राज्य में संतुलित क्षेत्रीय विकास और उत्तर बिहार की तरक्की की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर मान रहे हैं।

# भागलपुर के रामा नंदी देवी हिंदू अनाथालय में डॉ इंद्रभूषण कुमार को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इंद्रभूषण कुमार को रामानंदी देवी अनाथालय के अनाथालय प्रशासन की ओर से दीपराज भारती द्वारा सम्मानित किया गया। रामानंदी देवी अनाथालय भागलपुर के नाथनगर में अवस्थित है। ज्ञात हो कि डॉ इंद्रभूषण कुमार उदाकिशुनगंज पी एच सी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी रह चुके हैं। श्री कुमार डॉक्टर रहते हुए भी बहुत मिलनसार व्यक्ति हैं, जिनके कारण वह सदैव लोगों के चहेते बने रहते हैं। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि जब वो ड्यूटी पर नहीं भी रहते हैं तो कोई भी आदमी उन्हें फोन कर देते हैं कि हम अस्पताल आए हैं हमें आपकी सहयोग की जरूरत है तो वह ड्यूटी पीरियड के अलावा भी लोगों की सेवा करने में कतई नहीं चूकते हैं। खास कर बच्चों के प्रति उनका एक अलग ही भाव विचार है जिनके कारण बच्चे के बीच भी लोकप्रिय बने हुए हैं। श्री कुमार को यह सम्मान उनके बच्चों के प्रति चिकित्सा योगदान एवं निष्ठा से काम करने के लिए अंग वस्त्र एवं मोमेंट को देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि राम नंदी देवी हिंदू अनाथालय में अभी अनेको नवजात एवं बड़े बच्चे हैं। रामानंदी देवी अनाथालय अपने 100 में वर्ष में प्रवेश कर चुका है। और इसकी दिसंबर माह में सिल्वर जुबली मनाई जाएगी। डॉ इंद्रभूषण कुमार को मिले इस सम्मान को लेकर कटिहार मेडिकल कॉलेज एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पूजा भारती, डॉ मिथिलेश कुमार, इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ दीपक, डॉ विवेक भारती, डॉ ए के मिश्रा, प्राचार्य राजश्री टंडन, मुकेश कुमार सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी।

# पदाधिकारियों को दिया गया आदर्श आचार संहिता से संबंधित दायित्व एवं कर्तव्य से संबंधित प्रशिक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन -2025 के निमित्त जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में वरीय नोडल - सह- अपर समाहर्त्ता, आदर्श आचार संहिता कोषांग की अध्यक्षता में नोडल पदाधिकारी - सह- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता द्वारा सभी निवार्ची पदाधिकारी/ सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय आदर्श आचार संहिता कोषांग के पदाधिकारियों/ कर्मियों को आदर्श आचार संहिता से संबंधित दायित्व एवं कर्त्तव्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी एवं सावधानी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करने का निदेश दिया गया।

# सुल्तानगंज में कड़ी सुरक्षा के बीच मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शांति एवं सौहार्द वातावरण में हुआ समापन

## मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन लोगों ने नम आंखों से दि विदाई



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज शुक्रवार को देर रात सुल्तानगंज, अब्जुगंज,मसदी, कमरगंज, गनगनिया,उधाडीह सहित अन्य जगहों के मां दुर्गा की प्रतिमा शांति एवं सौहार्द वातावरण में विर्सजन किया/ आपको बताते चलें कि सुल्तानगंज शहर मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भाजपा नगर अध्यक्षा डाक्टर अलका चौधरी के नेतृत्व में चौक बाजार में बनारस के तर्ज पर महाआरती का आयोजन किया गया/साथ ही राजद के वरिष्ठ नेता सह महागठबंधन के संभावित विधायक प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी के द्वारा राणा व्यामशाला का आयोजन करने पर बिच सड़क में लाठी, डंडे, तलवार बाजी,बाना सहित अन्य खेलों का कर्तव्य दिखाने पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों की भीड़ जुट गई, इसके लिए लाठी डंडे के खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों के लिए मछली ,चावल खाने का भी आयोजन किया गया था/लाठी डंडे का खेल सुल्तानगंज शहर में जगह-जगह राणा व्यामशाला के द्वारा दिखाया गया/ इसके लिए थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के द्वारा सभी दुर्गा प्रतिमा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे/ सभी लोगों को देर रात नम आंखों से मां दुर्गा प्रतिमा की अंतिम विदाई दिये गए / इस लिए नगर सभापति राज कुमार गुड्डू के द्वारा गंगा घाट किनारे मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है/इस दौरान बड़ी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष शिबम चौधरी,नई दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निरंजन चौधरी, स्टेशन रोड दुर्गा मंदिर, के अध्यक्ष, स्टेडियम दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष, पंडाली दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष,घाट रोड दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष, अब्जुगंज दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष, सहित अन्य दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष, सहित मां दुर्गा मंदिर के कार्यकर्ता सहित पुलिस बल, महिला पुलिस बल सहित हजारों ग्रामीण मौजूद थे

# संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सशक्त भूमिका निभानी होगी : डॉ महेंद्र सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में आज 4 अक्टूबर को जिला अतिथि गृह, दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी एवं पश्चिमी जिला इकाइयों की संयुक्त बैठक पश्चिमी जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण मन्ना के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा मध्यप्रदेश के प्रभारी सह मिथिला तिरहुत क्षेत्र के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने संगठन की मजबूती एवं चुनावी रणनीति पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ महेन्द्र सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर मतदाताओं तक केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, जिसका संदेश जनता तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए विधानसभावार विस्तृत समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सशक्त भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा की नीतियों, योजनाओं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया। विधानसभा सह टीम गठन, मंडल एवं शक्ति केंद्र तक कार्यकताओं की सक्रियता और जनसंपर्क अभियान को तेज करना ही चुनावी सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, संगठन और समर्पण की भावना से प्रेरित होकर जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियाँ रखेंगे। बैठक में विशेष रूप से बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर,जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, हायाघाट विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, प्रदेश चुनाव अभियान समिति सदस्य।

# 12 वर्षों का जन आंदोलन का हुआ जित, बिहटा औरंगाबाद रेल लाइन मे 3606 करोड़ मिला

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। बिहटा अरवल औरंगाबाद रेल लाइन को पूर्ण स्वीकृति के साथ 3606 करोड़ मिला जनता के संघर्ष का जीत हुआ जनता को आभार जताया मनोज सिंह यादव। लगातार रेलवे लाइन के लिए अरवल जिला के लोग 12 वर्षों से जन आंदोलन कर रहे थे प्रखंड जिला धरना प्रदर्शन दानापुर डीआरएम हाजीपुर जीएम कार्यालय सैकड़ो दर्जोन आंदोलन करते हुए दिल्ली जंतर मंतर पर सत्याग्रह बिहटा रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन पुलिस की लाठी रेल भवन से पदाधिकारी द्वारा 11बार प्राथमिक की दर्ज किया गया आदर्श केंद्रीय कारा बेउर जेल मे मनोज यादव को भेजा गया जेल से निकलते हुए मनोज यादव ने अरवल की जनता के साथ संघर्ष करते हुए आज अरवल की जनता की जीत हुई और डीपीआर के अनुसार 3606 करोड़ राशि एवं पूर्ण स्वीकृति रेल भवन के द्वारा दिया गया आज अरवल बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव को रेलवे संघर्ष समिति के लोग जेल से छूटने के बाद संघर्ष में जीत के लिए माला पहन कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया रेलवे संघर्ष समिति के लोगों ने रेल प्रशासन एवं केंद्रीय रेल मंत्री को बधाई दिया अरवल जिला को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए 12 वर्षों से संघर्ष जारी है और जब तक रेलवे लाइन नहीं बनेगा संघर्ष जारी रहेगा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव संयोजक धनंजय कुमार सिंह जयप्रकाश सिंह बिंदेश्वरी सिंह रामेश्वर गुप्ता विजय सिंह राम अयोध्या प्रसाद विद्यार्थी राजनीति यादव रजनीश कुमार मंटू कुमार सिद्धार्थ बॉस मंटू यादव कृष्ण गुप्ता एवं सैकड़ो लोगों ने संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव को बधाई दिया मनोज सिंह यादव ने कहा की संघर्ष आगे जारी रहेगा

# मृतक की पत्नी और साला ने हत्याकांड को दिया था अंजाम

## दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर शुक्रवार की सुबह जयनगर थाना क्षेत्र के डीबी कॉलेज के समीप गैस गोदाम के पास एनएच 527बी सड़क किनारे झाड़ी में संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कुआढ़ निवासी डोरवार पंचायत के कुआढ़ एक निवासी लगभग 45 वर्षीय विनोद कुमार पांडेय के रूप में हुई थी। हत्याकांड का पुलिस के द्वारा चंद घण्टे में उद्भेदन कर मामले में मृतक की पत्नी और साला को।गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे झाड़ी में एक व्यक्ति का शव देखा मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। शव देखे जाने पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। मामले की सूचना पा कर डीएसपी राघव दयाल, थाना अध्यक्ष अमित कुमार , पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार, मो.अनस, फहीमुद्दीन अंसारी और डायल 112 पुलिस बल की टीम के साथ शव देखे जाने स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मृतक के पहचान और मामले विस्तृत जानकारी जांच और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट थी। मामले की जानकारी मृतक के पत्नी और परिजनों को दी गई। मृतक के शव को देख कर मृतक के पत्नी बच्चे और परिजन चीत्कार मार रोने लगे। पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया। शव जिस स्थिति में मिला है, उससे प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। घटनास्थल के आसपास और मृतक के घर के आसपास स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। और सीसीटीवी फुटेज खंगाले भी खंगाला गया। ताकि घटना की कड़ी से कड़ी जोड़कर मामले का खुलासा किया जा सके। मृतक विनोद कुमार पांडेय के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच अभी भी कर रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा की मौत कैसे हुई। जानकारी के मुताबिक मृतक गन्ना विभाग मोतिहारी में नौकरी करना बताया गया। मृतक के तीन बच्चे हैं।मृतक की लगभग 15 वर्षीय पुत्र सावन और 10 वर्षीय पुत्री सालनी एवं 09 वर्षीय पुत्री साधना है व रामपति देवी वृद्ध माँ है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। वही मामले को लेकर डीएसपी राघव दयाल ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। है हर पहलुओं पर जांच की जा की गई । मृतक के माँ और परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। मृतक के घर की भी बारीकी से जांच की गई। मामले में मृतक के पत्नी और पत्नी के भाई मृतक के साला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। हत्यकांड का उद्भेदन हो गया। वही मामले को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतक के माँ रामपति ने मामले को आवेदन देते हुए मामला दर्ज अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया। मामला दर्ज कर जांच और कार्रवाई की गई। मृतक विनोद पांडेय एवं उसके पत्नी माला देवी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था। मृतक को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था । किसी अन्य व्यक्ति की साथ अवैध सम्बंध का भी संदेह मृतक की पत्नी पर था। इसी बात को ले कर एक अक्टूबर को को दोनों के बीच मार पीट हुआ इसी क्रम में मृतक को गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गया। मृतक की पत्नी शव को अपने घर मे छुपा कर रखा एवं विगत रात्री में अपने भाई गुड्डू पांडेय रोसड़ा थाना क्षेत्र निवासी को बुला कर उसके सहयोग से दुर्घटना का रूप देने के लिए सड़क किनारे शव को फेक दिया। मृतक की माँ के ब्यान के आधार पर कांड सं 339/25 दर्ज किया गया है। कांड में हत्या के आरोपी मृतक के पत्नी माला देवी एवं सहयोगी मृतक के साला गुड्डू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। एफएसल टीम के द्वारा घटना का निरीक्षण की गई। मृतक के घर के अंदर खून के धब्बे को धोकर साफ किया गया चौकी पर ब्लड का अंश पाया गया है। दोनों आरोपी अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सांसद गोपाल ठाकुर ने कोशी क्षेत्र के लोगों के साथ किया जनसंवाद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। अपने संसदीय क्षेत्र के पूर्वी भाग कोशी कमला और बलान जैसी नदियों से घिरे गांव तथा टोले मुहल्ले के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।भारतीय संविधान में भोजन वस्त्र आवास के बाद सड़क स्वास्थ्य और शिक्षा उपलब्ध कराना हर सरकार की नैतिक जिम्मेदारी मानी गई है। दरभंगा संसदीय क्षेत्र के पूर्वी भाग का चारों तरफ से नदियों से घिरा होना उसकी प्राकृतिक बनावट है लेकिन भौगोलिक रूप से प्राकृतिक रूप से दुरूह तथा दुर्गम क्षेत्र में आवागमन की सुविधा के साथ हर आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराना एक प्रकार से चुनौती ही मानी जाती थी लेकिन 2019 में लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद इस चुनौती को स्वीकार कर हमने इस दुरूह कार्य को अवसर के रूप में स्थापित करने की पहल शुरू की जिसका परिणाम है कि आज सड़कों पुल पुलियों विद्यालय स्वास्थ केंद्र आदि मामले में गौराबौराम विधानसभा के साथ पूरा संसदीय क्षेत्र आत्मनिर्भर बनने के करीब पहुंच चुका है। सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के गौराबौराम तथा कीरतपुर प्रखंड के खैंसा जमालपुर नरकटिया मुशहरिया छतरिया दंगा कदबड़िया सहित दर्जनों गांवों में विभिन्न निमार्णाधीन विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण किया तथा कोशी नदी के भीतर बसे गाँव के लोगों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। सांसद डा ठाकुर ने जनसंवाद में उपस्थित आमजनो से निमार्णाधीन विकासात्मक परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। यहां सड़कों के साथ साथ पुल पुलिये का बिछ रहा जाल इसका ज्वलंत उदाहरण है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा एनडीए कार्यकताओं के बीच संसदीय क्षेत्र में की जा रही विकास कार्यों तथा योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि गौराबौराम प्रखंड में बौराम घाट पर कमला बलान नदी से बलान पूर्वी बांध तथा पश्चिमी बांध के बीच लगभग पचास करोड़ की लागत से तीन हाई लेबल पुलों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जबकि कोशी नदी में मुशहरिया पकड़िया में लगभग सत्तर करोड़ की लागत से तीन दर्जन से अधिक उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री सेतु योजना से एक दर्जन पुलों का निर्माण कार्य हो चुका है जिसमें दशकों से बहु प्रतीक्षित चतराघाट सहसराम सझुरीघाट में पुल निर्माण कार्य भी शामिल हैं। इस मौके पर सुबोध चौधरी सोनू सिंह शक्ति महतो काली साहू प्रेमकुमार मिश्र निर्मल राय विकास विवेक चौधरी आशुतोष झा आदि मौजूद थे

# बिहार संवाद सह सम्मान समारोह में समाजवादी चिंतक योगेंद्र यादव एवं बहुजन चिंतक डॉक्टर लक्ष्मण यादव का संयुक्त प्रबोधन कार्यक्रम का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को 1:00 बजे दिन में ए एन सिंहा इंस्टीट्यूट, पटना में लोकतंत्र एवं संविधान के समक्ष चुनौतियां विषयक विचार गोष्ठी , बिहार संवाद एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य प्रबोधन योगेंद्र यादव, एवं विषय प्रवेश डॉक्टर लक्ष्मण यादव करेंगे। वहीं स्वागत संबोधन शंभू कुमार सिंह, सम्मान उद्बोधन विश्वनाथ यादव लल्टून, मंच संचालन मनोज गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन अंजू बौद्ध करेंगे। कार्यक्रम में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रेरणा संस्थान, प्रबल समूह, नागरिक समाज, पटना करेंगे। कार्यक्रम में हजारों समाजसेवी, समाजवादी चिंतक, बहुजन चिंतक, बुद्धिजीवी भाग लेंगे। वहीं समाजसेवी किरण देव यादव ने बताया कि 5 अक्टूबर 2025 को गांधी संग्रहालय के सभागार में 10:30 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें योगेंद्र यादव भाग लेंगे। बैठक का संयोजन शाहिद कमाल, कामायणी, ऋषि आनंद , उमेश शर्मा करेंगे। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि खगड़िया से 10 प्रतिनिधि सहित सुबे बिहार से हजारों प्रतिनिधि भाग लेंगे।

सम्पादकीय

# तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे महिला अपराध

विशेषज्ञों का कहना है कि सांस्कृतिक शर्मिंदगी और प्रतिशोध का डर रिपोर्ट दर्ज कराने में बड़ी बाधाएं हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का कारण पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक रूढ़िवादिता, शिक्षा और जागरूकता की कमी, कानूनों का कम प्रभावी कार्यान्वयन और महिलाओं के प्रति समाज की घटती संवेदनशीलता जैसे सामाजिक-आर्थिक और संरचनात्मक कारक हैं। भारत की चुनौती वैश्विक रुझानों के समान और उनसे भी बदतर है। कई देशों की तरह, भारत भी कम रिपोर्टिंग और कलंक से जूझ रहा है। लेकिन गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रह और विशाल जनसंख्या घनत्व का मतलब है कि अघोषित अपराधों का एक छोटा सा प्रतिशत भी बहुत बड़ी संख्या में तब्दील हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की तुलना इस बात पर जोर देती है कि समाधानों में हर देश की हिस्सेदारी है, अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करने से लेकर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तक। कानूनों और जागरूकता के मामले में भारत में हाल ही में हुए सुधार सकारात्मक हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी कई समकक्षों से पीछे है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्ष 2023 के महिला अपराधों के आंकड़े देश की तरक्की के आंकड़ों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। देश एक तरफ जहां रक्षा, विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहा है, वहीं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के मामलों में शर्मसार हो रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में उससे पिछले दो सालों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादा मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पूरे देश में ऐसे करीब 4.5 लाख मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 448211 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में 445256 और 2021 में 428278 मामले थे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66381 मामले दर्ज किए गए, उसके बाद महाराष्ट्र में 47101, राजस्थान में 45450, पश्चिम बंगाल में 34691 और मध्यप्रदेश में 32342 मामले दर्ज किए गए। तेलंगाना प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि इसके बाद राजस्थान 114.8, ओडिशा 112.4, हरियाणा 110.3 और केरल में 86.1 अपराध दर दर्ज की गई। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498 के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामले सबसे ज्यादा थे, जिनमें 133676 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 19.7 रही। महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 88605 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 13.1 रही। महिलाओं की गरिमा भंग करने के इरादे से हमला करने के 83891 मामले आए, जबकि बलात्कार के 29670 मामले दर्ज किए गए। अठारह वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं से बलात्कार के 28821 मामले आए और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों से बलात्कार के 849 मामले आए। बलात्कार के प्रयास के 2796 मामले दर्ज किए गए। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बच्चों से बलात्कार के 40046 मामले, यौन उत्पीड़न के 22149 मामले, यौन प्रताड़ना के लिए 2778 मामले, पोर्नोग्राफी के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के 698 मामले और कानून के अन्य प्रावधानों के तहत 513 मामले दर्ज किए गए। पुलिस के निपटारा आंकड़ों से पता चला कि पिछले वर्षों से 185961 मामले जांच के लिए लंबित थे, जबकि 448211 नए मामले दर्ज किए गए और 987 स्थानांतरित किए गए। इस तरह कुल 635159 मामले थे। एसिड अटैक के 113 मामले दर्ज किए गए। साल 2012 में दिल्ली में निर्भया के बलात्कार और हत्या के बाद जमीन पर ज्यादा कुछ बदला नहीं दिखता। कठोर कानून मौजूद हैं, पर वे कितने प्रभावी हैं? साल 2022 के लिए उपलब्ध आंकड़े दिखाते हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 445256 मामले दर्ज किए गए, जो साल 2021 से चार फीसदी ज्यादा थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध का सबसे बड़ा हिस्सा पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (31.4 फीसदी) के तहत दर्ज हुआ, जबकि सभी अपराधों में ह्यशील हनन की नीयत से महिलाओं पर हमलेह्ल का हिस्सा 18.7 फीसदी था, और बलात्कार 7.1 फीसदी पर रहा। डब्ल्यूपीएस इंडेक्स (महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक) की 2023 की रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग साल 2023 में 128वें स्थान पर रही। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन शीर्ष पर रहे, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर रहे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022 में महिलाओं को निशाना बनाकर की जाने वाली राजनीतिक हिंसा के मामले में भारत शीर्ष 10 सबसे खराब देशों में शामिल है।

# स्वदेशी महज एक नारा

हम सात दशकों से ह्यस्वदेशीह्ल के नारे सुन रहे हैं। आजादी से पहले भी यह आरएसएस का बुनियादी मुद्दा था। 1951 में ह्यजनसंघह्ल का गठन हुआ, तो संघ के इस मुद्दे को राजनीतिक तौर पर ग्रहण किया गया। ह्यजनसंघह्ल का यह चुनावी मुद्दा भी होता था। जब 1980 में भाजपा का गठन हुआ, तो उसने भी ह्यस्वदेशीह्ल का खूब प्रचार किया। दरअसल हम ह्यस्वदेशीह्ल के विरोधी नहीं हैं, क्योंकि यह देश की आत्मनिर्भरता का प्राथमिक मुद्दा है। अब आरएसएस के शताब्दी समारोह और ह्यदशहरा संबोधनह्ल में क्रमशः प्रधानमंत्री मोदी और सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक बार फिर ह्यस्वदेशीह्ल का गुणगान किया है। स्वदेशी और खादी को देश की आजादी से जोड़ा है, लेकिन सवाल है कि क्या ह्यस्वदेशीह्ल से ही 146 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का गुजारा संभव है? क्या देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार संभव है? हमारा मानना है कि वैश्विक उदारीकरण के दौर में ह्यस्वदेशीह्ल के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी निवेश, निर्यात और अंततः आत्मनिर्भरता संभव नहीं हैं। खादी का उत्पादन 3783 करोड़ रुपए का है और व्यापार 7146 करोड़ रुपए का है। वैश्विक व्यापार में भारत विश्व में 10वें स्थान पर है। हम 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था हैं। महज इतनी व्यापारिक पूंजी से देश कैसे चल सकता है? भारत का कुल निर्यात 37 लाख करोड़ रुपए और आयात 61 लाख करोड़ रुपए का है। लिहाजा हमारा व्यापार घाटा करीब 9000 करोड़ रुपए का है। यदि ह्यस्वदेशीह्ल को 100 फीसदी लागू करना है, तो सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों की चिंता स्पष्ट करें, जो ह्यस्वदेशीह्ल की रीढ़ हो सकते हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान तालाबंदी से 75082 लघु और कुटीर कंपनियां बंद हो गईं। उससे पहले वे नोटबंदी से व्यापक तौर पर प्रभावित हुईं। अनुमान है कि ऐसे कुटीर उद्योगों की करीब 6 लाख कंपनियां, फैक्टरियां बंद हो चुकी हैं। बेशक सरकार ने आर्थिक पैकेज और आसान बैंकिंग कर्ज घोषित किए, लेकिन एमएसएमई के अस्तित्व को बचाया नहीं जा सका। सरकार औपचारिक बयान देकर कुटीर उद्योगों की अद्यतन स्थिति स्पष्ट कर सकती है। मोदी सरकार ने देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मैन्यूफैक्चरिंग के योगदान का लक्ष्य 23 फीसदी तय किया था। वह 16-17 फीसदी से घटकर करीब 13 फीसदी पर आ गया है। जब भारत मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में फिलहाल पिछड़ा है, तो ह्यस्वदेशीह्ल कैसे संभव है? भारत में ह्यस्वदेशीह्ल उत्पादन और अर्थव्यवस्था की सोच को 1991 से पहले ही लागू करनी चाहिए थी। जो भूमंडलीकरण और उदारीकरण 1991 में भारत में शुरू किया गया, उसे 1979 में ही चीन में लागू कर दिया गया था, नतीजतन उसे बहुत पहले आत्मनिर्भर होने में मदद मिली। आज उसकी औद्योगिक नीति ऐसी है कि वह किसी भी देश पर आश्रित नहीं है। अमरीका के साथ मात्र 13-14 फीसदी व्यापार की ही उसे जरूरत है। यदि वह भी नहीं हो, तो चीन की अर्थव्यवस्था डांवाडोल नहीं हो सकती। भारत की ऐसी कोई पुख्ता औद्योगिक नीति नहीं है। आज दक्षिण पूर्व एशिया के देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत सरीखे शक्तिशाली देश को पछाड़ रहे हैं। जरा प्रधानमंत्री या वाणिज्य मंत्री इन देशों का एक बार दौरा कर आएं, तो पता चल जाएगा कि व्यापार कैसे करना है? अमरीका ने हम पर 50 फीसदी टैरिफ थोप रखा है। उससे उन कंपनियों पर विपरीत असर पडा तय है, जिन्होंने करोड़ों का माल बना रखा है।

# बिहार विधानसभा 2025 - चुनावी आधिकारिक घोषणा बाकी - चुनावी बुखार चरम पर

**शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी व्यवस्था की बदहाल स्थिति है। कानून व्यवस्था के लिए अपराध दर और महिला सुरक्षा का प्रश्न है। मंहगाई और गरीबी आम आदमी की सबसे बड़ी समस्या है। इन मुद्दों पर कौन-सी पार्टी जनता को विश्वास दिला पाएगी, वही निर्णायक भूमिका निभाएगी। अगर आज बिहार में चुनाव हो तो परिदृश्य कुछ ऐसा दिखता है कि एनडीए को 128 सीटें, इंडिया गठबंधन को 109 सीटें और अन्य को 6 सीटें मिल सकता है। लेकिन यह तस्वीर पूरी तरह स्थिर नहीं है। 113 सीटों पर बेहद कड़ी टक्कर होगी जहां जीत-हार का अंतर 3% से भी कम हो सकता है। यही वह जगह है जहाँ जनसुराज की मौजूदगी नतीजा पलट सकता है। बिहार का चुनाव इस बार सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं है, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण और नेतृत्व की विश्वसनीयता की भी परीक्षा है।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

बिहार में विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा भले ही अभी बाकी हो, लेकिन राजनीतिक गलियारों से लेकर गाँव-गाँव की चौपाल तक चुनावी चर्चाएँ चरम पर पहुँच गया है। सियासी बयानबाजी तेज हो चुका है, दलों के बीच गठजोड़ और तकरार का सिलसिला भी जारी है। जनसभाओं, रैलियों और यात्राओं के माध्यम से मतदाताओं को साधने की कवायद जारी है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि माहौल साफ संकेत दे रहा है कि बिहार एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। इस बार की लड़ाई पारंपरिक एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। वहीं, प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज अपनी अलग राजनीतिक जमीन तलाशते हुए वोट कटवा की छवि में उभरते दिख रहा है। प्रश्न यह है कि बिहार की जनता इस चुनाव में किसे चुनती है? कौन होगा सत्ता का असली हकदार? और किन मुद्दों पर जनता अपना वोट डालेगी? बिहार की राजनीति हमेशा से जातीय समीकरण, नेतृत्व की विश्वसनीयता और गठबंधन की मजबूती पर टिकी रही है। 1960-70 के दशक में कांग्रेस का दबदबा रहा। 1970-80 के दशक में समाजवादी धारा, कपूर्री ठाकुर और लालू प्रसाद जैसे नेताओं के उदय ने राजनीति की दिशा बदल दी। 1990-2005 लालू-राबड़ी शासनकाल रहा, जिसे जंगलराज और पिछड़े वर्ग की राजनीति दोनों दृष्टियों से याद किया जाता है। 2005 के बाद नीतीश कुमार ने विकास और सुशासन के नारे पर राजनीति को नया आयाम दिया। आज की स्थिति यह है कि बिहार की राजनीति में तीन ध्रुव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। एनडीए (भाजपा+जदयू), इंडिया गठबंधन (राजद+कांग्रेस+अन्य सहयोगी दल) और तीसरा विकल्प जनसुराज (प्रशांत किशोर एव छोटे दल)। एनडीए की राजनीति बिहार में मुख्य रूप से भाजपा और जदयू पर आधारित है। हालाँकि लोजपा (रामविलास) और अन्य सहयोगी दल भी हैं, लेकिन असली ताकत इन्हीं दोनों के पास है। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पार्टी है और बिहार में भी उसका कैडर वोट है। लेकिन इस बार पार्टी के सामने कुछ चुनौतियाँ हैं, स्थानीय नेताओं के बीच आपसी खींचतान। जमीनी कार्यकताओं का असंतोष। केंद्रीय नेतृत्व पर अत्यधिक निर्भरता। नीतीश कुमार के साथ रिश्तों में आई खटास। भाजपा का परंपरागत वोट बैंक शहरी क्षेत्रों और उच्च जातियों में मजबूत है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उसे जदयू के सहयोग पर निर्भर रहना पड़ता है। नीतीश कुमार भले ही उम्रदराज हो चुके हैं, लेकिन उनकी छवि आज भी सुशासन बाबू की बनी हुई है। गाँव-गाँव में सरकारी योजनाओं (सात निश्चय, महिला सशक्तिकरण, सड़क-पानी-बिजली) की छाप है। यादव-मुस्लिम वोट बैंक पर सीधा दावा भले ही न हो, लेकिन महादलित और पिछड़ों में उनकी पकड़ मजबूत है। भाजपा के मुकाबले वे जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि अगर आज चुनाव हो जाए तो जदयू सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरेगा। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) अभी भी अपने पिता की विरासत को भुनाने में लगा हुआ है। वह भाजपा के सहयोग से कुछ सीटें जीत सकता है, लेकिन निर्णायक ताकत नहीं है। इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत राजद है। लालू प्रसाद के करिश्मा और तेजस्वी यादव के नेतृत्व का मेल। यादव-मुस्लिम समीकरण अभी भी मजबूत है। ग्रामीण इलाकों में कैडर वोट पूरी तरह एकजुट है। भ्रष्टाचार और जंगलराज की छवि अब धीरे-धीरे धुँधली पड़ रही है, खासकर नई पीढ़ी में। इस चुनाव में राजद के वोट में बिखराव लगभग शून्य है। यही वजह है कि राजद अपने परंपरागत वोट बैंक से आगे बढ़कर गैर-यादव पिछड़ों को भी जोड़ने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस बिहार में कमजोर है, लेकिन राजद के सहारे वह कुछ सीटें जीत लेती है। कांग्रेस की सक्रियता का सबसे बड़ा फायदा राजद को मिल रहा है। कांग्रेस अपने संगठन को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रहा है। लेकिन चुनावी समीकरणों में उसकी अहमियत राजद को मजबूत करने तक ही सीमित दिख रहा है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कुछ छोटे-छोटे दल इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। इनकी जमीनी पकड़ भले ही सीमित हो, लेकिन विपक्षी एकजुटता का संदेश देने में अहम हैं। प्रशांत किशोर लंबे समय तक चुनावी रणनीतिकार के रूप में सक्रिय रहे हैं। लेकिन जब उन्होंने राजनीति में उतरने का फैसला किया तो जनता की अपेक्षाएँ बड़ी थी। उनकी जनसुराज यात्रा गाँव-गाँव तक पहुँची। युवा वर्ग में उनकी कुछ अपील है। लेकिन फिलहाल उनकी पार्टी को वोट कटवा की श्रेणी में ही देखा जा रहा है। जनसुराज की चुनौती है संगठन की कमी। विश्वसनीय चेहरा नहीं बन पाना। जमीनी कार्यकताओं का अभाव। यही कारण है कि उनकी मौजूदगी फिलहाल एनडीए और इंडिया गठबंधन के समीकरण बिगाड़ने तक ही सीमित दिखता है। एनडीए की ओर से चलाई जा रही वोटर अधिकार यात्रा को लेकर काफी चर्चा है। लेकिन विश्लेषण से पता चलता है कि इसका असर बहुत सीमित है। यात्रा उन्हीं इलाकों से गुजर रही है जहाँ पहले से एनडीए की पकड़ मजबूत है। नए मतदाताओं को जोड़ने या विपक्ष के वोट बैंक में सेंध लगाने की संभावना नगण्य है। यह यात्रा ज्यादा प्रचार अभियान बनकर रह गई है, वास्तविकता में वोट पर असर नहीं दिख रहा है। बिहार की राजनीति जातीय समीकरणों के बिना अधूरी है। राजद की यादव और मुस्लिम दीवार मजबूत है। वहीं जदयू का कुर्मी, अति पिछड़ा और महादलित आधार मजबूत है। भाजपा का परंपरागत वोट बैंक ऊँची जातियाँ (ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार, कायस्थ) है। लोजपा का पासवान समाज ही आधार है । यही कारण है कि हर पार्टी चुनाव प्रचार में विकास के साथ-साथ जातीय प्रतिनिधित्व की राजनीति को भी साधने में जुटी है। भले ही दल गठबंधन और रणनीति बनाते रहें, लेकिन जनता का मूड मुद्दों पर भी निर्भर करेगा। रोजगार और बेरोजगारी के लिए बिहार से सबसे अधिक पलायन हुआ है।

# 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस एक कदम गांगेय डॉल्फिन की ओर

**डॉ गोपाल शर्मा की माने तो 1993 में अररिया जिले में एक घटना घटी थी जिसमें लगभग 10 फुट की मादा गर्भवती डॉल्फिन अररिया के मरिया धार में फंस गयी थी। वन विभाग के अधिकारियों ने सप्राइज देने के लिए उस डॉल्फिन को बिना एक्सपर्ट का सहारा लिए जीप की ट्रॉली में पटना भेजना चाहा। लेकिन कुछ ही दूर चलने के बाद उस गर्भवती मादा डॉल्फिन की मौत हो गयी। इस मृत मादा डॉल्फिन का पटना के जू अस्पताल में डिसेक्शन डॉल्फिनमैन प्रो आर. के. सिन्हा एवं डॉ.गोपाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। मृत डॉल्फिन के गर्भ से 7 महीने का भ्रूण (बच्चा) मिला।**






**संजय कुमार**
लेखक

गांगेय डॉलफि न आज भी गंभीर खतरे में है। भारत, नेपाल और बांग्लादेश की नदियों में पाई जाने वाली मीठे पानी की एकमात्र डॉलफि न प्रजाति की संरक्षण स्थिति बहुत चिंताजनक है। खतरे की स्थिति को देखते हुए गांगेय डॉलफि न को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट में ह्यलुप्तप्रायह्ल प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। तो वहीं, भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: में इसे अनुसूची-कके तहत पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई है, जिसका अर्थ है कि इसका शिकार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है और कानूनी रूप से दंडनीय है। इसके संरक्षण को लेकर हर ओर पहल की गूंज सुनाई पड़ती रहती है, क्योंकि वर्ष 1957 के बाद से गांगेय डॉलफि न की आबादी में 50% से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालिया सर्वेक्षणों को देखें तो भारत में गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन में इनकी अनुमानित संख्या लगभग 6,327 है,जिसमें उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 2,397 और बिहार में 2,220 हैं। विशेषज्ञों की मानने तो डॉल्फिन की आवादी की कमी के पीछे प्रदूषण, अवैध शिकार, नदी के बहाव में बदलाव और आवास विखंडन जैसे खतरें अहम हैं। डॉल्फिन संरक्षण को लेकर बड़ा कदम केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मार्च 2022 में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा के साथ की थी। इसका मुख्य उद्देश्य डॉल्फिन संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करना है। तब से 5 अक्टूबर को हर साल राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है और डॉल्फिन के संरक्षण और उनके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। यों तो बिहार में डॉल्फिन दिवस 2012 से ही मनाया जाता रहा है जिसका पूरा श्रेय उस समय के विभाग के सचिव रहे दीपक सिंह को जाता है। डॉल्फिन संरक्षण मुहिम के बीच मौत की खबरें बीच-बीच में आती ही रहती है। डॉल्फिन को वर्ष 2009 में भारत का राष्ट्रीय जलीय जन्तु घोषित किया गया था। एक कदम और बढ़ा जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2020 को नदी और समुद्री डॉल्फिन दोनों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया। जहाँ तक बिहार में डॉलफि न का सवाल है तो हाल ही में जारी नदी डॉलफि न सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, बिहार देश में दूसरा सर्वाधिक डॉलफि न वाला राज्य है। गंगा नदी के अलावा, बिहार में डॉलफि न घाघरा गंडक, कोसी, महानंदा, कमला-बलान, पनार और बागमती जैसी नदियों में पाई जाती हैं। डॉलफि न की सबसे अधिक संख्या बिहार में सुल्तानगंज से कहलगाँव के बीच है, जहाँ विक्रमशिला गांगेय डॉलफि न अभयारण्य स्थित है। जागरूकता की वजह से इनके अवैध शिकार में कमी आई है, लेकिन अभी भी खतरे बने हुये हैं। विक्रमशिला गांगेय डॉलफि न अभयारण्य भारत का एकमात्र डॉलफि न अभयारण्य है, जो बिहार के भागलपुर जिले में सुल्तानगंज से कहलगाँव तक गंगा नदी के 60 किमी. के खंड में फैला हुआ है। यह डॉलफि न के लिए एक प्रमुख संरक्षित क्षेत्र है। डॉलफि न को अहम मानते हुए एशिया का पहला राष्ट्रीय डॉलफि न अनुसंधान केंद्र, पटना में बना है, जिसका उद्घाटन 4 मार्च, 2024 को पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के तट पर किया गया। बात बिहार में डॉल्फिन को देखने की तो सूदन सहाय, बिहार राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य रहे हैं, जिन्होंने पहली बार वर्ष 1992 में डॉल्फिन को देखा था। अजीबो गरीब जलीय प्राणी को पटेगना-पलासी के दोमुहाना घाट पर लोग देख कर हैरत में पड़ गये थे। ग्रामीणों की भीड़ ने उसे राक्षस यानि राकस का नाम देते हुए मार डाला था। सूदन सहाय कहते है कि यहाँ की डॉल्फिन पनार के ही मूल जलीय प्राणी हैं। तब से इसके संरक्षण से वे जुड़े रहे हैं । अररिया में डॉल्फिन संरक्षण में सालों से सक्रिय सूदन सहाय कहते हैं कि बिहार में डॉल्फिन को संरक्षित करने में अहम भूमिका मछुआरों की है। करेंटी जाल में फंसने से डॉल्फिन की मौत हो जाती है। ऐसे में लगातार मछुआरों को जागरूक किया जाता है। सुदन सहाय कहते हैं कि मछुआरों का जीवन नदी और मछली पकड़ने पर निर्भर है। ऐसे में सरकार को मछुआरों को समय-समय पर प्रशिक्षण और सहायत राशि भी दी जाए। और अगर उनके जाल में फंसते है तो उसे सुरक्षित फिर से पानी में छोड़ने या जान बचाने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया जाना चाहिए। क्योंकि डॉल्फिन के करीबी कोई है तो मछुआरा ही होता है। वहीं, डॉल्फिन के जानकार डॉ. गोपाल शर्मा, अंतरिम निदेशक, राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना कहते हैं बिहार की नदियों में डॉलफि नों को आवास विखंडन, जल प्रदूषण, घटते जल स्तर, बड़े- बड़े क्रूज का चलना, बाल खनन के नाव का परिचालनऔर मछुआरों द्वारा आकस्मिक या जानबूझकर हत्या जैसे खतरों का सामना करना पड़ता है। पिछले तीस वर्षों में, केवल अररिया में कम से कम 11 डॉलफि न की मृत्यु दर्ज की गई है, जो अक्सर मछली पकड़ने की गतिविधियों और पारिस्थितिकी दबावों के कारण होती रही है। हाल के सर्वेक्षणों ने अररिया की परमान और महानंदा दोनों नदियों में गंगा डॉलफि न की उपस्थिति की पुष्टि की है, और परमान नदी में 2013 में 35 से 2021 में लगभग 50 तक की संख्या में वृद्धि देखी गई है। वे कहते हैं स्वच्छ नदी अभियान और तकनीकी सर्वेक्षण, आवास स्थितियों का आकलन करने और समुदाय को डॉलफि न-सुरक्षित प्रथाओं, जैसे हानिकारक मछली पकड़ने के जालों से बचने और नदी प्रदूषण को कम करने, के बारे में शिक्षित करने के लिए किए गए हैं।

# विदेश में देश की छवि खराब करना उनकी आदत

**कांतिलाल मांडोत**

कांग्रेस सांसद और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कोलम्बिया के ईआईए विश्वविद्यालय के एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हमला है। भारतीय सरंचना में कमी बताते हुए कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला हो रहा है। राहुल देश मे किसी भी राज्य के चुनाव के पूर्व ओछी राजनीति करने के लिए एवं भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला करने विदेश जाते है। भारत मे उनकी कोई नही सुनता है। इसलिए हरबार विदेश में भारत की बुराई या सतारूढ़ सरकार की आलोचना करते है। भारत दुनिया मे सबसे बड़ा लोकतंत्र है। राहुल गांधी इतने ही नासमझ तो नही होने चाहिए, जोकि अपने देश की बुराई विदेश में जाकर करते है। भारत की विदेश नीति दुनिया मे सबसे अच्छी है। भारत के दुनिया के कई देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बब्ध है। भारत की दुनिया जयकारा लगाती है। लेकिन भारत की आलोचना कर सतारूढ़ सरकार का कोई नुकसान नही कर रहे है, बल्कि अपनी ही पार्टी कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे है। विदेश में भारत को बदनाम करने औरभारत की छवि को घुमिल करने का कार्य कर रहे है। कांग्रेस की सोची समझी साजिश के तहत सतारुढ़ पार्टी को हटाने के लिए किया जा रहा षडयंत्र कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकता है। राहुल गांधी को यह सब करने के लिए मजा आता है। विदेश में राहुल ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बोस्टन में हमला बोला और चुनाव आयोग को घेरते हुये उन्होंने कम्प्रोमाइजड बताया। राहुल गांधी कांग्रेस के शायद पहले नेता है, जिन्होंने विदेश में सतारूढ़ सरकार पर कई बार हमलावर हुए है। कांग्रेस नेता राहुल जानबूझकर भाजपा को बदनाम कर रहे है। क्योकि भारत मे उनके आरोप कोई बड़ा परिवर्तन नही करता है। इसलिए विदेश में जाकर छात्र छात्राओं के समक्ष कटुता उजागर करते है। भाजपा ने विदेश यात्रा पर हमला बोलते हुए भाजपा ने भारत बदनाम यात्रा कहा है। कांग्रेस अपनी नाकामयाबी का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रही है। कांग्रेस के लिए देश मे कई अवसर आए और चले गए, लेकिन कांग्रेस उसी पुराने ढर्रे पर चल रही है। 2024 का चुनाव होने के बाद चिंताग्रस्त कांग्रेस ने राहुल को विदेशी यात्रा के लिए रवाना किया। पिछले वर्ष अमेरिका के प्रेस क्लब में राहुल ने भारतीय लोकतंत्र पर बड़ा हमला बोला और कहा कि भारत में पिछले दस सालों में ब्रोकन हुआ था यानी टूटा है। अब वह लड़ रहा है। दस सालों के बाद कांग्रेस को लोकसभा में विपक्ष का पद प्राप्त हुआ है। क्योकि कांग्रेस 99 सीटे जितने के बाद कांग्रेस ने उन्हें विपक्ष को घेरने के लिए राहुल को अध्यक्ष का पद दिया गया। जवाहरलाल नेहरू से राजीव गांधी तक एक ही पिक पर कांग्रेस कार्य कर रही है। कांग्रेस की नीतियां चुनाव में प्रत्याशियों को पीछे करने के लिए मजबूर करती है। राहुल ने यह सवाल कहकर उनकी और कांग्रेस की मूल भावना को ही उजागर कर दिया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019में चुनाव हुआ उसमे मतदाताओ ने वोट नही डाला था। यह राहुल की भावना ही दशार्ती है। कांग्रेस विपक्षी दल है। सरकार ने सवाल करने का पूरा हक है। लेकिन कोई भी मुद्दा तथ्यात्मक होना चाहिए। बेबुनियाद बयानबाजी से कांग्रेस को ही नुकसान होता दिखाई दे रहा है। राहुल बिना आधार का आरोप लगाकर सुर्खियों में रहना चाहते है। ब्रसेल्स के यूरोपियन यूनियन में राहुल ने कहा था कि फुल स्केल एसॉल्ट हो रहा है। यानी भारतीय संस्थाओ की निष्पक्षता पर सवाल उठाया था। इतना ही नही आइडियाज ऑफ इंडिया सम्मेलन में राहुल ने भारतीय संस्थाओं को परजीवी कहा था। 2022 में राहुल ने भारतीय संस्थाओ पर अंगुली निर्देश कर राहुल ने फिर भारत को बदनाम करनी की कोशिश की गई। 2018 में यूके औरजर्मनी में राहुल गांधी ने कहा था प्रधानमंत्री देशभक्त नही है। देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुने हुए प्रधानमंत्री पर गम्भीर आरोप था। नोटबन्दी को लेकर कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री होते तो इस प्रस्ताव को कूड़ेदान में फेंक देते। यह बयान राहुल ने मलेशिया में नोटबन्दी को लेकर दिया था। अभिव्यक्ति की आजादी के स्वतंत्र अभिगम को लेकर बेबुनियाद आरोपो की झड़ी लगाई जा रही है। सिंगापुर में कुआन यूपब्लिक पॉलिसीने राहुल ने 2018 में आरोप लगाया और कहा कि भारत मे डर और नफरत का माहौल है। यह सवाल अंतराष्ट्रीय मंच पर छवि को खराब करने का माहौल था। भारत मे तो सप्ताह में आरोपो की झड़ी लगती ही है। लेकिन विदेश में राहुल हरदम आरोप लगाने के लिए ही भेजे जाते है। 2018 में बहरीन में राहुल ने अपने भाषण के दौरा ठक्कसम्मेलन में मन की भड़ास निकालते हुए कहा भारत मे नफरत फैलाने में सरकार व्यस्त है और बेरोजगारी को रोकने में भाजपा सरकार नाकाम रही है। देश की छवि को घूमिल करते राहुल ने अमेरिका के बर्कडे स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि भारत मे सरकार केवल सौ टॉप कम्पनियो के लिए काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, यातायात और बिजली आपूर्ति बाधित

मुजफ्फरपुर। जिले में शनिवार को हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ गिरने से सड़कों पर आवागमन ठप हो गया और विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। मुसहरी प्रखंड क्षेत्र में पूसा मार्ग के नवादा और मनिका चौक पर पेड़ गिरने से यातायात घंटों बाधित रहा। इसी तरह एनएच-28 पर भी कई जगहों पर पेड़ गिरने से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। बंदरा प्रखंड के जरंगी गांव में बरगद का विशाल पेड़ गिरने से मैठी-पिलखी मुख्य पथ अवरुद्ध हो गया। वहीं गायघाट, कटरा, बोचहां, मीनापुर और सकरा सहित विभिन्न प्रखंडों से भी सड़कों और विद्युत पोलों पर पेड़ गिरने की खबर है। इन घटनाओं के कारण न सिर्फ लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई, बल्कि कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। प्रशासन और बिजली विभाग की टीमों द्वारा सड़कों से पेड़ हटाने और आपूर्ति बहाल करने का काम जारी है।

### असत्य पर सत्य का जीत रावण वध

चनपटिय। प्रखंड के सिरसिया पंचायत के विश्वास दुर्गा मंदिर प्रांगण में विजय दशमी के दिन पापी रावण का वध किया गया। इस अवशर पर भव्य मेला का आयोजन भी किया गया था। रावण वध के आयोजक सेवा निवृत्त फौजी शक्तिनाथ तिवारी ने बताया कि अर्धम और धर्म के बीच के खाई को लोगों के बीच रखना यह एक कड़ी है। प्रतिवर्ष के भांति इस बार भी हर्षोल्लास के रावण वध किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष अंनत कुमार, पुर्व प्रमुख बसंत सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रसुन प्रवीण उर्फ चन्दन, दारोगा खुशबू कुमारी, समाज सेवी दिनेश सिंह, मनोज साह, अर्जुन पटेल, मुनु राय, मुकुल पाण्डेय समेत पुलिस प्रशासन व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीमेंट भंडार में भीषण आग लाखों की संपत्ति जलकर राख

मुजफ्फरपुर। शहर के रेवा रोड स्थित दीपक सीमेंट भंडार में शनिवार की शाम भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे भंडार को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं काफी दूर तक दिखाई दे रहा था। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक गोदाम में रखे सीमेंट, रॉड सहित अन्य सामान जलकर राख हो चुके थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है, हालांकि प्रशासन ने कारणों की जांच शुरू कर दी है। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आगजनी से लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मौके पर प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया है।

### स्वच्छ, पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

मुजफ्फरपुर। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वच्छ, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर कर्मियों के प्रशिक्षण की तैयारी शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय, गनीपुर, मुजफ्फरपुर में मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आयोग की मार्गदर्शिका के अनुरूप तैयार किये गये इस प्रशिक्षण कैलेंडर के तहत 19 अक्टूबर तक पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को क्रमवार प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रथम चरण के तहत जिले में कुल 50 हजार से अधिक निर्वाचन कर्मियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय गनीपुर का भ्रमण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण हॉल, बैठने की व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों और प्रशिक्षण पद्धति का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया और सभी कर्मियों से पूरी निष्ठा व समर्पण भाव के साथ प्रशिक्षण लेने को कहा।

# पश्चिम चम्पारण में विकास का उत्सव : 601 लाभुकों को भूमि, 200 लाभुकों को आवास, 202 लाभुकों को जविप्र अनुज्ञप्ति, 150 अभ्यर्थियों को नौकरी, 100 लाभुकों को शौचालय

- मंत्री जनक राम ने किया सामूहिक वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं मुखिया को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री सह पश्चिम चम्पारण के प्रभारी मंत्री, जनक राम ने स्थानीय गाँधी सभागार (प्रेक्षा गृह) में आयोजित एक भव्य समारोह में विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों लाभुकों को नियुक्ति पत्र, आवास की सांकेतिक चाबी, भूमि का पर्चा, जविप्र अनुज्ञप्ति, शौचालय निर्माण अनुदान स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मंत्री श्री जनक राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। आज का यह सामूहिक वितरण कार्यक्रम सुशासन और जनकल्याण की दिशा में एक सशक्त कदम है। माननीय मंत्री ने सभी लाभुकों और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से सभी पात्र लोगों तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान जिले के 601 भूमिहीन लाभुकों को भूमि का पर्चा प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 200 लाभुकों को आवास निर्माण पूर्ण करने पर सांकेतिक चाबी, जबकि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत 100 लाभुकों को शौचालय अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं 202 लाभुकों को जन वितरण प्रणाली विक्रेता का अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया। जिसमें नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत 184 एवं बगहा अनुमंडल अंतर्गत 18 लाभुक शामिल हैं। इसके अलावा अनुकंपा के आधार पर नवनियुक्त 150 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ठकराहा, लौरिया और गौनाहा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, लौरिया एवं नौतन के प्रखंड समन्वयक, तथा सेमरा कटकुइया (बगहा-02) पंचायत की माननीय मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद, डॉ. संजय जायसवाल, माननीय विधायक विनय बिहारी, माननीय विधान पार्षद उप विकास आयुक्त सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# ‘मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना’ का शुभारंभ

- समाहरणालय सभागार में हुआ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में आज 04 अक्टूबर 2025 को पुनर्गठित ‘मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना’ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, प्रदीप कुमार गोंड, सहायक प्रबंधक, डीआरसीसी, श्री राम बाबू दास एवं श्री उद्देश कुमार साथ साथ जिले के आवेदक उपस्थित रहे। इस योजना के अंतर्गत अब तक केवल 12वीं उत्तीर्ण युवक एवं युवतियों को ही योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा हैं, किंतु अब इसका विस्तार करते हुए स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण युवाओं को भी इसका लाभ दिया जाएगा। यह योजना में 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन स्व-रोजगारहीन या बेरोजगार युवाओं के लिए है जो सरकारी, निजी या किसी अन्य संस्थान में कार्यरत अथवा अध्ययनरत नहीं हैं। ऐसे युवाओं को रोजगार खोजने हेतु 1000 प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त योजना का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित ‘कुशल युवा कार्यक्रम’ के अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा, तभी योजना की अंतिम पांच माह की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

### सेमरा में विकलांग ऑटो चालक पर पुलिस की बर्बरता, वीडियो वायरल

बेतिया। सेमरा थाना क्षेत्र में पुलिस की अमानवीय हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से विकलांग ऑटो चालक सुनील यादव को सड़क पर गिराकर बेरहमी से डंडों से पीटता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार, वृंदावन गांव निवासी 40 वर्षीय सुनील यादव विजयादशमी मेले के दिन बगहा से सवारी लेकर लौट रहे थे। रास्ते में एक सवारी से किराया को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान मौके पर पहुंची सेमरा थाना पुलिस ने सुनील से विवाद कर लिया और बिना वजह मारपीट शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनील विकलांग होने के बावजूद मेहनत कर ऑटो चलाकर परिवार चलाते हैं। पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई से लोगों में आक्रोश है। मौके पर भीड़ इकट्ठा होने पर पुलिसकर्मी वहां से हट गए।

## बगहा वाल्मीकिनगर सड़क मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागवन बाधित



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग स्थित मदनपुर और गोबरहिया के बीच पेड़ गिरने की वजह से घंटो आवागवन बाधित रही। सूत्रों की माने तो मदनपुर और गोबरहिया के बीच भारी बारिश के वजह से पेड़ सड़क के उपर आ गिरा है जिस कारण सड़क पर आवागवन बाधित हो गई है। सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लम्बी कतारे लग गईं है। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाचार लिखें जाने तक पेड़ को सड़क से हटाने की कवायद की जा रही थी।

## सिरिसिया में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता





चनपटिया। प्रखंड के सिरिसिया पंचायत स्थित एकरहिया गांव में बुधवार को नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजेन्द्र बैठा, मुखिया ऐतवारी देवी एवं बीपीआरओ विवेक कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे बड़ी सौगात बताते हुए खुशी जताई। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजेंद्र बैठा ने कहा कि 1.34 करोड़ की लागत से बनने वाला पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बीपीआरओ विवेक कुमार ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बन जाने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाएं और सेवाएं आसानी से मिलेंगी, समय और पैसे की बचत होगी, और पंचायत स्तर पर सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। वही मुखिया ऐतवारी देवी ने बताया कि अब पंचायत की जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यह भवन प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करेगा। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सरकार भवन के सभी कमरों का भी बारी-बारी से अवलोकन किया। इस मौके पर जदयू नेता अखिलेश्वर आजाद, मुखिया प्रतिनिधि सुभाष साह, पंचायत सचिव राम पारस राम, वार्ड सदस्य पति दिनेश सिंह, अर्जुन पटेल, राजेश पासवान, मनोज साह, विनोद पड़ित, छबीली महतो, आवास सहायक, रोजगार सेवक सहित कई प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मवेशी चरवाहे को बाघ ने हमला कर उतरा मौत के घाट शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए

- तीन दिनों के भीतर दो लोगों पर बाघ ने किया हमला
- पुरे क्षेत्र मे दहशत

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक बाघ ने चरवाहे पर हमला कर उसे मार डाला। भजन मांझी नामक चरवाहा अपने मवेशियों को चराने गया था तभी बाघ ने उस पर हमला किया और उसे जंगल में ले गया। अन्य चरवाहों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया पर तब तक बाघ उसे मार चुका था।

मंगुराहा वन क्षेत्र से निकलकर करीब 100 मीटर की दूरी पर बाघ ने एक चरवाहे को मार डाला है। घटना गोवर्धना वन क्षेत्र अंतर्गत कक्ष संख्या एस - 25 के पास खैरहवा गांव की है जहां शुक्रवार की शाम बाघ ने उक्त व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया। तीन दिनों के भीतर बाघ के होले में दूसरी मौत के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

शुक्रवार की शाम जब देर शाम तक भजन मांझी घर नहीं पहुंचे तो परिजन और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की।

सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। देर रात करीब 9:30 बजे नदी किनारे झाड़ियों से शव बरामद किया गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रेंजर मुमताज अहमद ने बताया कि बाघ की गतिविधि को ट्रैक किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल के किनारे न जाएं और सतर्क रहें। बावजूद इसके कई लोग चेतावनी को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ सकता है।

## नरकटियागंज स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय बुजुर्ग महिला की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। रेलवे जंक्शन पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां ट्रेन में सवार होने के दौरान एक बुजुर्ग महिला असंतुलित होकर रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान नरकटियागंज के कटघरवा गांव निवासी 70 वर्षीय कलामुन नेशा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, कलामुन नेशा हृदय रोग से पीड़ित थीं और पिछले कुछ समय से गोरखपुर में उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को वे परिजनों के साथ इलाज के लिए गोरखपुर जा रही थीं। नरकटियागंज स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वे प्लेटफॉर्म से नीचे ट्रैक पर गिर गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेल थानाध्यक्ष राजकुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला लंबे समय से हृदय रोग से जूझ रही थीं।

परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताते हुए रेल थाना में आवेदन दिया, जिसके बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। यह हादसा स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों को भी झकझोर गया। मौके पर मौजूद रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का शंखनादः बिहार में गौ भक्त उतारेंगे मैदान में, हर सीट पर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने बिहार की राजनीति में सनातनी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने गौ मतदाता संकल्प यात्रा निकालकर घोषणा की कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार की सभी विधानसभा सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी उतारे जाएंगे। शंकराचार्य जी स्वयं गौ भक्तों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे और सनातनी हिन्दुओं से अपील करेंगे कि वे गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए समर्पित उम्मीदवारों को वोट दें। एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता की रक्षा करें। गौ माता हमारी संस्कृति और आस्था की आधारशिला हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी पार्टी ने अब तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने पर अपना स्पष्ट पक्ष नहीं रखा, इसलिए अब गौ भक्त स्वयं राजनीतिक मैदान में उतरेंगे।

कार्यक्रम में भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। वातावरण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्साह से गूंज उठा। यह जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी।

### ठनका गिरने से मझौलिया में एक मवेशी समेत दो की मौत

बेतिया। मझौलिया प्रखंड के परसा मौजे पंचायत वार्ड नंबर 1 में आकासीय बिजली गिरने से शिवनाथ पाल की पत्नी सुदामा देवी ( 60 ) वर्ष और पोती नंदनी कुमारी ( 7 )वर्ष की घटनास्थल मौत हो गयी।जानकारी पंचायत के मुखिया पुतुल ठाकुर ने दी।साथ ही एक मवेशी की भी मौत हुई है।मौत से परिजनों का रो रो का बुरा हाल है ।सुचना पर मझौलिया थानाअध्यक्ष अवनीश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जीएमसीएच भेजा।

# नरकटियागंज अंचल नजारत कार्यालय में पानी-पानी खतरे में जमीन के महत्वपूर्ण अभिलेख

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। एक दिन की बारिश ने नरकटियागंज अंचल नजारत कार्यालय की बदहाली को उजागर कर दिया है। शनिवार की सुबह से हुई तेज बारिश के बाद पूरा कार्यालय परिसर जलमग्न हो गया। हालात इतने खराब हैं कि कमरों के भीतर घुटनों तक पानी भर गया है। इस कार्यालय में सैकड़ों एकड़ जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए हैं, जो अब पानी में भीगकर नष्ट होने के कगार पर हैं। कर्मचारी और स्थानीय लोग खुद दस्तावेजों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में जुटे हैं, लेकिन लगातार बारिश और जलभराव के कारण स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। कार्यालय की दीवारें सीलन से भर गई हैं और फाइलें पानी में तैरती नजर आ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल पंपिंग की व्यवस्था और रिकॉर्ड सुरक्षित करने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह हालात वर्षों से बने हुए हैं, लेकिन अब तक किसी ने स्थायी समाधान नहीं किया। यह नजारा इस बात का प्रमाण है कि प्रशासनिक लापरवाही और बुनियादी सुविधाओं की कमी से सरकारी दस्तावेज भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं।

## आंधी व मूसलधार वृष्टि से मझौलिया में बड़ी तबाही, सैकड़ो पेड़ गिरे

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया ।शनिवार के दिन आंधी के साथ हुई मूसलधार बारिस से मझौलिया प्रखंड क्षेत्र में बड़ी तबाही हुई ।आंधी में कई पेड़ सड़को पर गिर गया ।कई लोगों का छप्पर उड़ गया ।ताल तलैया और सड़कों का फर्क मिट गया। फसलों का भारी नुकसान हुआ ।चीनी मिल कारखाना में पानी घुसा ।चीनी मिल के आवासीय बाबू क्वार्टर कोलनी में लगभग ढाई फीट जलजमाव है ।यहां आवासीय कोलनी के लोगों का बहुत कीमती सामान और अभिलेख भी बर्बाद हो गया ।यही हालत फीटर क्वार्टर कोलनी का है ।ब्लॉक, अंचल, स्वास्थ्य, मनरेगा आदि कार्यालयों में जलजमाव हो गया है। बुजुर्ग बताते है कि इतना हैवी रेन पहले कभी नही हुआ ।मझोलिया से पारस पकड़ी जाने वाला पक्की सड़क पर रेलवे गुमटी के उत्तर एक पेड़ गिर गया है ,नतीजतन मझौलिया से सरिसवा व तिरूवाह की ओर जानेवाला पथ पर आवाजाही ठप्प हो गया है ।सैकड़ो एकड़ में लगे गन्ना फसल सपाट रूप से गिर गया है ।यही हालात धान के फसलों की है ।किसान फसलों की बबार्दी से सिर धुन रहे है ।सुबह 08 बजे से बिजली कट जाने से स्थिति कोढ़ में खाज की स्थिति उतपन्न कर दिया है।

# मिली स्कूल बैग बच्चों कि खिली चेहरा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग ठल 727 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय जनवलिया प्रखंड चनपटिया से होकर पत्रकार समाचार संकलन हेतु भ्रमण मे थे तभी छात्र- छात्रों की अभिभावक अपने बच्चों के आधार कार्ड लेकर बच्चों के साथ स्कूल की तरफ जा रहे तो पत्रकारों को पता किया गया तो पता चला कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय जनवलिया चनपटिया में आज छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल बैग और स्टेशनरी का वितरण विद्यालय के प्रधान शिक्षक रितेश कुमार के द्वारा विद्यालय की छात्राओं के बीच शिक्षा विभाग के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्कूल बैग और स्टेशनरी का वितरण किया जा रहा था।

मौके पर प्रधान शिक्षक रितेश कुमार ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताएं कि हमारे विद्यालय की करीब1+5तक के 60 छात्र- छात्राओं के बीच स्कूल बैग एवं स्टेशनरी का वितरण छात्राओं के बीच विभाग के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया जा रहा है हमारे विद्यालय में गरीब और पिछड़े समाज की छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं हम और हमारी सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाएं लगन और निष्ठा के साथ छात्र-छात्राओं को अध्ययन कराते है ताकि हमारी बच्चे पढ़े आगे बढ़े कुछ करें हमारा और हमारे विद्यालय का नाम और रौशन कर सके मौके पर सहायक शिक्षक नागेंद्र कुमार यादव शिक्षिका अंशु कुमारी सरिता कुमारी, शहित छात्र-छात्रा छोटी कुमारी रोशन कुमारी सौरव कुमार पल्लवी कुमारी दिलखुश कुमार आदि छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 4 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मुजफ्फरपुर जिले की 99,607 महिलाओं के बैंक खाते में प्रति लाभुक 10,000 की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से ट्रांसफर की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 4,38,607 महिलाओं को प्रति लाभुक 10000 ट्रांसफर करते हुए इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इसके लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पटना में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया और इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में किया गया।

जिलेभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को अपने जीवन का ‟टर्निंग प्वाइंट" बताते हुए सरकार और माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त की। इस कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करते हुए मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय से लेकर सभी 16 प्रखंड मुख्यालयों, 66 संकुल स्तरीय संघों और 3732 ग्राम संगठनों में विशेष आयोजन किये गये ।इन आयोजनों में कुल 5.15 लाख महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसने इसे अभूतपूर्व बना दिया।

जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियों ने रंग-बिरंगी और भव्य रंगोलियों से कार्यक्रम स्थलों को सजाया। कई स्थानों पर पारंपरिक गीतों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी खुशी व्यक्त की। पूरा माहौल उत्सव जैसा रहा और महिलाओं के चेहरों पर आत्मनिर्भरता की नई आशा स्पष्ट झलक रही थी ।महिलाओं में इस योजना को लेकर गजब का उत्साह और उमंग देखने को मिला।

यह आयोजन केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी का भी सशक्त प्रमाण बना।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### विषैले सांप के डंसने से छात्र की हालत बिगड़ी

आरा। जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव में शनिवार की सुबह विषैले सांप के डंसने से खेत में काम कर रहे छात्र की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लिया गया। उक्त युवक द्वारा सांप को जख्मी कर उसे अपने साथ लगाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त युवक थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद का 21 वर्षीय पुत्र विक्रांत कुमार है। वह इंटर का छात्र है। इधर, उक्त किशोर विक्रांत कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान सांप ने उसे डंस लिया। इसके बाद उसने सांप को लाठी से जख्मी कर उसे भी अपने साथ सदर अस्पताल ले आया।

### इलेक्ट्रिक मोटर गिरने से युवक जख्मी

आरा। जिले के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बड़कागांव में शनिवार की सुबह इलेक्ट्रिक मोटर गिरने से एक युवक जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गजराजगंज ओपी अंतर्गत बड़कागांव निवासी योगेंद्र तुरहा का 20 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। इधर, मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वह खेत में पानी पटाने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर चालू करने गया था। उसी दौरान मोटर उसके बाएं पैर पर गिर पड़ा और जख्मी हो गया।

### बारिश के कारण पुराना घर गिरा

पीरो। शुक्रवार की रात हुई भरी बारिश के कारण प्रखंड के पचरुखिया गांव में युगल किशोर महतो का पुराना घर गिर गया। हालाकि इस दौरान घर में मौजूद युगल किशोर और उनका परिवार बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि युगल किशोर का पुराना घर काफी जर्जर हो चुका था। युगल किशोर के अनुसार इंदिरा आवास योजना के तहत उनका घर अभी बन रहा था। लेकिन जमीनी विवाद के कारण काम रुक गया है। इसी कारण वे मजबूरी में पुराने घर में रह रहे थे।

### ठनका से घर का दीवार गिरा, मवेशी जख्मी

पीरो। शुक्रवार की रात हुई बारिश ने पूरे इलाके में कहर बरपाया है। बारिश के दौरान ठनका गिरने से हरहथा (हसनबाजार) गांव में नरेंद्र सिंह के घर का दीवार भारभरा कर गिर गया। इस घटना में नरेंद्र सिंह का परिवार और उनके मवेशी बाल बाल बच गए। घर में बंधे मवेशी इस घटना में जख्मी हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी रवि यादव अमई शनिवार की सुबह मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने पीरो सीओ से इस मामले में जांच कर पीड़ित परिवार को समुचित सहायता किए जाने का अनुरोध किया है।

### आज पीरो में मधुर मेघ बनकर बरसेंगे कवि

पीरो। हथिया नक्षत्र में हो रही अमृत वर्षा के साथ-साथ अरवल, गया जी, रोहतास, कैमूर, भोजपुर व बक्सर के कई नामी गिरामी कवि मधुर मेघ बनकर बरसेंगे। मौका होगा पीरो प्रखंड के पचरुखिया गांव स्थित सिद्धेश्वरी संस्कृत महाविद्यालय में गांव में छांव के बैनर तले आयोजित कवि सम्मेलन का। रविवार को आयोजित होने वाले इस कवि सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम में जनार्दन मिश्र जलज (औरंगाबाद), शशिभूषण मिश्र (बक्सर) संजय कुमार मिश्र अणु (अरवल) नागेन्द्र केशरी (औरंगाबाद) हिमांशु चक्रपाणि (औरंगाबाद) कृष्ण गोपाल मिश्र (आरा) धनजंय मिश्र (बक्सर) चंद्रशेखर मिश्र (आरा) धनजंय जयपुरी (औरंगाबाद) अनिल अनल (औरंगाबाद) रामेश्वर विहान (बक्सर) मनोज मिश्र मार्तंड (गया जी) राजमणि मिश्र (पटना) श्रीनिवास चौबे (दिनारा) धर्मेंद्र सिंह (औरंगाबाद) अनुज बेचैन (औरंगाबाद) जयनाथ पांडेय (सेदहां) दयाशंकर मिश्र (भलुनीधाम) सहित कई अन्य कवि शिरकत करेंगे। ये कवि वर्षा की रिमझिम फुहारों के बीच गर्जन, तडक, कडक, चमक के साथ कविताओं की बारिश करेंगे। जिससे सराबोर होने के लिए कविता प्रेमियों की भीड जुटेगी।

### विद्यालय से एफएलएन किट की चोरी

पीरो। अगिआंव बाजार थानान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सलखना के कार्यालय कक्ष से अज्ञात चोरों ने बच्चों की एफएलएन किट चुरा ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो सुहैल आलम ने बताया कि दुगार्पूजा के दौरान विद्यालय में चार दिन का अवकाश रहने के कारण वहां कोई मौजूद नहीं था। विद्यालय में सुनसान स्थिति का लाभ उठाकर चोर कार्यालय कक्ष का दरवाजा घिसका कर अंदर घुस गए और वहां रखे एफएलएन किट से कई कीमती

# पीरो नगर परिषद की पहली महिला कार्यपालक पदाधिकारी बनीं मेधा

## सफाई और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया आश्वासन

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। वर्ष 1971 में नगर पंचायत के गठन के बाद पहली बार किसी महिला ने कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला है। बीपीएससी की 67वीं बैच की अधिकारी मेधा ने शुक्रवार को पीरो नगर परिषद की पहली महिला कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण से पहले निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने उन्हें विधिवत कार्यभार सौंपा। मेधा इससे पूर्व वर्ष 2021 में गठित गड़हनी नगर पंचायत में भी कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। नगर परिषद बनने के बाद यह नगर की चौथी कार्यपालक पदाधिकारी हैं, जबकि पीरो अधिसूचित क्षेत्र के गठन के बाद पहली महिला अधिकारी के रूप में उन्होंने कार्यभार संभाला है।

पदभार ग्रहण के उपरांत मेधा ने सबसे पहले नगर परिषद में पदस्थापित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में व्याप्त अव्यवस्था को दूर करना और साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी।

# अमरूद के पेड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव में शनिवार की दोपहर अमरूद के पेड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग भी की गई। जिसमें फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक महिला जख्मी हो गई। जबकि मारपीट में एक पक्ष के बाप-बेटा समेत चार लोग जख्मी हो गए। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार गोली से जख्मी महिला गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव निवासी सोनू साव की 25 वषीर्या पत्नी मुन्नी देवी है। जबकि मारपीट में एक पक्ष के उसी गांव के निवासी श्रीराम सिंह, उनके दो पुत्र विशाल कुमार, बालवीर कुमार एवं एक पुत्री अनुराधा कुमारी शामिल है। इधर गोली से जख्मी महिला के पति सोनू साव ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह कम पर गया हुआ था। उसी बीच उसकी पत्नी गोइठा लाने के लिए श्रीराम सिंह के घर गई थी। जहां पर श्रीराम सिंह एवं राम सिहासन सिंह के बीच झगड़ा हो रहा था। जहां वह झगड़ा देखने लगी। तभी राम सिहासन सिंह के पुत्र गोलू के द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान उसकी पत्नी को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जबकि मारपीट में जख्मी श्रीराम सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई राम सिहासन सिंह का अमरूद का पेड़ उनके हिस्से की जमीन पर है और शनिवार की दोपहर जब वह उस पेड़ से अमरुद तोड़ रहे थे तो उनके बड़े भाई राम सिहासन सिंह द्वारा मना किया जाने लगा। तभी उन्होंने कहा कि अपना अमरूद का पेड़ मेरे जमीन से उखाड़ कर ले जाओ। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो रही थी। तभी मुन्नी देवी उनके घर गोइठा लेने आ गई। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में मारपीट शुरू कर दी। तभी उनके भतीजे अमरेंद्र कुमार उर्फ गोलू द्वारा फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान वह जैसे ही हटे तो उनके पीछे खड़ी मुन्नी देवी को गोली लग गई। वही मारपीट में वह उनके दो बेटे एवं में पुत्री जख्मी हो गए।

# पीरो के पावर सब स्टेशन में घुसा पानी, विद्युत आपूर्ति बाधित



पीरो। लगातार हो रही वर्षा के पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित विद्युत पावर सब स्टेशन परिसर में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि आसपास स्थित खेतों में जमा पानी भी पावर सब स्टेशन परिसर में घुस गया है। इससे पावर स्टेशन परिसर तालाब का रुप धारण कर लिया है। परिसर से जल निकासी की कोई फौरी व्यवस्था नहीं होने के कारण विद्युत कर्मियों को परिसर में जाकर काम करने में परेशानी हो रही है। वैसे पंप सेट लगाकर परिसर में जमा पानी को निकालने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन आसपास के खेतों में जमा पानी फिर से रिसकर परिसर में आ रहा है। ऐसे में तत्काल इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। परिसर में घुटना भर पानी जमा होने के कारण करंट लगने के डर से विद्युत कर्मी वहां जाकर काम करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। तत्काल जल जमाव की समस्या दूर नहीं होने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है।

## 25 केन बियर के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस की टीम ने शनिवार को पकड़ी वार्ड नंबर-13 में एक घर के समीप छापेमारी की। इस दौरान 25 केन बीयर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वह पकड़ी वार्ड नंबर-13 निवासी रामचंद्र चौधरी के पुत्र अशोक कुमार है।जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नवादा थाना अंतर्गत पकड़ी वार्ड नंबर-13 निवासी अशोक कुमार अपने घर में अंग्रेजी बियर रख कर बेच रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस की टीम ने तत्काल धावा बोला। पुलिस पार्टी को देखकर घर के अंदर से एक व्यक्ति उजाला रंग के प्लास्टिक के बोरा को हाथ में लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे खड़ेद कर पकड़ लिया गया। जांच के दौरान बोरा में से 500 एमएल का 25 केन बीयर कुल 12.500 लीटर बरामद हुआ। इस मामले में गिरफ्तार के विरुद्ध नए उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पीरो में गरबा नाइट का किया गया आयोजन

पीरो। शारदीय नवरात्र के मौके पर शुक्रवार की रात्रि पीरो में भव्य गरबा नाइट का आयोजन किया गया। नगर के पुराना स्टेशन रोड स्थित जीडी मैरेज हाल में आयोजित इस गरबा नाइट में काफी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संध्या करीब 7 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पहले ह्यरंगीला तारो...., ढोल बाजे...जैसे गीतों पर हाथों में डांडिया लेकर जमकर गरबा किया। वही इसके बाद मशहूर गायिका फाल्गुनी पाठक के प्रसिद्ध गानों पर भी यहां प्रतिभागियों ने जमकर गरबा किया। गरबा कार्यक्रम रात करीब 12 बजे तक जारी रहा और इसमें शामिल महिलाओं, युवतियों और बच्चों जमकर गरबा डांस का जमकर आनंद उठाया। गरबा कार्यक्रम में शामिल प्रियंका केशरी, संध्या केशरी, मीना देवी, कंचन केशरी, आंचल, नंदिनी, परिधि, रिद्धि, सिद्धि, शांता केशरी, सुधा, इंदु केशरी, लाली केशरी, रानी, श्वेता समेत दर्जनों युवतियों व महिलाओं ने कहा कि नवरात्रि में गरबा खेलने का अपना अलग ही आनंद है। हमे नवरात्रि का पूरे साल इंतजार रहता है और हम सभी डांडिया लेकर गरबा खेलने के लिए उत्साहित रहते हैं। युवतियों और बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब गुजरात और मुंबई की तर्ज पर हमारे यहां भी बड़े स्तर पर गरबा का आयोजन किए जाने की जरूरत है।

# आरा मुफ्फसिल थाना के बड़की संदिया गांव में गिरा ठनका

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। मुफ्फसिल थाना के बड़की संदिया गांव में मुन्ना पासवान के घर पर ठनका (आसमानी बिजली) सुबह लगभग 5 बजे गिर गया जिससे मुन्ना पासवान का बना प्रधानमंत्री आवास क्षतिग्रस्त हो गया,छत के नीचे दीवार में दरार हो गया तथा घर में लगे बिजली का तार सभी झुलस गया। आसमानी बिजली गिरने से घर में धुआं उठ गया तथा सभी लोगों का बदन सुन्न हो गया। घटना की सूचना पाकर लोजपा रामविलास भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने मुन्ना पासवान के घर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। श्री राजेश्वर पासवान ने बताया कि ठनका गिरने से मकान क्षतिग्रस्त एवं घर में विद्युत कनेक्शन का तार पूरी तरह जल गया है, घर के बगल में सैजन का पेड़ भी झुलस गया है, जान माल की किसी तरह की क्षति नहीं हुई है । घर में सोएं लोगों की किसी तरह की क्षति नहीं हुई है।

आगे श्री पासवान ने कहा कि जब असमान में गर्जन एवं बारिश हो तो घर में लगे टीवी का डिश से कनेक्शन को अलग कर देना चाहिए तथा इलेक्ट्रिक बोर्ड से फ्यूज निकाल देना चाहिए ताकि आसमानी बिजली का प्रभाव डिश होते हुए घर में लगे टीवी एवं इलेक्ट्रिक बोर्ड तक नहीं पहुंचे।

# झील में तब्दील हुआ पीरो का कन्या मध्य विद्यालय

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय परिसर में घुटना भर पानी जमा हो गया है। दरअसल विद्यालय परिसर का फर्श सड़क तल से काफी नीचे है और यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में यहां अक्सर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। खासकर बरसात के समय तो बारिश के बाद जल जमाव के कारण पठन-पाठन कार्य बुरी तरह प्रभावित होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह के अनुसार परिसर में मिट्टी भरवाने के लिए उनके द्वारा विभाग से पत्राचार के अलावे नगर परिषद के सभापति से संपर्क कर इस समस्या के समाधान का प्रयास किया गया है लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। इस बार बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल हो गई है। लगातार हुई वर्षा के कारण फिलवक्त विद्यालय का पूरा परिसर पानी से लबालब भरा है। जिससे बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को वर्ग में आने जाने में परेशानी हो रही है। शनिवार को हुई जमकर बारिश के बाद वर्ग कक्ष में भी पानी घुस गया। ऐसे में पठन-पाठन कार्य भी प्रभावित हुआ । परिसर में जिस तरह जल जमाव की स्थिति बनी हुई है उससे आगे भी पठन-पाठन कार्य प्रभावित होगा ।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र प्रसाद के असमय निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर

प्रातः किरण संवाददाता

तरारी। तरारी प्रखंड के मध्य विद्यालय धर्मपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह तरारी गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद का शुक्रवार को बीमारी के कारण असमय निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही शिक्षा जगत समेत पूरे तरारी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।उपेंद्र प्रसाद वर्ष 2003 से शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और इसके साथ ही बीएलओ का भी दायित्व संभाल रहे थे। वे एक कुशल शिक्षक होने के साथ-साथ फुटबॉल के उत्कृष्ट खिलाड़ी और रेफरी भी रहे। उन्हें सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में गहरी रुचि थी। उनकी विद्वता और ओजस्वी वक्तृत्व कला ने उन्हें शिक्षा विभाग और समाज में एक अलग पहचान दिलाई थी।

नके निधन पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयप्रकाश ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लतरारी ने शिक्षा जगत के एक अनुभवी कोहिनूर को खो दिया है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं होगी।ह्व उन्होंने दिवंगत शिक्षक के परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।उनके सहकर्मी शिक्षकों – उमेश कुमार, ब्रजेश नारायण, गौरी प्रसाद, राजीव रंजन, अनिल शर्मा और रवि कुमार सिंह – ने कहा कि वे विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय और अनुशासनप्रिय शिक्षक थे। उनकी सादगी, मिलनसार स्वभाव और शिक्षा के प्रति समर्पण भावना हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।उपेंद्र प्रसाद का पत्रकारिता जगत से भी गहरा नाता रहा। वे लंबे समय तक सक्रिय रहकर स्थानीय पत्रकारिता में अपनी अमिट छाप छोड़ गए। उनके निधन पर जागरण संवाददाता शशि कुमार सुमन और प्रभात खबर के संवाददाता निरज त्रिपाठी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे पत्रकारिता जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति बताया।

# एक दिन की बारिश ने आरा शहर को झिल में तब्दील किया

## आरा निगम के हजारों करोड़ के विकास की पोल खोल दी :क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता



भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आरा नगर निगम के विकास के लिए एक हजार करोड़ की राशी,तथा 2000 से 2025 तक रहे भाजपा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह के विकास की पोल खोल दी.

एक दिन की बारिश ने आम लोगों का जीना दुभर कर दिया है सभी गलियों और नालियों में पानी भर गया है सड़कों पर पानी ही पानी है बजबजाती नालियां,झिलनुमा सड़कें आरा की बरबादी की कहानी ब्यान कर रही है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा शहर की बरबादी की जवाबदेही चार-चार इंजन की भाजपा सरकार है.आप देख सकते है कि दिल्ली की केन्द्र सरकार भाजपा की है तो दूसरे इंजन के बतौर बिहार की भाजपा सरकार है तो आरा में तिसरे इंजन की सरकार मेयर व डिप्टी मेयर की भाजपाई सरकार तो चौथे इंजन के बतौर भाजपा के 2000 से 2025 तक आरा के भाजपा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह है .आज पुरे शहर से बिजली गायब है आम जनों में पिने और खाना बनाने के लिए पानी की हाहाकार मची है आरा के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा की बरबादी को रोकने के लिए आरा में बदलाव की जरूरत है भाकपा माले नेता ने कहा कि आरा शहर के सभी आम व खास को संकल्प लेना चाहिए कि आरा शहर में भाजपा को करारी शिकस्त देंगे.

# विधान सभा चुनाव के लिए कोषांगों का गठन

प्रातः किरण संवाददाता

पीरो। आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रुप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीरो प्रखंड में अलग-अलग 10 कोषांगों का गठन किया गया है। प्रत्येक कोषांग में नोडल पदाधिकारी के अलावे आवश्यक संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्मिक कोषांग के अंतर्गत डिस्पैच सेंटर पर सहायता केंद्र का नोडल पदाधिकारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तनु प्रिया को बनाया गया है। इसके लिए पांच अन्य कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जबकि मतदान कर्मियों के योगदान कोषांग हेतु बीइओ मनोज सिंह नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। उनके साथ 19 अन्य कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। सामग्री वितरण कोषांग के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी (फार्म) आशुतोष कुमार को नोडल पदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। जबकि मतदान केंद्रों के प्रबंधन कोषांग की जिम्मेवारी बीइओ मनोज सिंह को दी गई है। उनके साथ चार अन्य कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वाहन कोषांग में अंचलाधिकारी लखेन्द्र कुमार के साथ-साथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश मौर्य को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कोषांग में 20 अन्य कर्मी प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

# नदी में कूदी युवती का शव किया गया बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह को अरवल जिला के महेंदिया गांव निवासी गुलाब चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री निराशा कुमारी अपनी छोटी बहन कांती कुमारी के साथ सहार से अपने बहनोई सुरेश पासवन के घर से टेम्पो से महेन्दिया लौट रही थी। सोन नदी पुल पर पहुचते ही युवती ने टेम्पो को रूकवा कर सोन नदी के पानी में छलांग लगा दिया। हालांकि छोटी बहन ने रोकने का प्रयास किया मगर सफल नहीं हो सकी। युवती के परिजनों ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। परिजनों ने कहा कि युवती का ईलाज मानसिक स्थिति का ईलाज चल रहा था। युवती की छोटी बहन कांती कुमारी ने बताया कि नवमी के दिन हम दोनो बहन सहार बहनोई सुरेश पासवान के घर मेला घुमने आई थी।

ईधर अंचला अधिकारी सहार के सूचना पर बडहरा से एसडीआरएफ की टीम युवती के शव को खोजने के लिए सहार पहुंची। और 4 घंटा में एस टी आर एफ के द्वारा बरामद किया गया।


**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**

Govt. of Bihar

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION No.-02, PATNA**

SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.-18YEAR2025-26

**(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :-State.bihar.gov.in/prdbihar)**

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **11.10.2025**at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.)With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS)in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 02, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained.For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01 | S/R to PH work and sanitary fitting and laying of pipes in residence no - 05 Polo road, Patna for the year 2025-26. |
| 02 | S/R to fitting of New R.O. and R.O. maintenance work under Polo road section, under Central Building division – 02, BCD, Patna |
| 3 | Supplying, fitting and Fixing Startner/ Booster for operating submersible water pump under Polo Road Section, Central Division -02, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 4 | Supplying Fitting And Fixing 1 H.P. Submersible under Polo Road Section, Central Division-02 BCD, Patna for the year 2025-26 |

PR. No. 016637 (BCD) 2025-26

Executive Engineer,
Central Building Division No.- 02, Patna

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना का कार्यालय**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 43 वर्ष 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 13.10..2025 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10..2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10..2025 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Room No.- 218 (Revenue and Land Reforms Deptt.) in the Campus of Old Sectt., Patna for the year 2025-26. (Part- 1) | 5.09 | 10,200=00 | 1,250=00 | 02 माह |
| 2. | Renovation of Room No.- 218 (Revenue and Land Reforms Deptt.) in the Campus of Old Sectt., Patna for the year 2025-26. (Part- 2) | 1.74 | 3,500=00 | 750=00 | 02 माह |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना

PR. No. 016634 (BCD) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–59 वर्ष 2025–26**

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–11.10.2025 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू. /10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों |
|---|---|
| A | PH work at JDU Office, B.C Patel Path, Patna for the year 2025 -26 |
| B | A/R to PH work in B3/24, B3/32, B3/40, B3/46, B3/50 and B3/51 at Nehru Path, Patna for the year 2025-26 |
| C | A/R to PH work in A3/4, A3/8, A3/9, A3/15, A3/18, A3/19 and A3/25 at Nehru Path, Patna for the year 2025-26 |
| D | A/R to PH work at 84 and 40 Set Officers Flat No-26/84, 28/84, 73/84, 77/84 and 65/40 officers flat Punaichak, Patna for the year 2025-26 |
| E | Providing Boring work at B/12 at Nehru Path, Patna for the year 2025-26 |
| F | S/R TO P.H WORK FOR QTR NO. 97/40 AND 98/40, 13/84, 18/84, 19/84 , 44/84, 46/84, 1/84, 5/84, 79/84, 80/84, 23/84, 16/84, 17/84, 37/84 84 OFFICERS FLAT PUNAICHAK PATNA FOR THE YEAR 2025-2026 |
| G | S/R TO P.H WORK FOR QTR NO. B/3, B/6, C/5, G/6, H/1, J/2, M/2, M/4, Z/1, Z/2, N/2, W/3, H/2, H/3, G/2, J/1 AND W/6 A TO Z OFFICER FLAT PUNAICHAK PATNA FOR THE YEAR 2025 -26 |
| H | S/R TO PH WORK AND NEW BORING (5"X2") 3 NO. AT QTR NO. B3/36, B3/64, A3/27, B3/13, B3/23, A3/26, 23/10 96 OFFICER'S FLAT NO. NEHRU PATH PATNA FOR THE YEAR 2025 -26 |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

PR. No. 016815 (BCD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने कैंडल मार्च के माध्यम से जिले के मतदाता को मतदान करने के लिए किया जागरूक

गया जी।गया जिला के 161 वा स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर की उपस्थिति में स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। डीएम ने कैंडल मार्च के माध्यम से जिले के मतदाता को मतदान करने हेतु जागरूक किया है। डीएम ने जिले के मतदाताओं से अपील किया है कि मतदान की तिथि में अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करे इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### शंभु यादव की अध्यक्षता में गांधी जयंती मनाई गई

गया जी। गयाजी वार्ड नंबर 4 छोटकी नवादा गांधी मोड़ पर मोहन दास करमचंद गांधी जी का जयंती समारोह भाजपा किसान मोर्चा गया जी पुर्वी जिल अध्यक्ष शंभु यादव जी के अध्यक्षता में उनके चित्र पर माला अर्पण कर मनाया गया है इनका जन्म 2, अक्टूबर-1869 मे गुजरात के पोरबंदर स्थान पर हुआ था उनके द्वारा देश हित मे अनेको कार्य किए गए है ।

### प्रशासन की निष्क्रियता और ढीली कार्यप्रणाली ने अपराधियों को खुलेआम अपराध करने का हौसला दिया: राजीव कन्हैया

गया जी। मानपुर बीती रात विजयदशमी के अवसर पर पूजा पंडाल में भूषणा निवासी 19 वर्षीय छात्र रोहित शेखर की गोली मार निर्मम हत्या कर दी गई है। इसपर राजीव कुमार कन्हैया पूर्व प्रत्याशी वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र ने कहा कि यह घटना न केवल बेहद दुखद और दर्दनाक है, बल्कि यह इस कड़वे सच को उजागर करती है कि आज अपराधियों में प्रशासन का कोई भय शेष नहीं रह गया है। निर्दोष और निहत्थे बच्चे की जिस प्रकार निर्मम हत्या की गई है, वह पूरे समाज के लिए गहरा आक्रोश और पीड़ा का विषय है। प्रशासन की निष्क्रियता और ढीली कार्यप्रणाली ने अपराधियों को खुलेआम अपराध करने का हौसला दिया है। राजीव कन्हैया ने कहा कि मैं वजीरगंज विधानसभा की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि यदि 24 घंटे के भीतर हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो मानपुर संघर्ष मोर्चा इस मुद्दे को लेकर पूरे मानपुर को बंद कर आक्रोश प्रकट करेगा। यह कदम निकम्मे और लापरवाह प्रशासन को कड़ी चेतावनी देने का काम करेगा।

### बिहटा से अरवल व औरंगाबाद तक रेलवे लाइन के निर्माण की स्वीकृति से हर्ष:धर्मेंद्र

अरवल। बिहटा से अरवल होते हुए औरंगाबाद तक रेलवे लाइन के निर्माण की स्वीकृति मिलने और तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश मिलने पर अरवल भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने केन्द्र सरकार को अरवल की जनता के तरफ से धन्यवाद देकर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र की एनडीए सरकार ने अरवल को रेलवे की सौगात देकर अरवल वासियों की यात्रा को सरल और सुगम बनाने का कार्य किया है। इस रेलवे की सौगात से न सिर्फ आवागमन में सुगमता होगी बल्कि नए नए रोजगार का भी सृजन होगा। यह देन सिर्फ और सिर्फ एनडीए सरकार की उपलब्धि है। जहानाबाद सांसद सुरेन्द्र यादव द्वारा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस कार्य की उपलब्धि खुद बनना चाह रहे हैं जो कि बिल्कुल ही निराधार है। क्योंकि एनडीए सरकार में चहुमुखी विकास की गंगा बह रही है, चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो या सड़क का क्षेत्र हो, या स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लिए बिहार में डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सांसद सुरेन्द्र यादव को जहानाबाद की चिंता नहीं है उन्हें बेलागंज की चिंता है और वो अपने सांसद निधि का विकास कार्यों का पैसा बेलागंज के लिए स्वीकृत की है। ये है इनका असलियत चेहरा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अरवल में केन्द्रीय विद्यालय का सौगात देने का कार्य किया जिससे अरवल के छात्र छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त होगी और उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ कार्य कौशल को बढ़ावा मिलेगा। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने अरवल को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने का कार्य किया जिससे काफी अच्छी संख्या में बच्चों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पीएम नरेन्द्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में अरवल विकास की पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कोई ये मुगालते में नहीं रहे कि विकास हमने किया। विकास सिर्फ और सिर्फ एनडीए सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

# कुर्था के लारी गांव में पहली बार पहुँचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखण्ड के अहमदपुर हरणा पंचयात के लारी गांव में आयोजित चतुमार्सा महायज्ञ के सुभारम्भ के मौके पर पहुँचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहमद खान जहाँ लारी गढ़ पर आयोजित कार्यक्रम में पहुँचते ही अरवल डीएसपी कृति कमल,एसडीओ संजीव कुमार,डीडीसी कुर्था पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह समेत जिले के कई अधिकारियों ने राज्यपाल को हरे पौधे देकर स्वागत किया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने गॉड ऑफ ऑनर दी जिसके बाद राज्यपाल मंचासीन हुए वही उन्होंने मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ की राज्यपाल के सम्मान में स्वागत गान हुई साथ ही राज्यपाल को लारी ग्रामबासियो द्वारा अंग बस्त्र देकर समानित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार व केंद्र की सरकार ने विकास की नई इबादत लिखी हम लोग जब अपने राज्य से दूसरे प्रदेश में जाते हैं तो बिहारी कहलाते हैं लेकिन जैसे ही बिहार वापस आते हैं तो जात-पात में बट जाते हैं पहले जहां लोगों को सड़क की समस्या से जूझना पड़ता था आने-जाने में काफी परेशानी होती थी आज लोगों को आने जाने का सुगम व्यवस्था हो रही है हालांकि और व्यवस्था करने की आवश्यकता है साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा को दूसरी परंपराओं के साथ तुलना इस तरह करने लगे जैसे दो धाराएं बराबर में बह रही यह धारा तो वह है जो समावेशी धारा है जो सबको अपने अंदर किसी की भी दुनिया में उनकी अपनी उनके लिए सम्मान है उनका तरीका जो है उसके लिए स्वीकार्यता है और मैं तो कहूंगा कि एक तरफ सनातन की परिभाषा यह की जो यह मानता है की हर किसी को यह अधिकार है उसका नैसर्गिक उसका जन्मजात अधिकार है कि वह अपने तरीके से अपने पैदा करने वाले तक पहुंचाने की कोशिश कर सके उसका आत्मबोध कर सके वह सनातनी है और भी बहुत सी परिभाषाएं यम्मा पक्ष की सर्वत्र सर्वम न पूर्ण स्वामी सांचा में ना पीना शक्ति जो समझ जीवन में मुझे देखा है यानी प्रभु को देखा है और उसे एक प्रभु में सबको देखा है भगवान कृष्ण कह रहे हैं न कोई कभी प्रभु से अलग होता है ना कभी प्रभु अलग होते हैं यह जो सार्वभौमिकता है मैंने महा-राज जी जैसे किसी ज्ञानी से कई साल पहले की बात है मैंने पूछा महाराज हम कहते हैं सर्वे भवंतु सुखेन सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कच्ची दुख भागबत हम जो भी हैं उसमें अपने कल्याण की प्रार्थना नहीं करते सब के कल्याण की प्रार्थना करते हैं ।

कोई ऐसी भी प्रार्थना है जिसमें अपने कल्याण की बात की गई हो और सबको नकारा गया हो यह कहा गया हो जो यह मानते हैं उनका कल्याण हो वह ज्ञानी पुरुष थे उन्होंने क्या मुझसे कहा ऐसी कोई प्रार्थना मेरी भी सामने से आज तक नहीं गुजरी तो यह देश इसकी संस्कृति अकेली है जो सबके कल्याण की बात करती हम उसे कितना परिचित हैं हमारा अचार उसके कितने अनुसार है ।

# भव्य भरत दरबार एवं भरत मिलाप समारोह का आयोजन संपन्न

## एकादशी तिथि पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से गूंज उठा गया नगर




प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।दशहरा की एकादशी तिथि पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य भरत दरबार एवं भरत मिलाप समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत फतेहगंज से भरत दरबार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मार्ग में भक्तिमय माहौल बनाती हुई कोतवाली थाना के समीप पहुँची। वहीं नूतन नगर से पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता जानकी एवं भ्राता लक्ष्मण की मनमोहक झांकी निकली, जो कोतवाली के समीप पहुँचकर भरत मिलाप के पावन दृश्य में परिवर्तित हुई है।

इस अद्भुत मिलन के क्षण पर ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से सम्पूर्ण क्षेत्र गूंज उठा और वातावरण राममय हो गया ह।

कार्यक्रम का सफल संचालन राज क्लब, मनीष कुमार सोनू, ऋषि लोहानी द्वारा किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार, अमित कुमार पिंटू, विकास कुमार, विजय कुमार नवदिया, श्रीकांत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे हैं।

सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को समाज में अपनाने का संदेश देते हुए प्रेम, एकता और मयार्दा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है।

नगरवासियों ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति धन्यवाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं ।इस धार्मिक आयोजन को समाज में सद्भाव, संस्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया गया है।

# किसानों की समस्यायों को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी।किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीड़ है। लेकिन विडंबना किया है कि यह किसान आज सबसे अधिक परेशानी और संकट में घिरा हुआ है। किसने की मुख्य समस्या सिंचाई की साधनों की कमी उचित बीज और खाद का अभाव प्राकृतिक अपदाय, फसलों का उचित मुल्य न मिलना, कर्ज का बोझ, बिचोलिया का शोषण और सरकार को उदासीन नितिया है इन समस्याओं के कारण किसान आत्महत्याएं तक करने पर मजबूर हो जाते हैं ।किसान मजदुरो को जमाबंदी के नाम पर टंगा जा रहा है। किसान मजदूर अपने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने के लिए तैयार है

खिजरसराय प्रखंड के फल्गु नदी से निकले तमाम पईनो की सफाई,जैसे बडकी प इन आदी,महमुदा नहर को आदमपुर,नादरा,जगडिहा, शेख बिगहा,बिहटा इत्यादि गांवों को नहर निकालकर तैहेया गाव के निकट छलका का निर्माण कर सिंचाई का प्रबंध किया जाए।तमाम आहर और पयीन को अतिक्रमण मुक्त किया जाए,फर्जी बिजली बीलो को माफ किया जाए।तमाम गांवों की सड़कों जो गढ्ढे में तब्दील हो गयी है उन्हें सदृढ़ किया जाए।इन मांगों को लेकर हजारो की संख्या में सत्याग्रह निमचक बथानी अनुमंडल सुरज यादव एवं गया जिला किसान सभा की और से अनिश्चितकालीन जन सत्याग्रह सर्वदा बाजार में शामिल हुए हैं।

### शराब छापेमारी के दौरान उत्पाद पुलिस पर हमला, आधा दर्जन ग्रामीण हिरासत में

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के चिताबकला गांव में शनिवार को शराब की छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस दल पर अचानक हमला बोल दिया। हमले में पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए और कर्मियों के साथ मारपीट की गई ।घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना अध्यक्ष एवं प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में दलबल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों को हिरासत में लिया है ।बताया जाता है कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद की है।

# आईडब्लयूसी की डांडिया नाईट मे खूब झूमे देशी-विदेशी मेहमान हिंदुस्तानी संस्कृति को सहेजना जरुरी:सर्वजीत

प्रातः किरण संवाददाता



बोधगया ।विजयादशमी के मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया द्वारा होटल आनंद इंटरनेशनल बोधगया मे आयोजित डांडिया नाईट कार्यक्रम मे देशी-विदेशी श्रोता खूब झूमे. डांडिया नाईट कर्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए पूर्व मंत्री व बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा की हिंदुस्तानी संस्कृति को सहेजकर रखना हम सब की जिम्मेवारी है. बुराई पर अच्छाई की जीत ही विजयादशमी का सन्देश है.

इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया द्वारा आयोजित डांडिया नाईट विजयादशमी को शाम सात बजे शुरू हुआ और रात्रि मे 11बजे समाप्त हुआ. इस कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे देशी-विदेशी श्रोताओं ने डांडिया का लुत्फ उठाया है.इस मौके पर पूर्व मंत्री सह बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत तथा उनकी पत्नी सीमा , को इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है ।.इसके अलावा वार्ड पार्षद सुमेरा ,रोटरी क्लब ऑफ बोधगया के प्रेसिडेंट राजेश कुमार, सेक्रेटरी विक्की कुमार, अरोमा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार, तान्या मैडम आदि को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है ।इस मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया की प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.)वीणा पाठक, वाइस प्रेसिडेंट सुषमा प्रसाद, सेक्रेटरी डॉ. अर्चना कुमारी, सरिता वर्मा,गोपा सिन्हा, रीना प्रसाद, रीमा देवी, आशा चौहान, खुशबू, अजु, प्रेमशीला, वीणा सिन्हा, सरिता श्रीवास्तव आदि मौजूद थीं।

# हम पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात दिया हर संभव मदद का आश्वाशन ,आरोपी को भी बक्शा नहीं जायेगा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी ।29 सितंबर 2024 को मानपुर गेरे महादलित टोला में स्थापित दुर्गा मंडप के नीचे एक महादलित बच्ची निशॉ कुमारी उम्र 8 वर्ष की मारकर हत्या कर दी गई जिसकी लाश प्राप्त हुई। स्थानीय परिजन काफी डरे समय हुए हैं हम पार्टी के सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी ,राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर मांझी जिला अध्यक्ष दिना मांझी शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी मुखिया सुरेश मांझी जिला उपाध्यक्ष व्यास मांझी आदि ने गांव जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की है साथ ही घटना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली । वहीं वरीय पुलिस पदाधिकारी से टेलीफोन पर बात कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है । परिवार से मिलकर दुख प्रकट किया है ।मालूम हो कि 29 सितंबर को गेरे महादलित टोला से निशा कुमारी जिसकी उम्र 8 वर्ष है कि लाश दुर्गा मंडप से बरामद हुई है परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है सभी डरे सहमे हैं ।सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई.नंदलाल मांझी ने बताया कि सभ्य समाज में इस तरह की घटना कलंकित करने वाली है एक महादलित परिवार की बच्ची के साथ हत्या कर लाश को छिपाने का प्रयास किया गया है ।यह जघन्य अपराध है ।अभी तक किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

एक सप्ताह के अंदर अगर अपराधी को नहीं पकड़ा गया तो हम पार्टी आंदोलन को विवश होगी ।

हर हाल में अपराधियों पर करवाई पुलिस प्रशासन को करनी होगी लोगों में काफी असंतोष व आक्रोश है। पीड़ित परिवार काफी डरे सहमे हैं हम पार्टी हर संभव मदद को तैयारी है किसी भी हाल में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हेतु अवसान स्थल एवं बूथ निरीक्षण

औरंगाबाद। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत भूमि सुधार उपसमाहर्ता, दाउदनगर द्वारा विभिन्न स्थलों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (कैफ) के ठहराव हेतु निर्धारित अवसान स्थलों एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के क्रम में अवासन स्थलों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधा जैसे भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति आदि का भौतिक सत्यापन किया गया।

### महालेखाकार के वरीय अधिकारी पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कैंप लगाएंगे



गया। 6 अक्टूबर को आयुक्त कार्यालय में मगध प्रमंडल के सभी पांच जिलों के वैसे पेंशनधारी जिन्हें पेंशन संबंधित कोई समस्या या त्रुटि है, तो वह अपने समस्या को लेकर सोमवार को सुबह 10:00 बजे से आयुक्त कार्यालय आए। सोमवार को आयुक्त कार्यालय में महालेखाकार के वरीय पदाधिकारी की मौजूदगी में पेंशनधारियों की समस्या को समाधान के लिये कैम्प लगेगा जिसमें पेंशन संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### विशिष्ट शिक्षक संघ बारुण ने की शिक्षकों की समस्याओं को जल्द निराकरण करने की मांग

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड विशिष्ट शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रवि शंकर सिंह ने शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को देखते हुए बिहार सरकार शिक्षा विभाग से मांग किया है कि वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक सरकार के जो भी दिशा निर्देश थे उसके अनुपालन में शिक्षकों ने नियोजित से विशिष्ट बनना स्वीकार किया लेकिन उनकी समस्याएं जस की तस रह गई बल्कि समस्याएं बढ़ती हुई दिख रही हैं ऐसी स्थिति में बीपीएससी शिक्षक या फिर विशिष्ट बने शिक्षक की जो भी समस्याएं हैं उसको तत्काल सरकार हल करने का प्रयास करें ।उनके वेतन संरक्षण,सेवा निरंतरता प्रमोशन, सेवानिवृत्ति उम्र वृद्धि जैसी समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने की मांग की। यह भी कहा कि सरकार शिक्षकों के लिए घोषणाएं तो कर देती है लेकिन उनका धरातल पर उतारना या उतरने में बरसों लग जाते हैं साथ ही साथ प्रधान शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों की भी समस्याओं को जल्द निराकरण करने की मांग की।

### सात अक्टूबर तक होगा भारी वर्षा, वज्रपात

औरंगाबाद। जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद की ओर से सूचित किया जाता है कि आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार मौसम सेवा केन्द्र, पटना द्वारा 04 अक्टूबर 2025 से 07 अक्टूबर 2025 तक भारी वर्षा, वज्रपात (बिजली गिरना) एवं 30-50 कि.मी./घंटा की गति से हवा चलने का पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस अवधि में पुनपुन, सोन, अदरी नदियों एवं अन्य जलक्षेत्रों में जलस्तर वृद्धि, जलमाव तथा फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। जिला प्रशासन, औरंगाबाद सभी नागरिकों से अनुरोध करता है।

# पुराने विवाद में दुर्गा पूजा के पंडाल में युवक की गोली मारकर हत्या

प्रातः किरण संवाददाता

मानपुर ।मुफस्सिल थाना क्षेत्र के 19 वर्षीय युवक रोहित कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना विजयदशमी के बीती रात 1 बजकर 38 मिनट की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त रोहित दुर्गा पूजा पंडाल के पास खड़ा था। तभी बाइक सवार बदमाश मौके पर पहुंचा और रोहित की छाती में गोली मार दी। गोली लगने से जख्मी हो गया था, जिसके बाद घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं अपराधी अपनी बाइक छोड़ कर फरार हो गया। रात को शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया गया था। हत्या की वजह रोहित व बदमाश के बीच पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इस घटना से गुस्साए लोगों ने हत्या आरोपित की बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि पूर्व में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। बाद में समझौता भी कराया गया था। खास बात यह कि हत्या आरोपी मृतक के घर के पास का ही रहने वाला है। मुफस्सिल पुलिस ने हत्या आरोपी के परिजनों को थाने ले गई है। जबकि बदमाश अब तक फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

घटना की सूचना पाते हीं वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली है। साथ ही पुलिस को तेजी से कार्रवाई करते हुए हत्या का खुलासा व आरोपी की गिरफ्तारी किए जाने की बात मुफस्सिल पुलिस को कही है।

इस मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह को मृतक की बहन प्रियंका शेखर ने बताया कि उसका भाई उसकी गोद मे दम तोड़ा है। पास के ही रहने वाले बदमाश पूर्व में मामूली सी बात पर लड़ाई हुई थी। बड़े भाई को बदमाश ने लोहे की चेन से गला भी दबाने की भी कोशिश की थी। बाद में मामले में समझौता भी हुआ था। इसके बाद बदमाश ने मेरे भाई की गोली मार कर हत्या कर दी है। प्रियंका शेखर ने विधायक से कहा कि मुझे इस मामले में इंसाफ चाहिए ।जानकारी के मुताबिक मृतक के पिता राज शेखर का सीमेंट छड़ की बड़ी दुकान है। कुछ माह पूर्व दुकान में चोरी भी हुई थी। चोरी मामले में मुहल्ले के लड़के पर शक जताया था। इस पर रोहित के बड़े भाई ने बदमाश को भी कुछ भला बुरा कहा था। तब से दोनों के बीच दुश्मनी चली आ रही थी।

सूत्रों ने बताया कि रात बदमाश बाइक से आया और मृतक व उसके अन्य दोस्तों से बातचीत करने लगा है। इसी दौरान बदमाश ने कट्टा निकाल कर मृतक के सीने पर गोली मार दिया है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है। शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### शेरघाटी में मृतक दीपक गुप्ता को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि




शेरघाटी। शहर के ब्लॉक के निकट शनिवार को मृतक दीपक गुप्ता के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चाहने वाले, परिजन और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपक गुप्ता को गुरुवार के रात्रि में सम्पति के लालच में आकर उसे गोली मारकर हत्या कर दिया था, जिससेक्षेत्र में गम का माहौल व्याप्त है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दीपक गुप्ता के सामाजिक योगदान और मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी ।कार्यक्रम के दौरान भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष चिंटू सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर, राजद नेता प्रमोद वर्मा, समाजसेवी विकास कुमार, रौशन कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले ।श्रद्धांजलि के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, व्यापारी वर्ग और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल गमगीन रहा और सभी ने दीपक गुप्ता को अंतिम नमन किया।

# 14 वर्ष के वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे प्रभु श्रीराम, भईया भरत के गले मिल हुए भावुक

## 56 वर्षों से यह संस्था इस आयोजन को करती आ रही :गोरव सिन्हा

➤ कोतवाली चौराहे पर श्री दशहरा कमेटी द्वारा अयोजित होता है भरत मिलाप कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

गया। 14 वर्षों के वनवास के बाद माता सीता एवं भईया लक्ष्मण के साथ प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटते ही अपने भाइयों से गले मिलकर भावुक हो गये। शहर के कोतवाली थाना चौराहे पर श्री दशहरा कमेटी के तत्वावधान भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में श्री आदर्श लीला समिति के कलाकारों ने भाग लिया ।शहर के बिसार तालाब स्थित श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव के आवास से प्रभु श्रीराम,माता सीता व भईया लक्ष्मण की झांकी निकल कर कोतवाली थाना चौराहे पर पहुँची, जहाँ पर प्रभु श्रीराम व भईया भरत से मिलाप हुआ। इनके साथ सभी चारों भाई एक दूसरे से गले मिलकर भाव विइल हो गये वहीं इस दृश्य को देख रहे दर्शकों की आंखें भी गीली हो गयीं। गौरतलब है कि भरत मिलाप से पूर्व यह शोभा यात्रा बिसार तलाब से निकाली गई थी ।शोभा यात्रा निकालने के पूर्व समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव के आवास पर भगवान श्री राम, माता सीता ,लक्ष्मण व हनुमान जी के साथ रहे अन्य भगवान स्वरूप रहे कलाकारों को आरती उतारी गई ।वहीं इस मौके पर गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान ,शहर के समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया , प्रमोद कुमार प्रोप्राइटर प्रमोद लड्डू,अध्यक्ष कुमार गौरव व महासचिव संदीप कुमार सिंह के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी भगवान श्री राम और माता सीता की आरती उतारी और प्रसाद का भी भोग लगाया गया ।भव्य तरीके से आरती उतारने के बाद शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ से निकलकर जीबी रोड स्थित कोतवाली थाना चौराहा पहुंचा जहां भारत मिलाप किया गया है ।इस मौके पर श्री दशहरा कमेटी व श्री आदर्श लीला समिति से जुड़े लोग मौजूद थे। शहरवासी इस अनुपम घड़ी का गवाह बने। इसके बाद यह झांकी आजाद पार्क पहुंचकर समाप्त हो गया है।

इस मौके पर श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि 56 वर्षों यह संस्था इस आयोजन को करती आ रही है। स्थानीय स्तर पर सबका साथ मिलता है तभी इसका आयोजन हो पाता है। अयोध्या से आये कलाकारों से जहां इसका उद्घाटन कार्यक्रम हुआ था वहीं स्थानीय कलाकारों ने अपने मन्चन से समा बांध रखा था।

# विससुत्री का बैठक हुआ सम्पन्न

## मनरेगा,पीडीएस,जीविका आदि पर छाया रहा मुद्दा

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी ।प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में शनिवार को आयोजित विषसूत्री बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें कई विभागों की लापरवाही उजागर हुई ।बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने पर प्रतिनिधियों ने असंतोष जताया। वहीं पीएचईडी विभाग के खिलाफ भी तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कई सार्वजनिक स्थलों पर चापाकल खराब हैं और उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है, जिस पर विभाग कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका ।अंचल कार्यालय की लापरवाही पर भी सवाल उठे। आरोप लगाया गया कि मोटी रकम लेकर बिहार सरकार की जमीन पर रसीद काट दी गई, जबकि यह जमीन पूर्व सीओ द्वारा अस्पताल निर्माण हेतु दी गई थी।

इसी क्रम में शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल की बदहाली पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि अस्पताल में वेंटिलेटर मशीनें तो स्थापित हैं, लेकिन चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण इलाज संभव नहीं हो पाता। साथ ही अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने पर भी सवाल खड़े हुए।

बैठक में अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई की मांग उठी। कल्याण पदाधिकारी के पास लंबित 74 मुआवजा मामलों की समीक्षा की गई और यह पूछा गया कि अब तक कितनों को भुगतान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर की फाइनल सूची को लेकर सीपीआईएमएल ने उठाए सवाल

पटना। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीपीआई एमएल ने एसआईआर की फाइनल सूची को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग को एक पत्र लिखते हुए पारदर्शिता की मांग की। सीपीआई एमएल ने कहा कि एसआईआर की फाइनल लिस्ट में असंगतियां हैं और इनसे जुड़े कई सवालों के जवाब अभी तक सामने नहीं आए हैं। पार्टी ने अपने पत्र में कहा कि एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 65 लाख लोगों के नाम काटे गए थे, जिसके बाद फाइनल लिस्ट में 3 लाख 66 हजार और नाम हटाए गए। सीपीआई (एमएल) ने सवाल उठाया कि यह नाम किस आधार पर मतदाता सूची से हटाए गए, इसका कोई सार्वजनिक विवरण उपलब्ध नहीं है। पार्टी ने मांग की कि हटाए गए सभी मतदाताओं की सूची कारण सहित, बूथवार जारी की जाए, जैसे पहले 65 लाख मतदाताओं के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद किया गया था।पार्टी ने यह भी बताया कि फाइनल लिस्ट में करीब 21 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं, जिनमें से कुछ बिल्कुल नए हैं और कुछ वे हैं जिन्होंने ड्राफ्ट लिस्ट से गलत तरीके से नाम हटाए जाने के बाद दावा-आपत्ति की थी। सीपीआई एमएल ने आयोग से यह भी मांग की कि ऐसे पुराने मतदाताओं की भी पूरी सूची बूथवार सार्वजनिक की जाए, जिनके नाम दावा-आपत्ति के बाद बहाल किए गए हैं। सीपीआई एमएल ने महिला मतदाताओं की संख्या में कमी को भी गंभीर चिंता का विषय बताया। पार्टी ने कहा कि बिहार की जनगणना के अनुसार पुरुष-महिला अनुपात 914 है, लेकिन एसआईआर की फाइनल लिस्ट में यह अनुपात 892 दशार्या गया है। पार्टी ने सवाल किया कि आखिर महिला मतदाताओं की संख्या में गिरावट क्यों दर्ज की गई। पार्टी ने आयोग से इसका स्पष्टीकरण मांगा। पार्टी ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि करीब 6 हजार ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जिनकी नागरिकता संदिग्ध बताई जा रही है। पार्टी ने मांग की कि इन सभी लोगों की सूची और आधार सार्वजनिक किए जाएं, जिनके चलते उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया गया है। सीपीआई (एमएल) ने चुनाव आयोग से बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराने का भी आग्रह किया। पत्र में कहा गया कि कई चरणों में चुनाव प्रक्रिया न केवल थकाऊ और खचीर्ली होती है, बल्कि सीमित संसाधनों वाली पार्टियों के लिए यह असमानता भी पैदा करती है। सीपीआई एमएल ने यह भी आरोप लगाया कि कई जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर कनीय अधिकारियों को परेडिंग ऑफिसर बनाया जा रहा है। भोजपुर से मिली रिपोर्ट का हवाला देते हुए पार्टी ने आगे कहा कि दलित, मुस्लिम और कमजोर तबकों से आने वाले अधिकारियों को नजरअंदाज कर सामाजिक रूप से प्रभुत्वशाली समूहों के अधिकारियों को प्राथमिकता दी जा रही है। पार्टी ने मांग की कि इस पर राज्यव्यापी जांच की जाए और ऐसे मामलों पर तुरंत रोक लगाई जाए।

### 8अक्टूबर को अधिवक्ता मनाएंगे आभार दिवस : राजीव

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद एवं पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार ने संयुक्त रुप से संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि अधिवक्ताओं की लंबी समय से चली आ रही मांगों को राज्य सरकार ने स्वीकार करते हुए बड़े फैसले लिए हैं। इसके उपलक्ष्य में 8 अक्टूबर को पूरे बिहार के सभी जिला न्यायालयों में आभार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दिन जदयू लीगल सेल के माध्यम से अधिवक्ताओं को इन योजनाओं और निर्णयों की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। वहीं, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिवक्ताओं के सम्मान और उनके कल्याण के लिए जो कदम उठाए हैं, वह बिहार के अधिवक्ताओं के लिए स्वर्णिम काल साबित होगा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों और किसान परिवारों से आने वाले युवा अधिवक्ताओं को शुरूआती दौर में बडी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब उन्हें तीन साल तक प्रतिमाह 5000 की सहायता राशि मिलती रहेगी, जिससे किसान का बेटा भी बिना बाधा के वकालत के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि महिला अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनके लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

साथ ही ई-लाइब्रेरी की सुविधा से युवा अधिवक्ताओं को आधुनिक साधन उपलब्ध होंगे, जिससे वे तुरंत कानून व निर्णय की खोज कर सकेंगे और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी।

# राज्यस्तरीय वासंतिक (रबी) कार्यशाला सह किसान सलाहकारों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

## कृषि योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में किसान सलाहकारों की अहम भूमिका : शिवराज

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। कृषि विभाग द्वारा राज्यस्तरीय वासंतिक (रबी) कार्यशाला सह किसान सलाहकारों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम शनिवार को बापू सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर लगभग 4000 किसान सलाहकारों ने भाग लिया।

श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि किसान सलाहकार कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से कृषि योजनाएँ जमीनी स्तर तक पहुँच रही हैं।उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है, जिसमें किसान सलाहकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान सलाहकार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से किसान सलाहकारों का मानदेय 13,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 21,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की सराहना की। मानदेय में यह 8,000 रुपये की वृद्धि किसान सलाहकारों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने दिया। उन्होंने किसान सलाहकारों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, तकनीकी प्रसार और किसानों की आय वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी किसान सलाहकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि और कार्यावधि विस्तार से उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा राज्य में कृषि के सतत विकास और किसानों की आय वृद्धि में निश्चित रूप से योगदान मिलेगा। इस कार्यक्रम में राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता , कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार तथा अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### किसानों और विभाग के बीच सेतु का काम कर रहे हैं किसान सलाहकार : विजय



उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसान सलाहकार किसानों और विभाग के बीच सेतु की तरह कार्य कर रहे हैं। पंचायत स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से प्रगतिशील किसानों का नेटवर्क तैयार हो रहा है और उन्नत कृषि तकनीकों का प्रसार तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया गया हालिया निर्णय किसान सलाहकारों के हित में होने के साथ-साथ राज्य की कृषि प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। श्री सिन्हा ने कहा कि किसान सलाहकारों का परामर्श और उनकी जिम्मेदारी लगातार विस्तारित हो रही है। पंचायत स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक, कृषि प्रसार और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उनकी भूमिका सराहनीय है। उनके माध्यम से न केवल कृषि तकनीक का त्वरित विस्तार हो रहा है, बल्कि प्रशिक्षण उपरांत मानव संसाधन का उपयोग और कृषि ज्ञान आधारित रोजगार का सृजन भी संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान सलाहकारों की कार्यक्षमता को और मजबूत करेगी ताकि राज्य की कृषि को नई गति और दिशा प्रदान की जा सके।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समाहरणालय, औरंगाबाद के सभा कक्ष में निर्वाचन साक्षरता क्लब अंतर्गत (ईएलसी) विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में नामांकित छात्र एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की भूमिका, मताधिकार के महत्व एवं लोकतंत्र की सुदृढ़ता में प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक तंत्र है और इसे सशक्त एवं अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक मतदाता का जागरूक एवं सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी को स्वयं अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा आगामी निर्वाचन में भाग लेकर अपने लोकतांत्रिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सक्रिय योगदान देने हेतु शपथ ग्रहण कराई गई। सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई की।

हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयादर्ा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### आज चुनाव की घोषणा हो सकती है: चुनाव आयोग ने बताया सर्वजन पार्टी भारत को

प्रातः किरण संवाददाता

पटना ।चुनाव आयोग पटना ने बिहार चुनाव के संबंध में बिहार के विभिन्न राजनीतिक दलों को विचार विमर्श के लिए ताज होटल में बुलाया था।सर्वजन पार्टी भारत की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पंजियार एवं अधिवक्ता प्रकोष्ठ के वरिष्ठ वकील श्री छोटे प्रसाद जी ने भाग लिया। अधिकारियों के साथ सौहाद्रपूर्ण वातावरण में चुनाव संबंधी बातचीत हुई। चुनाव आयोग अपनी तैयारियां पूरी कर चुका है।आज बिहार चुनाव के संबंध में कार्यक्रम घोषणा होने की संभावना है।

## राजद प्रतिनिधि ने पारदर्शी एवं सुचारू मतदान के लिए दिये सुझाव

## दो चरणों में चुनाव करवाने की मांग की

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने भी दो चरणों में चुनाव करवाने की मांग निर्वाचन आयोग से की है। पार्टी के सांसद अभय कुशवाहा , राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने संवेदनशील बूथों की सूची राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करवाने और फॉर्म 17 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। भाकपामाले ने बिहार में मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है और उसमें सुधार की मांग की है। निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चुनाव संपन्न करवाने हेतु राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कई सुझाव दिये गये। कहा गया कि अंतिम मतदाता सूचि में ड्राफ्ट रोल में मौजूद 3.66 लाख मतदाताओ के नाम काट दिये गए है। इन मतदाताओं से संबंधीत कोई डिटेल इस संदर्भ में उपलब्ध नहीं करवाई गई है। उन्हें नियमानुसार 2 अपील का अधिकार है।15 दिनों के अंदर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ एवं 30 दिनों के अंदर बिहार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के यहां।जल्द ही आपके द्वारा चुनाव की घोषणा कर चुनावी आचार संहिता लगा दी जाएगी एवं मतदाता सूचि स्वतः फीज हो जाएगी, फिर इन परिस्थितियों में पहली बात तो व्यक्ति वोट नहीं डाल पायेगा और दूसरी बात वो यदि चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हो तो उसे इस अधिकार से भी वंचित रहना होगा। आगे कहा गया है कि 21.53 लाख नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़ने की बात की गई है। क्या ये सभी नए मतदाता है या एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान काटे गए 65 लाख नामों में से हैं, जिन्होने पुनः नाम जोड़ने का आवेदन दिया था, वे भी शामिल है। कृपया नए एवं पुनः नाम जोड़ने के लिए भरे गए फॉर्म-6 की संख्या अलग-अलग दशार्या जाए। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान विलोपित किये गये 65 लाख मतदाताओं में से जिन लोगों ने दावा और आपत्ति प्रस्तुत किया, क्या आयोग की ओर से उन्हें सूचित किया गया कि उनके नाम जोड़े गये हैं अथवा नहीं ? इस संदर्भ में उनके लिए किसी प्रकार का आदेश पारित किया गया क्या आदेश की प्रति उन्हें प्राप्त हो पाई। जिन लोगों ने फॉर्म-6 भरे हैं, उनके नाम वोटर लिस्ट में हैं पर उन्हें वोटर आई कार्ड उपलब्ध नहीं करवाया गया है। क्या वे इस चुनाव में वोट डाल पायेंगे? जिन लोगों ने 2 सितम्बर 2025 से अब तग नये वोटर बनने की अर्जी लगाई है। उनके आवेदन पर कब तक फैसला हो जायेगा ताकि उन्हें भी चुनाव में वोट डालने का मौका मिलें।

## 84 सदस्यीय खिलाड़ियों का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेगा भाग

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। खेल विभाग, बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं शिक्षा विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन 05, 06 एवं 07 अक्टूबर को पटना, पूर्वी चंपारण, गयाजी, बेगूसराय एवं भोजपुर में किया जाएगा।

राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-जिला खेल पदाधिकारी औरंगाबाद कुमार पप्पु राज ने बताया कि विभागीय निदेशानुसार इस प्रतियोगिता में साइकिलिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में औरंगाबाद जिला से 77 खिलाड़ियों एवं 7 दल प्रभारियों सहित कुल 84 सदस्यीय खिलाड़ियों का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं में भाग लेकर औरंगाबाद का प्रतिनिधित्व करेगा।इस प्रतियोगिता में सभी एकल प्रतियोगिता के प्रथम विजेता एवं सामूहिक प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तरीय स्तर पर भाग लेंगे। विभिन्न रैंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की अनुपस्थिति के मामले में मेधा सूची के अनुसार अन्य प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने बताया कि खेल विभाग के द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार मशाल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर, संकुल स्तर, प्रखंड स्तर पर किया गया था। सभी स्तरों के विधावार प्रथम विजेता एवं समूह जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला स्तर पर आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेता को विभागीय निर्देश के आलोक में सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

### लोजपा रा के राष्ट्रीय सचिव ने अतरी विधानसभा के शोकाकुल परिवार से मिले



गया जी ।लोक जनशक्ति पार्टी( रामविलास ) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा मे क्षेत्र भ्रमण के दौरान खिजरसराय प्रखंड के छोटीयाँ ग्राम मे मृतक धीरेंद्र शर्मा जी को आकस्मिक निधन हो गया था ।उनके परिवार से मिलते हुऐ एवं खिजरसराय प्रखंड के ग्राम हथियामा में पूर्व डाक बाबू सत्येंद्र महतो के पुत्र जो आर्मी में थे अविनाश कुमार ड्यूटी आवर में ही आकस्मिक मृत्यु हो गया था ! उनके सपरिवार से मिलते हूँ और प्रमुख लोग से बात करते हुए और जनता का समस्या भी सुने साथ मे कौशलेंद्र शर्मा, राजू सिंह अजय कुमार, संतोष सिंह, निर्भय कुमार, संजीत पासवान मनीष यादव सोहन जी, आदि लोग शामिल हुए हैं।

## पीरपैंती भागलपुर में 1050 एकड़ बहुफसला - वास का जमीन अदानी को 1 रुपए एकड़ के दर से 33 साल के लिए देने के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर। ज़िले के पीरपैंती में 1,050 एकड़ भूमि को अडानी पावर को 33 वर्षों के लिए मात्र 1 रुपये प्रति एकड़ वार्षिक किराए पर देने का निर्णय के खिलाफ बहुफसला उपजाऊ वास जमीन बचाओ, आम का पेड़ बचाओ, पर्यावरण बचाओ, रोजी-रोटी बचाओ, किसान बचाओ, देश बचाओ , नारों के साथ देश बचाओ अभियान एवं बहुफसला उपजाऊ वास भूमि बचाओ अभियान के तत्वाधान में जुझारू विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया ।पीरपैंती प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर प्रदर्शन करते हुए आंदोलन का नेतृत्व व अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि मोदी नीतीश सरकार ने उक्त जन विरोधी किसान विरोधी मजदूर विरोधी जमीन जीवन जीविका पर्यावरण विरोधी निर्णय लेकर रोजी रोटी लूटने एवं लूटने का कार्य किया है बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी ।श्री यादव ने कहा कि बिहार में एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। इस अवैधानिक ल खसोट करने वाली फैसले की कड़ी निंदा करता हूं, जो किसानों के अधिकारों, जनहित और पर्यावरणीय संतुलन को कॉरपोरेट मुनाफे के लिए थोपा जा रहा है ।श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार एक पेड़ मां के नाम पर लगाती है और एक लाख पेड़ अदानी के नाम पर काटने का निर्णय लेता है। श्री यादव ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग किया कि पीरपैंती थर्मल पावर प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द किया जाए और प्रभावित किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि वापस दी जाए, साथ ही अब तक हुए नुकसान की पूरी भरपाई और पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए तथा 1 लाख सर्वोत्तम नस्लीय आम का पौधा वृक्ष को बचाया जाए। श्री यादव ने कहा कि 29,000 करोड़ (3 अरब अमेरिकी डॉलर) की यह बड़ी परियोजना अदानी ग्रुप को दी गई है। इस परियोजना को बड़ा ह्यरोजगार देने वालाह्न रोजगार परक योजना बताया जा रहा है, जबकि आम का बगीचा किसान मजदूर एवं क्षेत्र के लिए खुद में बड़ा रोजगार उद्योग है। थर्मल पावर से बिहार की जनता और पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। वहीं बिहार के किसानों के साथ भूमि हड़पना और विश्वासघात है ।इस परियोजना की लगभग 1,050 एकड़ भूमि 915 किसानों की है, जिसमें से कई हिस्से उपजाऊ हैं और आम, लीची और अन्य फसलों की खेती में इस्तेमाल होते हैं। इस भूमि को ह्लबंजरह्व घोषित करके अधिग्रहण किया गया। कई किसानों को मुआवजा नहीं मिला या उन्हें दस साल पहले तय किए गए पुराने दरों पर भुगतान किया गया। एक बार का मुआवजा जीवनभर की आजीविका और भूमि से जुड़े सांस्कृतिक - सामाजिक संबंध की हानि की भरपाई नहीं कर सकता है। यह परियोजना पूंजीवादी व्यवस्था के तहत छद्म विकास के नाम पर जमीन किस को बलि का बकरा बनाया जा रहा है ।पिरपैंती थर्मल पावर प्लांट, जिसे 2,400 मेगावाट कोयला आधारित संयंत्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए आपदा है साबित होगा। यह क्षेत्र पहले से ही काहलगाँव सुपर थर्मल पावर स्टेशन का केंद्र है, और एक और कोयला संयंत्र जोड़ने से मौजूदा प्रदूषण और बढ़ जाएगा। भागलपुर जिला भारत और दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल है ।

जनवरी 2024 में इसे भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित और विश्व में 31वां सबसे प्रदूषित शहर दर्ज किया गया। पहले से ही प्रदूषित इस क्षेत्र में कोयले का बढ़ता उपयोग वायु और जल गुणवत्ता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा, श्वसन संबंधी रोगों को बढ़ाएगा । और लाखों लोगों, विशेष रूप से सबसे संवेदनशील वर्ग के जीवन को प्रभावित करेगा ।पर्यावर्णिक आपदा में अत्यधिक वृद्धि होगी क्योंकि 10 लाख पेड़ों की कटाई की योजना है, जिसका गंगा बेसिन के पारिस्थितिकी तंत्र पर काफी प्रभाव पड़ेगा। भागलपुर गंगा के किनारे स्थित है, जो पहले से ही अत्यधिक दबाव में है।

ऐसी परियोजनाएं सीधे इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डालती हैं और उन ह्यनदी संरक्षण मिशनों की भावना का उल्लंघन करती हैं ।पीरपैंती परियोजना भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के विपरीत है, जो पेरिस समझौते, उसके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान और 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य के तहत की गई हैं।

भारत सरकार और बिहार राज्य सरकार दोनों ने नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने की बात कही है, फिर भी उनके कार्य एक विरोधाभासी और खतरनाक रास्ता दिखाते हैं, जो जीवाश्म ईंधन (ङ्क्ष२२' ।४ी'२) पर निर्भरता को और गहरा करता है। हमारी मांगें - 1.पिरपैंती थर्मल पावर परियोजना को तुरंत रद्द किया जाए*, क्योंकि यह जलवायु, पर्यावरण और सामाजिक न्याय के मानदंडों का उल्लंघन करती है ।2.अधिग्रहित भूमि को प्रभावित किसानों को लौटाया जाए* और अब तक हुए किसी भी नुकसान के लिए पूरी पुनर्वास और मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। 3.विकास के नाम पर नई कोयला परियोजनाओं जैसे झूठे समाधानों को बढ़ावा देना बंद किया जाए* - कोयला भारत के ठऊ२, नेट जीरो लक्ष्य और पेरिस समझौते के साथ असंगत है।

4.गंगा बेसिन की पारिस्थितिकी को खतरे में डालने वाली सभी परियोजनाओं को रोका जाए* - भागलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि गंभीर रूप से संकटग्रस्त नदी के किनारे स्थित जीवनरेखा क्षेत्र है ।5.पर्यावरणीय विनाश का राजनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग बंद किया जाए। चुनावों से ठीक पहले इस परियोजना को जल्दबाजी और चुपचाप तरीके से थोपने का निर्णय को उजागर कर, विरोध किया जाना चाहिए।

**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–3, पटना।**

केवल ई0 निविदा पद्वति के अुनसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
पुनः ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–62 / 2025–2026

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–3, पटना।
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :– 03.10.2025
3. परिमाण विपत्र (अपलोड / डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 29.10.2025 को 15:00 बजे तक।
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :– दिनांक–30.10.2025 को 15:30 बजे तक।
   a. विद्युत कार्यपालक अभिंयता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या– 3, पटना।
   b. विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 31.10.2025 को 3.30 बजे अपराहन तक।
6. परिमाण–विपत्र की बिक्री एवं स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।
9. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण–विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) | ई–निविदा Bid processing fee | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of Security Light inside of Boundary Wall Adarsh Kendriya Kara Beur, Patna. | 37,66,492.00 | 75,400/- | 5,000/- | As Per Online Requirement | 1 माह। |

1.विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in & state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

PR- 016737 ( B C D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–3, पटना।

चाइना ओपन 2025

## कोको गॉफ का सफर सेमीफाइनल में थमा, अमांडा एनिसिमोवा ने दी करारी शिकस्त



**बीजिंग(एजेंसी)।** अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में उनकी हमवतन और तीसरी वरीय अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें 58 मिनट के भीतर सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से मात दी।

गॉफ, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन का खिताब जीता था, इस बार अपनी लय में नजर नहीं आईं और एनिसिमोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से ताकतवर शॉट्स खेलकर मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा।

इस जीत के साथ अमांडा एनिसिमोवा ने फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

गॉफ की इस हार से टूर्नामेंट का खिताबी समीकरण और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनिसिमोवा इस समय बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दे रही हैं और फाइनल में उनके खेल पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

## रोहित शर्मा के सवाल पर अजीत अगरकर ने साफ किया -रोहित अब सिर्फ स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में खेलेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट सीरीज के बाद अब वनडे क्रिकेट में भी भारत ने नए नेतृत्व की शुरुआत की है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने टी20 और वनडे के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे के लिए शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि रोहित शर्मा अब केवल स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में ही टीम में खेलेंगे। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाया गया है या वो खुद पीछे हटे है इस पर कोइ स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन चयनकर्ता अजीत अगरकर के बयान से संकेत मिलता है कि उन्हें शायद कप्तानी से हटाया गया है। अगरकर ने कहा, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कप्तान रखना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। हमारा ध्यान आगामी टी20 विश्व कप पर है। गिल को एडजस्ट होने के लिए समय देना चाहते हैं।

### रोहित और विराट पूरी तरह फिट

अजीत अगरकर ने रोहित और विराट की फिटनेस पर भरोसा जताते हुए कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने टीम में शामिल होने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। हालांकि, दोनों 2027 वर्ल्ड कप तक खेलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान

## रोहित की जगह गिल को मिली वनडे टीम की कमान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार है। भारतीय टीम का यह दौरा 19 अक्टूबर से 8 नवंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को इस दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है।

### वनडे में शुभमन गिल को सौंपी कप्तानी

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया। इसमें सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि शुभमन गिल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है। गिल अब टेस्ट के साथ-साथ वनडे टीम के भी कप्तान होंगे। वहीं, रोहित शर्मा अब बतौर खिलाड़ी टीम में शामिल किए गए हैं। यह पहली बार है जब रोहित दिसंबर 2021 के बाद केवल बल्लेबाज की भूमिका में नजर आएंगे।

### रोहित-विराट की वापसी से बढ़ा जोश

रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को वनडे टीम में फिर से मौका दिया गया है। दोनों दिग्गज आखिरी बार 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले थे। लगभग सात महीने बाद ये दोनों स्टार खिलाड़ी टीम इंडिया की जर्सी में नजर आएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद यह भारत की पहली वनडे सीरीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि



दिसंबर 2020 के बाद टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज खेलने जा रही है।

### वनडे सीरीज से जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को मिला आराम

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस दौरे की वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। वह इस समय वेस्टइंडीज सीरीज खेल रहे हैं, इसलिए यह फैसला लिया गया। वहीं, ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर लगी चोट से उबर रहे हैं और उन्हें भी बाहर रखा गया है। हार्दिक पंड्या भी चोट के चलते टीम से बाहर हैं।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की टीमें

वनडे टीम- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**टी20 टीम-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल वनडे सीरीज

19 अक्टूबर- पहला वनडे, पर्थ
23 अक्टूबर- दूसरा वनडे, एडिलेड
25 अक्टूबर- तीसरा वनडे, सिडनी

**टी20 सीरीज**

29 अक्टूबर- पहला टी20, कैनबरा
31 अक्टूबर- दूसरा टी20, मेलबर्न
2 नवंबर- तीसरा टी20, होबार्ट
6 नवंबर-चौथा टी20, गोल्ड कोस्ट
8 नवंबर- पांचवां टी20, ब्रिसबेन

इस दौरे में शुभमन गिल की कप्तानी, रोहित और विराट की वापसी, और टीम के नए चेहरों का प्रदर्शन, सभी की निगाहों का केंद्र रहेगा।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई का बड़ा दांव, श्रेयस अय्यर को दी बड़ी जिम्मेदारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर लंबे समय बाद नीली जर्सी में वापसी करने जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई ने उन्हें न केवल टीम में शामिल किया है, बल्कि उप-कप्तानी की बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ हालिया शतक के बाद अय्यर को यह इनाम मिला है।

**शुभमन गिल के साथ अय्यर की नई भूमिका-** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है, जिसमें शुभमन गिल को कप्तान और श्रेयस अय्यर को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब अय्यर को वनडे टीम की उप-कप्तानी सौंपी गई है। पहले रोहित शर्मा वनडे कप्तान और गिल उप-कप्तान थे, लेकिन बीसीसीआई ने इस बार बड़ा फेरबदल किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर पहली बार वनडे में एक साथ खेलते नजर आएंगे।

**ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ शतक-** श्रेयस अय्यर इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए की कप्तानी कर रहे हैं। पहले अनाधिकारिक वनडे में उन्होंने 83 गेंदों में 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 110 रनों की शानदार पारी खेली, जिसके दम पर इंडिया-ए ने 171 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, दूसरे मैच में वे बल्ले से नाकाम रहे, और ऑस्ट्रेलिया-ए ने 9 विकेट से जीत हासिल की। इस सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 5 अक्टूबर को खेला जाएगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन-** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों की 5 पारियों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वे दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रदर्शन ने उनकी वनडे टीम में वापसी का रास्ता साफ किया।

**अय्यर का वनडे करियर-**श्रेयस अय्यर ने अब तक भारत के लिए 70 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 65 पारियों में 48.22 की शानदार औसत से 2,845 रन बनाए हैं। उनके



नाम 5 शतक और 22 अर्धशतक दर्ज हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ हालिया प्रदर्शन ने उन्हें बीसीसीआई की नजर में और मजबूत किया है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे का महत्व-**19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह दौरा चैंपियंस ट्रॉफी की सफलता को आगे बढ़ाने और टीम के नए नेतृत्व को परखने का मौका देगा। अय्यर की उप-कप्तानी और गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है।

## अहमदाबाद टेस्ट में टीम इंडिया की शानदार जीत, वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेहमान टीम को पारी और 140 रनों से करारी शिकस्त दी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रवींद्र जडेजा ने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने शानदार शतक जड़ने के साथ-साथ वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में चार महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए। दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।



**भारत की पहली पारी में विशाल स्कोर-**भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की। इस स्कोर में रवींद्र जडेजा के शतक ने अहम भूमिका निभाई। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी महज 162 रनों पर सिमट गई, जिससे भारत को 286 रनों की विशाल बढ़त हासिल हुई।

### वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में भी लचर प्रदर्शन

खेल के तीसरे दिन (4 अक्टूबर) लंच के बाद वेस्टइंडीज की दूसरी पारी केवल 146 रनों पर ढेर हो गई। मेहमान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 50 रन के अंदर ही उनके पांच विकेट गिर चुके थे। रवींद्र जडेजा ने जॉन कैम्पबेल (14 रन), ब्रैंडन किंग (5 रन) और शाई होप (1 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (8 रन) को आउट किया, जबकि चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कप्तान रोस्टन चेज को सस्ते में निपटाया।

पांच विकेट गिरने के बाद एलिक अथानाज (38 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (25 रन) ने छठे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की, जो वेस्टइंडीज की पारी में सबसे बड़ी साझेदारी रही। हालांकि, इस साझेदारी के टूटते ही वेस्टइंडीज की हार तय हो गई।

## केएल राहुल का अनोखा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट के 148 साल में पहली बार हुआ एसा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन 11वां टेस्ट शतक जड़ा और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की। राहुल ने घरेलू मैदान पर 197 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 100 रन बनाए और शतक पूरा होते ही आउट हो गए।



इस पारी के साथ राहुल टेस्ट क्रिकेट के 148 साल में पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने एक ही कैलेंडर वर्ष में दो बार 100 रन पर आउट होने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले जुलाई में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में 100 रन बनाए थे। कुल मिलाकर, राहुल अब ऐसे सातवें खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने टेस्ट करियर में दो बार 100 रन पर आउट हुए।

यह शतक राहुल के लिए व्यक्तिगत तौर पर भी खास था। उन्होंने बताया कि यह जश्न उन्होंने अपनी बेटी के लिए मनाया। राहुल ने कहा, पिछले 5-6 हफ्तों से मैदान पर नहीं था, इसलिए वापस खेल की लय में आना, रन बनाना और लगातार 4-5 दिन खेलना शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। यह शतक मेरे परिवार और बेटी के लिए खास है।

भारत ने वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटी और फिर ध्रुव जुरेल (125) और रविंद्र जडेजा (104)* के शतकों की मदद से पांच विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की। इस तरह भारत ने 286 रन की बढ़त हासिल की और मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया।

राहुल के शतक और जडेजा-जुरेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अब वेस्टइंडीज़ को मुकाबला पलटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

महिला वर्ल्ड कप

## आज पाकिस्तान के खिलाफ भारत आजमाएगा अपनी ताकत

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमें इस रविवार वनडे विश्व कप 2025 में आमने-सामने होंगी। पिछले तीन रविवार को पुरुष टीमों के नाटकीय मुकाबलों के बाद अब यह मुकाबला कौशल के साथ भावनाओं की जंग भी होगा। भारत का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मुकाबले बेहद मजबूत है । दोनों टीमों ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27 मुकाबले खेले, जिनमें भारत ने 24 और पाकिस्तान ने केवल 3 जीते हैं। वनडे में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 में से सभी मैच जीते हैं।

भारत ने टूर्नामेंट में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया, जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। भारत की नजर अब नेट रनरेट बेहतर करने पर है, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण में निर्णायक हो सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। पहले मैच में छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने 47 ओवर में 250 से अधिक रन बनाए।

भारत की ताकत उसकी बल्कि मजबूत बल्लेबाजी है, लेकिन पाकिस्तान जैसी टीम के खिलाफ बल्लेबाजों को और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी



रही, पहले मैच में उसके बल्लेबाज पूरी तरह संघर्ष में रहे। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन स्कोर छोटा रहा।

### टीमें

भारत- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

पाकिस्तान- फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरूब शाह।

## संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मेरा ध्यान मानसिक मजबूती पर : तीरंदाज दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चार बार की ओलंपियन तीरंदाज दीपिका कुमारी ने संन्यास की योजनाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व के लक्ष्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के समय दीपिका की उम्र 34 साल हो जायेगी। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि यह ओलंपिक में उनके लिए आखिरी मौका होगा ऐसे में उनकी मानसिकता 'करो या मरो' की होगी।



दीपिका ने यहां तीरंदाजी प्रीमियर लीग के शुरुआती दिन कहा, 'यह मेरे करियर का अंतिम चरण नहीं है। मैंने अभी इस बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी मौजूदा ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस

अनुभवी तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे पहले भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अक्सर मानसिक रूप से परेशानी होती रही है, जिसकी वजह से परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आते थे। उन्होंने कहा, 'मैं विभिन्न तरह की परिस्थितियों को मन में सोच कर अभ्यास कर रही हूं, मानसिक प्रशिक्षण ले रहा हूं। मैं हर समय इस खेल के बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 05 अक्टूबर 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिले में 13 हजार करोड़ रुपये की 15 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# सभी क्षेत्रों में हो रहा विकास का काम, जो भी कमियां होंगी उसे दूर किया जाएगा:नीतीश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले के जमालपुर स्थित जेएसए ग्राउंड से करीब 13 हजार करोड़ रुपये लागत की 15 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें प्रगति यात्रा-2025 के दौरान घोषित योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत 4849.83 करोड़ रुपये की लागत से सुलतानगंज-भागलपुर-सबौर तक (कुल लंबाई 41.33 किलोमीटर) गंगा पथ परियोजना एच०ए०एम० मॉडल पर निर्माण कार्य, 5119.80 करोड़ रुपये की लागत से मुंगेर (सफियाबाद)-बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज (कुल लंबाई 42 किलोमीटर) गंगा पथ परियोजना एचएएम मॉलड पर निर्माण कार्य, 21.10 करोड़ रुपये की लागत से ऋषिकुंड पर्यटन स्थल का समग्र विकास, 3.76 करोड़ रुपये की लागत से कष्टहरणी घाट का सौंदर्याकरण, 48.80 करोड़ रुपये की लागत से वासुदेवपुर चौराहा से आई०टी०सी० पार्क चंडी स्थान होते हुए नया गॉव तक पथ तथा किला क्षेत्र अंतर्गत पथों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 3.18 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम कार्यालय से शास्त्री चौक (भाया जुबलीवेल, काली तजिया, जेपी चौक) तक सड़क मार्ग, 5.47 करोड़ रुपये की लागत से कोर्णाक चौक से अंबे चौक, शाहजुबैर रोड, पूरबसराय तीनबटिया, मुंगेर रेलवे स्टेशन होते हुए शास्त्री चौक तक पथ निर्माण, 121.98 करोड़ रुपये की लागत से बिहार योग विश्वविद्यालय से एनएच 333 बी तक फोरलेन रिंग रोड एवं पहुंच पथ का निर्माण, 1866.11 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ अवधि में गंगा नदी के अधिशेष जल को बदुआ तथा खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य, 42.27 करोड़ रुपये की लागत से बदुआ जलाशय के बायां मुख्य नहर के खैराती खां वितरणी के अधीन चौरा उप वितरणी, कमरगामा डांड, फसुना डांड एवं गाजीपुर डांड का पुनर्स्थापना एवं लाइनिंग कार्य, 30.74 करोड़ रुपये की लागत से असरगंज प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण, 30.74 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण, 14. 52 करोड़ रुपये की लागत से असरगंज में नए महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) की स्थापना, 534. 53 करोड़ रुपये की लागत से सुलतानगंज-तारापुर-संग्रामपुर, बेलहर कटोरिया-चंदन-दर्दमारा बॉर्डर 0.00 से 40.00 किलोमीटर (एस०एच०-22) पथ का चौड़ीकरण (4 लेन) एवं मजबूतीकरण कार्य सहित अन्य योजनाएं शामिल है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारियों एवं अन्य लाभुकों ने मानदेय एवं पेंशन में बढ़ोतरी किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत जमालपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाले 250 करोड़ रुपये की लागत से मदर डेयरी के मुंगेर डेयरी संयंत्र का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम से पूर्व जमालपुर औद्योगिक क्षेत्र में मदर डेयरी के मुंगेर डेयरी संयंत्र के भूमि पूजन में मुख्यमंत्री शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के बीच मिल्क पैकेट वितरित कर गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

### खड़गपुर झील का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधाओं का विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 फरवरी 2025 को प्रगति यात्रा के दौरान हम यहां विकास कार्यों की स्थिति को देखने आए थे। उस समय यहां कुछ कमियों के बारे में जानकारी मिली थी जिसको ध्यान में रखते हुए 10 योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जिसपर काम चल रहा है। इनमें ऋषिकुंड पर्यटन स्थल का समग्र विकास, कष्टहरणी घाट का सौंदर्याकरण, बाढ़ अवधि में गंगा नदी के अधिशेष जल को बदुआ तथा खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य, असरगंज प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण, जमालपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण, असरगंज में नए महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) आदि की स्थापना कराई जाएगी। जमालपुर विधानसभा में विकास के अनेक काम कराए गए हैं। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कई पथों पुलों एवं सड़कों का चौड़ीकरण कराया गया है। यहां 392 ग्रामीण सड़कों, 17 पुलों, 1 ग्रिड उपकेन्द्र, 2 विद्युत उपकेंद्र, 10 कृषि फीडर का निर्माण कराया जा चुका है। खड़गपुर झील का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कराया गया है। पहले बिहार में डर एवं भय का माहौल था। अब यहां कानून का राज कायम है। हमलोगों ने सभी क्षेत्रों में विकास से अनेक काम कराए हैं। जो भी कमियां होंगी उसे दूर किया जाएगा। देश की प्रगति में बिहार अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र से मिल रही मदद और आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा। आप सभी से हम कहेंगे कि आप लोग एनडीए का सहयोग करिए। आपके उत्थान के लिए हमलोग काम करते रहेंगे।

कार्यक्रम को केंद्रीय पंचायती राज व मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं एनडीडीबी एवं मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष मीनेश शाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पंचायती राज व मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधायक राजीव कुमार सिंह, विधायक प्रणव कुमार, विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता, पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयालक्ष्मी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार की अपर सचिव वर्षा जोशी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुदकलकुट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम के चेयरमैन शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार फिर बनेगा ज्ञान का केंद्र : सम्राट

### बोलें- पीएम मोदी ने बिहार के युवाओं को दिया सौगात

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं के शुभारंभ के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहार को दी गई योजनाएं, राज्य के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की एनडीए सरकार निरंतर विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन युवाओं के स्वावलंबी और सशक्त भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। यह देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जो उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से उच्च कौशल संपन्न कार्यबल तैयार करेगा। इसके साथ ही पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय (मधेपुरा), जयप्रकाश विश्वविद्यालय (छपरा) और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय (पटना) में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधा और एनआईटी पटना (बिहटा कैंपस) के लोकार्पण के बाद बिहार एकबार फिर ज्ञान का केंद्र बनने के लिए तैयार है। श्री चौधरी ने कहा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में युवाओं के हित में लगातार काम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुनर्निर्मित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया, इसके तहत विद्यार्थियों को अब 14 लाख रुपये तक ब्याज-मुक्त शिक्षा ऋण मिलेगा। इसके साथ ही वर्ग 9-10 के 25 लाख विद्यार्थियों को 450 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। साथ ही ह्यबिहार युवा आयोगह्ल का गठन किया गया ताकि राज्य के युवा अपनी आवाज नीतिगत स्तर पर उठा सकें। नवीनीकृत मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना से प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख युवाओं को दो वर्षों तक 1,000 रुपये तक मासिक भत्ता मिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा- दो-ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में 19 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और 10 लाख पक्की सरकारी नौकरियों की उपलब्धि इस परिवर्तन का प्रमाण हैं।

# निर्माण श्रमिक से सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

### श्रम संसाधन विभाग ने पटना के साइबर थाना में दर्ज कराई शिकायत

- श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर की गई त्वरित कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत पंजीकृत एक निर्माण श्रमिक से वस्त्र सहायता योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में विभाग की ओर से पटना के साइबर थाना में आधिकारिक शिकायत दर्ज करा दी गई है। यह मामला रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड के ग्राम बरताली कला निवासी कामेश्वर सिंह के पुत्र शैलेश कुमार से जुड़ा है, जो श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत एक निबंधित निर्माण श्रमिक हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने शैलेश कुमार को फोन कर यह कहते हुए ठगी की है कि उन्हें श्रम संसाधन विभाग की वस्त्र सहायता योजना के तहत राशि दिलाई जाएगी। लेकिन इसके लिए उन्हें एक हजार रुपए की फीस देनी होगी। इसके बाद उस व्यक्ति ने श्रमिक के वाट्स एप्प नंबर पर एक बैंक खाते का क्यूआर कोड भेजकर भुगतान करने को कहा गया। श्रमिक ने विश्वास में आकर 500 रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी। लेकिन बाद में जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को इसकी सूचना दी और ठगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। उल्लेखनीय है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा हाल ही में लगभग 16 लाख निबंधित निर्माण श्रमिकों को पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा प्रदान की गई थी। यह राशि वस्त्र सहायता योजना के तहत दी गई है, जिसके लिए किसी भी प्रकार की फीस या अतिरिक्त भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मंत्री के निर्देश पर विभागीय सचिव दीपक आनंद ने न केवल पटना के साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई बल्कि संबंधित बोर्ड के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए और ठगी गई राशि की वसूली भी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, दीपक आनंद ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए निर्माण श्रमिकों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की किसी भी योजना के तहत किसी निबंधित श्रमिक से पैसे की मांग नहीं की जाती है। इस तरह की ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## बिहार में 19 केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी स्वागत योग्य कदम : रालोमो

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार को 19 नये केन्द्रीय विद्यालय की सौगात देने पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया है। साथ ही साथ बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने सभी विद्यालयों के लिए बिहार सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बिहार में 19 नये केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की केंद्र का निर्णय भारत सरकार के पूर्व मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री सह रालोमो सुप्रीमो व सांसद उपेंद्र कुशवाहा के शिक्षा में सुधार कार्यक्रम की देन है। श्री सिन्हा ने बताया कि जब उपेंद्र कुशवाहा सरकार में मंत्री थे उसी समय से बिहार में ज्यादा से ज्यादा केंद्रीय विद्यालय खुले,यह उनकी पहली प्राथमिकता थी। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने देश भर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी है।

## बिहार को विकसित राज्य बनाने में अपना सब कुछ लगायेंगे : प्रशांत

पटना। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शनिवार को पार्टी के पहले स्थापना दिवस समारोह में कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से वह बिहार की जनता से लगातार संपर्क में हैं और भविष्य में अपनी सारी बुद्धि और शक्ति बिहार को विकसित राज्य बनाने में झोंक देंगे।स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आज बेली रोड स्थित शेखपुरा हाउस में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद और राज्य कोर कमिटी के सदस्य, सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे। जन सुराज पार्टी का पहला स्थापना दिवस समारोह दो अक्टूबर को आयोजित किया जाना था, लेकिन दशहरा की वजह से इसे चार अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर की सोच ने बिहार में तीन साल प्रयास के बाद ऐसी व्यवस्था खड़ी कर दी है।

### संजय गांधी जैविक उद्यान में घड़ियाल संरक्षण पर समझौता ज्ञापन समारोह आयोजित

# बेतिया में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना होगी

### गंडक नदी में घड़ियालों की संख्या बढ़कर हुई 372 से अधिक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। वन्यप्राणी सप्ताह 2025 के तीसरे दिन शनिवार को संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना में घड़ियाल संरक्षण पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें घड़ियाल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर वन विभाग एवं हळक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह कार्यक्रम जैविक उद्यान के थ्री डी थिएटर हॉल में संपन्न हुआ, जिसकी शुरूआत अभय कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण सह मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, बिहार के स्वागत संबोधन से हुई। इस अवसर पर प्रधान सचिव आनंद किशोर ने कहा कि बिहार सरकार वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक नया उदाहरण प्रस्तुत करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि संजय गांधी जैविक उद्यान घड़ियाल संरक्षण में देश और दुनिया में दूसरे स्थान पर है और विभाग इसे शीर्ष पर लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक अभय कुमार ने कहा कि बेतिया में इनक्यूबेशन सेंटर कम इंटरप्रिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में गंडक नदी में 50 से भी कम घड़ियाल थे, लेकिन पटना जू से 30 घड़ियालों के पुनर्वास के बाद आज उनकी संख्या 372 से अधिक हो चुकी है। इस समझौता ज्ञापन से इनक्यूबेशन सेंटर कम कंजर्वेशन सेंटर स्थापित होगा, जो घड़ियाल संरक्षण को नई दिशा देगा। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिय के निदेशक एवं चीफ इकोलॉजिस्ट डॉ. समीर सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि घड़ियाल संरक्षण के क्षेत्र में गंडक नदी अब चंबल के बाद दूसरे स्थान पर है, जो बिहार के लिए गर्व की बात है। वहीं, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) पी के गुप्ता ने बताया कि जल्द ही चिड़ियाघर की नेचर लाइब्रेरी में पूर्व मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक स्व. एस.पी. शाही की किताब रखी जाएगी, जिसमें घड़ियाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि गंडक के अलावा कोसी, महानंदा और सोन नदी में भी संरक्षण की अपार संभावनाएँ हैं और लक्ष्य है कि बिहार गंडक नदी को देश में प्रथम स्थान दिलाए। कार्यक्रम का समापन जू निदेशक श्री हेमंत पाटिल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि हर वर्ष पटना जू में औसतन 80-85 घड़ियाल शिशु जन्म लेते हैं, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 91 हो गई है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के पहले कुलपति होंगे दीपक आनन्द

### श्रम आयुक्त राजेश भारती इस विश्वविद्यालय के पहले रजिस्ट्रार नियुक्त

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार में युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य के पहले कौशल विश्वविद्यालय जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना का एलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन से युवा संवाद और कौशल दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन संबोधित किया। इस कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना बिहार में युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से की गई है। इसके लिए बिहार सरकार ने अपनी आधिकारिक अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है। अधिनियम- 2025 की धारा-11 के प्रावधानों के तहत श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद को इस विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्य के श्रम आयुक्त राजेश भारती को जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का का रजिस्ट्रार नियुक्त करने की अधिसूचना भी पहले ही जारी कर दी गई है।

प्रारंभिक स्तर पर इसका संचालन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान से किया जाएगा। गौरतलब है कि बिहार विधानमंडल ने सर्वसम्मति से जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक-2025 को स्वीकृति दी गई थी। यह विश्वविद्यालय राज्य में चल रहे सात निश्चय पार्ट-1 और पार्ट-2 के कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करेगा। बदलते वैश्विक बाजार और तेजी से बदलते रोजगार क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, अब उन्नत और प्रासंगिक पाठ्यक्रमों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में श्रम संसाधन विभाग के द्वारा इस विवि की स्थापना की गई है। यह विश्वविद्यालय युवाओं को न केवल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा, बल्कि उद्यमशीलता, व्यावसायिक शिक्षा, शोध और नवाचार से जुड़े कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देगा। साथ ही, पूरे राज्य में कौशल विकास से जुड़े संस्थानों को संबद्धता भी इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार का मानना है कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से बिहार के युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

आवश्यक सूचना

भू-लगान पोर्टल से सम्बद्ध पेमेंट गेटवे में आई तकनीकी समस्या के कारण भू-लगान भुगतान प्रक्रिया बाधित है। अगर आपके द्वारा पूर्व में भुगतान किया गया है तथा आपकी रशीद निर्गत नहीं की गई है तो कृपया पूर्व में की गई भुगतान की स्थिति स्पष्ट होने तक दुबारा भुगतान न करें।



नोट: अगर आपके बैंक अकाउंट से पैसा कट गया है तो तकनीकी समस्या का समाधान होने के पश्चात आपको रशीद निर्गत कर दी जाएगी।

अपडेट रहने के लिए हमारे सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
PR No.- 016808 (Revenue)D. 2025-26

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9334542496